WWW.NAVPRADESH.COM
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, सोमवार, 23 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 310 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

मोहब्बत और अदावत की तरह ही सियासत में भी सब कुछ जायज माना जाता है। जानी दुश्मन भी जिगरी दोस्त बन जाते हैं, बशर्ते उनके स्वार्थ की पूर्ति हो। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शरद पवार और उद्धव ठाकरे को वहां की जनता ने बुरी तरह से नकार दिया है। दोनों बेचारे बिना सहारे हो गये हैं और बिन ताले की चाबी लेकर मारे मारे फिर रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से और शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की है। दोनों नई संभावना तलाश रहे हैं लेकिन लगता नहीं कि उनकी दाल गलेगी।

कांग्रेस के आंबेडकर मार्च पर सीएम साय का तंज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के आंबेडकर मार्च पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तंज कसते हुए कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को जो सम्मान भाजपा पार्टी ने दिया है, वह दुनिया देख रही है? कांग्रेस ने क्या किया, यह देश जानता है। कांग्रेस के कहने का कोई मतलब नहीं है।

दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि दिल्ली में इन्वेस्टर्स कनेक्ट का कार्यक्रम रखा गया है। देश के उद्योगपतियों से मुलाक़ात और बात होगी। छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति के विषय में बताएंगे। छत्तीसगढ़ में इन्वेस्ट करने का आग्रह करेंगे।

कांग्रेस ने क्या किया है, जानती है देश की जनता

भाजपा की संविधान और दलित विरोधी मानसिकता उजागर : फूलोदेवी नेताम

संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाबा साहेब आंबेडकर पर दिए बयान पर कांग्रेस ने गृहमंत्री से इस्तीफा देने की मांग की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान का वीडियो दिखाते हुए राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्षा फूलोदेवी नेताम ने प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार पर हमला बोला।

फूलोदेवी नेताम ने कहा, नेताप्रतिपक्ष और खड़गे जी ने संविधान पर चर्चा करने के लिए पत्र लिखा. बीजेपी ने संविधान की चर्चा को शर्मनाक राजनैतिक संवाद में बदल दिया। भाजपा ने कांग्रेस के नेताओं को बदनाम करने का काम किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब का अपमान किया. इसके बाद भी बीजेपी के नेता ऐसे बयानों का बचाव कर रहे हैं। इससे बीजेपी की संविधान और दलित विरोधी मानसिकता उजागर होती है। नेताम ने कहा, जब तक माफी नहीं मांगेंगे और इस्तीफा नहीं देंगे, तब तक ये मांग जारी रहेगी।

क्रिसमस समारोह में भाग लेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राजधानी दिल्ली में कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) द्वारा आयोजित क्रिसमस समारोह में शामिल होंगे। रविवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। यह समारोह सीबीसीआई के मुख्यालय में होगा। विज्ञप्ति में बताया गया कि ऐसा पहली बार होगा जब कोई प्रधानमंत्री भारत में कैथोलिक चर्च के मुख्यालय में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान पीएम मोदी कार्डिनल बिशप समेत ईसाई समुदाय के प्रमुख नेताओं से भी बातचीत कर सकते हैं।

राहुल गांधी आज परभणी का करेंगे दौरा

नई दिल्ली(ए.)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को महाराष्ट्र के परभणी शहर का दौरा करेंगे। इसके दौरान वह इस महीने की शुरुआत में हुई हिंसा में मारे गए दो लोगों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। हालांकि राहुल गांधी के इस दौरे को भाजपा ने नाटक करार दिया है। 10 दिसंबर की शाम को मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित इस शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिसके बाद परभणी में हिंसा भड़क उठी थी।

हिन्दुस्तान जिंक शीर्ष 50 ग्रेट प्रबंधक कंपनियों में शामिल

उदयपुर (वार्ता)। देश की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड को वर्ष 2024 के लिए भारत में ग्रेट मैनेजर की शीर्ष 50 कंपनियों में स्थान मिला है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक अरुण मिश्रा ने बताया कि पीपल बिजनेस कंसल्टिंग द्वारा प्रदान की गई। यह मान्यता, समान अवसर प्रदान करने वाले नियोक्ता के रूप में हिंदुस्तान जिंक की स्थिति को और मजबूत करती है, जो उच्च प्रदर्शन वाले संस्थान के निर्माण के लिए कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनियों के लिए ग्रेट मैनेजर्स पुरस्कार सबसे प्रशंसित पुरस्कारों में से एक है, जो संगठनों को उद्योग में बेंचमार्क करने में सक्षम बनाता है।

महाकुंभ में 20 जनवरी को देशभर के महापौर करेंगे शिरकत

प्रयागराज / (वार्ता)। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ में 20 जनवरी को देशभर के महापौर शिरकत करेंगे। प्रयागराज के महापौर उमेशचंद्र गणेश केसरवानी ने रविवार को बताया कि वह पिछले दिनों जयपुर में तीन दिवसीय अखिल भारतीय मेयर समिट में हिस्सा लेने गए थे। समिट में ही केसरवानी ने देश के अलग-अलग शहरों से आए महापौरों को महाकुंभ में भाग लेने के लिए न्योता दिया। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक महाकुंभ की विशेषता पर बोलते हुए राजस्थान के आम लोगों को महाकुंभ के आध्यात्मिक महात्म को समझने के लिए प्रयागराज आने को आमंत्रित किया। केसरवानी ने बताया कि समिट में राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा और नगर विकास मंत्री झाबर सिंह भी उपस्थित थे।

बंटोगे तो लुटोगे, राकेश टिकैत ने दिया एकजुट रहने का मंत्र

एटा (ए.)। एटा के मारहरा रोड पर शनिवार को किसान महापंचायत में आए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने हक की लड़ाई के लिए किसानों को एकजुट रहने का मंत्र दिया। कहा कि बंटोगे तो लुटोगे। केंद्र व प्रदेश की सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन आय दोगुनी नहीं हुई। कर्ज जरूर दोगुना हो गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संसद परिसर में धक्का-मुक्की मामले को लेकर कहा कि देश के इतिहास में यह पहली घटना हुई है कि तहरीर के आधार पर एक बड़े नेता पर रिपोर्ट दर्ज की गई। इससे संसद की गरिमा को गिराने का कार्य हुआ है।

पीएम मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च सम्मान

द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से नवाजे गए भारतीय प्रधानमंत्री

कुवैत(ए.)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत यात्रा के अंतिम दिन रविवार (22 दिसंबर 2024) को बायन पैलेस में गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कुवैत ने पीएम मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से सम्मानित किया। यह किसी देश की ओर से पीएम मोदी को दिया गया 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। यह ऑर्डर मित्रता के प्रतीक के रूप में राष्ट्राध्यक्षों। विदेशी संप्रभुओं और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। इससे पहले बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को प्रदान किया जा चुका है। पीएम इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते भी होने वाले हैं। भारत सरकार खाड़ी देशों के साथ रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। पीएम मोदी ने कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के साथ वार्ता की, जिसमें विशेष रूप से व्यापार, निवेश और ऊर्जा के क्षेत्रों में भारत-कुवैत संबंधों को नई गति प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

स्वागत, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रविवार को कुवैत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने की कुवैत के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री से मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा से मुलाकात की। मोदी ने इस वर्ष सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र के इतर क्राउन प्रिंस के साथ अपनी मुलाकात को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कुवैत के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है। दोनों नेताओं ने स्वीकार किया कि द्विपक्षीय संबंध अच्छी तरह से आगे बढ़ रहे हैं और उन्होंने संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर तक बढ़ाने का स्वागत किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर दोनों पक्षों के बीच घनिष्ठ समन्वय पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि कुवैत की अध्यक्षता में भारत-जीसीसी संबंध और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने कुवैत के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि पर भारत आने

देशवासियों के लिए गर्व का पलः साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हम सभी देशवासियों के लिए गर्व का पल है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द आर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से विभूषित किया गया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और दूरदृष्टि पर वैश्विक विश्वास का प्रतीक है, जो अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की मजबूती के साथ-साथ विश्व पटल पर भारत के बढ़ते प्रभाव का साक्षी है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत को इंगित करता यह सम्मान 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। मोदी जी के नेतृत्व में यही है नए दौर का नया भारत।

शाह ने त्रिपुरा में 668 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ किया

नयी दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को त्रिपुरा के धलाई में 668 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ और शिलान्यास किया। शाह ने धलाई में ब्रू समुदाय की एक बस्ती में लोगों के साथ मुलाकात की और संवाद किया। इस अवसर पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो (डॉ.) माणिक साहा, केन्द्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक और पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो के महानिदेशक भी उपस्थित थे। गृह मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 38 हज़ार ब्रू रियांग लोगों को बसाया है। उन्होंने कहा कि लगभग 25 साल से बेहद खराब परिस्थितियों में जीवन जी रहे ब्रू रियांग भाईयों-बहनों को पानी, शौचालय, बिजली, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं तक प्राप्त नहीं थी। यहाँ लंबे समय तक शासन करने वालों को ब्रू रियांग लोगों का दर्द कभी नहीं दिखाई दिया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन लोगों के दर्द को देखा, समझा और दूर किया। उन्होंने कहा कि जब त्रिपुरा में परिवर्तन हुआ और उनकी पार्टी की सरकार बनी, तब केन्द्र में भी मोदी सरकार थी। उस वक्त हुए समझौते के कारण 40 हज़ार लोगों के बसने, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, शुद्ध पेयजल, शौचालय और महिलाओं के लिए सहकारिता की व्यवस्था करने का काम हुआ। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में ऐसी कई योजनाएं बनती थीं, लेकिन कभी जमीन पर नहीं उतरती थीं।

शाह ने कहा कि 1998 से बदतर जीवन जी रहे ब्रू रियांग भाईयों-बहनों के लिए मोदी सरकार ने योजना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमित कटारिया को भी मिली अहम जिम्मेदारी

■ सीएम के सचिव बने मुकेश बंसल

रायपुर/नवप्रदेश । आईएएस सुबोध कुमार सिंह को मुख्यमंत्री सचिवालय में प्रमुख सचिव बनाये जाने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने फिर एक अहम नियुक्ति की है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटने के बाद आईएएस अमित कटारिया को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का सचिव बनाया गया है। वहीं आईएएस मुकेश बंसल को मुख्यमंत्री का सचिव नियुक्त किया गया है। बंसल अपने वर्तमान दायित्वों के साथ नई जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

कटरिया के पदभार संभालने के साथ ही आईएएस मनोज कुमार पिंगुआ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग में अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त पदभार से मुक्त कर दिये जायेंगे। इससे पहले आईएएस सुबोध सिंह के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव बनाया गया था। अब मुकेश बंसल की नियुक्ति सचिव के रूप में हुई है। इससे पूर्व सीएम सचिवालय में राहुल भगत, पी दयानंद और बसव राजू मुख्यमंत्री के सचिव के रूप में कार्यरत हैं। सीएम विष्णुदेव साय ने सुबोध सिंह और मुकेश बंसल की नियुक्ति करते हुए अपने सचिवालय को काफी मजबूत कर लिया है। सुबोध सिंह और मुकेश बंसल अपने बेहतर कार्य करने की वजह से जाने जाते हैं। वो पहले भी प्रदेश में अहम जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में गेम चेंजर साबित होगा 2100 का फैसला

■ प्रियंका कक्कड़ का बड़ा दावा

नई दिल्ली (ए.)। आम आदमी पार्टी की प्रमुख राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने हमेशा महिलाओं और बुजुर्गों के लिए गेम चेंजर योजनाएं लाने का काम किया है। महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने देने का फैसला महिलाओं को सशक्त करेगा। यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में गेम चेंजर साबित होगा। प्रियंका कक्कड़ ने आगे कहा, इसी तरह साठ साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य योजना भी बहुत अच्छा फैसला है। आम आदमी पार्टी की अहम योजनाओं में से एक है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर देश में लगातार 10 साल से किसी ने मुनाफे का बजट पेश किया तो वो अरविंद केजरीवाल की सरकार है. लोगों को लगातार 200 यूनिट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केजरीवाल घर-घर जाकर खुद देंगे रजिस्ट्रेशन कार्ड

उन्होंने ये बताया कि सोमवार को आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया खुद इस योजना का हिस्सा बनने के लिए जरूरी मासिक रजिस्ट्रेशन कार्ड घर—घर जाकर महिलाओं को देंगे।

भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को रिकार्ड 211 रनों से हराया

वडोदरा (वार्ता)। स्मृति मंधाना (91), हरलीन देओल (44) और प्रतिका रावल (40) की शानदार बल्लेबाजी के बाद रेणुका सिंह (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकार्ड 211 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में 1-0से बढ़त बना ली हैं।

भारत के 314 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 11 के स्कोर अपने चार विकेट गवां दिये। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और किआना जोसेफ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गई। डिएंड्रा डॉटिन (आठ) और रशादा विलियम्स (तीन) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद शमैन कैंपबेल और आलिया ऑलेन ने पारी संभालने का प्रयास किया।

भारत की ताकत ने अमेरिका को किया मजबूर, बदला कानून

नई दिल्ली (ए.)। पूरी दुनिया में आज भारत की ताकत और इसकी क्षमता का डंका बज रहा है। विश्व के सभी देश आज भारत की ताकत का लोहा मान रही है। वहीं, दुनिया का सबसे बड़ा सुपर पावर कहा जाने वाला संयुक्त राज्य अमेरिका भी भारत से दोस्ती निभाने के लिए अपने कानून में बदलाव किया है. मिसाइल टेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की ताकत और क्षमता ने अमेरिका को मजबूर कर दिया है कि वह अपने पुराने कानून को भारत के पक्ष में ढाल दे। दरअसल, अमेरिकी प्रशासन ने हाल ही में एक फैसला लिया है। व्हाइट हाउस की प्रिंसिपल डिप्टी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर जॉन फाइनर ने ये घोषणा की है कि अमेरिका अपनी मिसाइल टेक्नोलॉजी कंट्रोल रेजीम के तहत निर्यात नियंत्रण नीतियों में बदलाव कर रहा है। अमेरिकी कानून में इस बदलाव का उद्देश्य भारत और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सशक्त संबंध ...

पीआरएसआई के 46 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए देशभर के 200 जनसंपर्क विशेषज्ञ

संवाद से संकटों के हल खोजना भारत की विशेषता : संजय द्विवेदी

रायपुर /नवप्रदेश। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी), नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक प्रो.(डॉ.) संजय द्विवेदी का कहना है कि भारत ने संवाद से संकटों का हल खोजने की अनोखी विधि विकसित की थी। हमारी परंपरा में संवाद कभी व्यवसाय का विषय नहीं था, उसका उद्देश्य लोक मंगल ही रहा है। वे यहां 46वें राष्ट्रीय जनसंपर्क सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित सत्र को अध्यक्ष की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन वैचारिक कुंभ के समान है, जिसमें विचारों का आदान-प्रदान और ज्ञान को साझा किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क संवाद युक्त समाज का निर्माण करता है, जो समाज में समझ और सहयोग को बढ़ाता है। इसके माध्यम से हम लोगों के बीच सामंजस्य और सशक्त संबंध स्थापित करते हैं। प्रो. द्विवेदी ने यह उल्लेख किया कि सभ्यता के इतिहास में हम विश्व के पहले कहानीकार(स्टोरी टेलर) हैं, हमारी कहानियां ना केवल मनोरंजन का साधन होती थीं, बल्कि समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी प्रकट करती थीं। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की विशेषता बताते हुए कहा कि हम पेटेंटवादी नहीं हैं, बल्कि हमारा ज्ञान और विरासत मानवता की भलाई के लिए है। इस प्रकार, जनसंपर्क सम्मेलन में भारतीय समाज की सामूहिकता और ज्ञान के महत्व को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है।

पहले तकनीकी सत्र में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार विश्वेष ठाकरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनसंपर्क में विनम्रता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि यह संवाद को सकारात्मक और प्रभावी बनाता है। पत्रकारिता में तटस्थता की आवश्यकता इसलिए है। ताकि जानकारी सही, निष्पक्ष और बिना किसी पक्षपाती नजरिए के प्रस्तुत की जा सके। इस तरह से समाज में विश्वास और सामंजस्य बनाए रखा जा सकता है। कार्यक्रम में पीआईएसआई के अध्यक्ष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्पष्ट और प्रभावी संचार आवश्यक

आजकल सोशल मीडिया एक प्रमुख प्लेटफॉर्म बन गया है, जहां लोग जल्दी और व्यापक रूप से संवाद करते हैं। यह जनसंपर्क और संचार के क्षेत्र में एक शक्तिशाली उपकरण बन चुका है, जो कंपनियों, संगठनों और व्यक्तियों को अपने संदेशों को बड़े पैमाने पर फैलाने में मदद करता है। उन्होने बताया कि संचार ही संबंध की रीढ़ है, किसी भी प्रकार के संबंध का मूल आधार है। चाहे व्यक्तिगत संबंध हों या पेशेवर, किसी भी प्रकार के संबंध में स्पष्ट और प्रभावी संचार आवश्यक होता है।

अगले प्रक्षेपण में एक नहीं, बल्कि तीन जैविक प्रयोग किए जाएंगे

नई दिल्ली(ए.)। भारत पहली बार एक स्वदेशी रॉकेट का उपयोग करके अंतरिक्ष में जैविक प्रयोग कर रहा है। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के अगले प्रक्षेपण में एक नहीं, बल्कि तीन जैविक प्रयोग किए जाएंगे। इनमें जीवित कोशिकाओं को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया जाएगा। अंतरिक्ष के बेहद चुनौतीपूर्ण माहौल में इन चीजों को जिंदा रखना एक बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। जिन जैविक सामानों को पीएसएलवी के जरिए भेजा जाएगा, उनमें पालक, लोबिया और गट बैक्टीरिया जैसी चीजें शामिल हैं। इसरो ने इसे पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल-4 (पोएम -4) नाम दिया है। इस तरह कहा जा सकता है कि इसरो अंतरिक्ष की दुनिया में एक कविता लिखने की तैयारी में है। बताया जाता है कि इसरो का यह प्रयोग गगनयान मिशन में भी मददगार होगा।

अंतरिक्ष में किसी जीव को जिंदा रखना एक बड़ी चुनौती है। वजह, सभी लाइफसपोर्ट सिस्टम को एक सीलबंद बॉक्स में रखना होता है। यह पीएसएलवी का चौथा चरण है। इसरो इसे वास्तविक अंतरिक्ष वातावरण में प्रयोग करने के लिए शिक्षाविदों को उपलब्ध कराता है। इसरो चेयरमैन डॉक्टर एस सोमनाथ ने कहाकि यह पहली बार है जब इसरो भारत से अंतरिक्ष में इस तरह का प्रयोग कर रहा है। उन्होंने कहाकि पीएसएलवी के प्लेटफॉर्म को इस्तेमाल करते हुए भारतीय जीवविज्ञानी यह पता लगाएंगे कि अंतरिक्ष के प्रतिकूल वातावरण में जीवित कैसे रहा जा सकता है।

यह हैं तीन एक्सपेरिमेंट्स

- एमिटी यूनिवर्सिटी, मुंबई के वैज्ञानिक इस बात का परीक्षण कर रहे हैं कि अंतरिक्ष के लगभग शून्य गुरुत्वाकर्षण वातावरण में आम पालक की कोशिकाएं कैसे प्रदर्शन करती हैं।
- इसी तरह आरवी कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग, बेंगलुरु के यूजी छात्र गट बैक्टीरिया का इस्तेमाल करके भारत के पहले माइक्रोबायोलॉजिकल पेलोड आरवीसैट -1 को उड़ा रहे हैं। एक बंद कैप्सूल में गट बैक्टीरिया को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।
- इसके अलावा इसरो के विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी), तिरुवनंतपुरम की एक इन-हाउस टीम, ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज (क्रॉप्स) के लिए कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल का उपयोग करके यह प्रदर्शित करेगी कि कैसे लोबिया के बीज और पत्तियां अंतरिक्ष के लगभग शून्य गुरुत्वाकर्षण वातावरण में अंकुरित होती हैं।

यह इसरो का एक छोटा जैविक कदम है, जिससे भारत को गगनयान मिशन में भी फायदा होगा। गगनयान मिशन के तहत भारत, भारतीय अंतरिक्षयात्री को भारतीय रॉकेट से अंतरिक्ष में ले जाना चाहता है। वहीं, 2035 तक आने वाले भारतीय अंतरारिक्ष स्टेशन पर विभिन्न प्रयोगों की योजना भी बन सकती है। गौरतलब है कि पीएसएलवी का अगला मिशन सी-60 है। यह भी एक बेहद प्रयोगात्मक मिशन है, जिसका मुख्य प्रयोग स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पैडेक्स) है। इसके तहत इसरो पहली बार अंतरिक्ष में दो भारतीय उपग्रहों की डॉकिंग और अनडॉकिंग को अंजाम देगा।

'मेरे चरित्र की हत्या की जा रही', संध्या थिएटर की घटना पर बोले अल्लू अर्जुन

नई दिल्ली (ए.)। संध्या थिएटर में हुआ घटना को 'पुष्पा 2' एक्टर अल्लू अर्जुन ने दुर्घटना बताया है। इस मामले को लेकर शनिवार को उन्होंने कहा कि मेरे चरित्र की हत्या की जा रही है। 4 दिसंबर की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए अल्लू अर्जुन ने कहा, 'यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। यह पूरी तरह से एक दुर्घटना है। परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। मैं अस्पताल में भर्ती बच्चे की स्थिति के बारे में हर घंटे अपडेट ले रहा हूं। उसकी हालत में सुधार हो रहा है। यह बहुत अच्छा है। बहुत सारी गलत सूचनाएं हैं, झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। मैं किसी विभाग या राजनेता को दोष नहीं देना चाहता। मेरे चरित्र की हत्या की जा रही है।' अल्लू अर्जुन की यह प्रतिक्रिया तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर आरोपों के बाद आई है। सीएम ने कहा कि पुलिस की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद अल्लू अर्जुन 4 दिसंबर को 'पुष्पा-2' की स्क्रीनिंग के दौरान संध्या थिएटर गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भगदड़ में एक महिला की मौत के बाद भी अभिनेता सिनेमा हॉल से बाहर नहीं गए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें जबरन बाहर निकाला। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन के विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी ने भी विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अल्लू अर्जुन को भगदड़ और मौत की जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा कि अब फिल्म हिट होगी। बता दें कि हैदराबाद के संध्या थिएटर में 4 दिसंबर को भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस दौरान 35 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और उसके 8 वर्षीय बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

'आप अदालत का समय बर्बाद कर रहे', याचिकाकर्ता पर लगाया 5 लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली (ए.)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने शनिवार को एक याचिकाकर्ता पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने एक ही तरह की राहत के लिए कई मुकदमे दायर करने और न्यायिक संसाधनों को बर्बाद करने के लिए यह कदम उठाया। न्यायालय ने शुक्रवार को पारित आदेश में मेसर्स परफेक्ट इंफ्राइंजीनियर्स लिमिटेड की प्रमोटर और गारंटर याचिकाकर्ता मनीषा मेहता को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी-1), मुंबई की ओर से 15 जुलाई को पारित आदेश को चुनौती दी है। इसे लेकर उन्होंने उच्च न्यायालय की विभिन्न पीठों के समक्ष कई याचिकाएं दायर की थीं। न्यायालय ने याचिकाकर्ता की ओर से गंभीर तात्कालिकता का हवाला दिया। साथ ही, कोर्ट का तीन घंटे का समय बर्बाद करने पर भी प्रतिकूल टिप्पणी की जबकि उसके पास प्रतिदिन सुनवाई के लिए 150-200 से अधिक मामले सूचीबद्ध हैं। पीठ ने न्यायिक समय बर्बाद करने के लिए 2.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा, बार-बार याचिका दायर करने के उनके आचरण के लिए 2.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अब याचिकाकर्ता को यह राशि 30 दिनों के भीतर जमा करानी होगी।

टी-20 बिग बैश लीग की कर रहे थे सट्टेबाजी; दिल्ली में पकड़ा गया गिरोह, 10 अरेस्ट

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस ने क्रिकेट सट्टेबाजी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अलग-अलग राज्यों से 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के लोग अलग-अलग राज्यों में एक्टिव थे। आरोपियों ने ऑनलाइन सट्टा लगाने के लिए एक वेबसाइट पर मास्टर आईडी बनाई थी। गिरफ्तार आरोपी दिल्ली, यूपी और राजस्थान से हैं। इनके पास से 5 लैपटॉप, 24 मोबाइल फोन और 1 एलईडी टीवी समेत कई सामान जब्त किए गए हैं। पुलिस की मानें तो सट्टेबाजों का यह रैकेट एक साल से चल रहा था। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि एएसआई राकेश को जोशी को सूचना मिली थी कि करोल बाग इलाके में राजू नाम का शख्स अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध क्रिकेट सट्टेबाजी का गिरोह चलाता है। इस सूचना के बारे में छानबीन की गई तो सामने आया कि मौजूदा वक्त में क्रिकेट की टी-20 बिग बैश लीग 2024-2025 (बीबीएल) चल रही है। यह गिरोह इन मैचों के लिए अवैध सट्टेबाजी कर रहा है।

इसके बाद एएसआई राकेश की देखरेख में एक टीम ने जोशी रोड करोल बाग स्थित एक फ्लैट में छापेमारी की। 3 बेडरूम वाले फ्लैट में मुख्य आरोपी राजू वैष्णव समेत कुल 10 लोग थे। सभी लाइव क्रिकेट मैच में अपने लैपटॉप और मोबाइल फोन पर सट्टा लगाते पाए गए। फ्लैट से सट्टेबाजी में इस्तेमाल किए जा रहे कुल 14 मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप और 1 एलईडी टीवी बरामद की गई है। आरोपियों के पास से 10 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस की जांच यह पता चला कि उपरोक्त बिग बैश लीग का 7वां टी-20 क्रिकेट मैच होबार्ट हरिकेंस और पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच सुबह 10:30 बजे खेला गया था। गिरोह ने इस मैच पर सट्टा लगाया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कानून की उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी दो तरह से सट्टा संचालित कर रहे थे।

राजू वैष्णव इस गिरोह का मास्टरमाइंड बताया जाता है। राजू (48) करोल बाग दिल्ली का निवासी है। उसने 8वीं तक पढ़ाई की है। वह सुनार का काम करता है। उसने तीन अलग-अलग राज्यों के अन्य सट्टेबाजों को शामिल किया था। आरोपी पिछले एक साल से सट्टेबाजी कर रहे थे। आमतौर पर मैच के दिनों में सट्टेबाजी लेन-देन की राशि लगभग 1.5 लाख प्रतिदिन होती थी। इनमें से आरोपियों का लाभ या हानि लगभग 30 हजार से 40 हजार प्रतिदिन होती है।

दूसरा आरोपी अजय कुमार (43) भी करोल बाग का रहने वाला है। उसने 10वीं तक पढ़ाई की है। वह पहले कपड़े की दुकान चलाता था लेकिन घाटा होने के कारण उसने राजू से हाथ मिला लिया। आरोपी योगेश तनेजा (36) आगरा यूपी का रहने वाला है।

मुझे भी मेडिकल लीव की जरूरत पड़ती है

कुवैत में भारतीय कामगारों के सामने पीएम मोदी ने खोले राज

नई दिल्ली (ए.)। पीएम मोदी दो दिवसीय यात्रा में कुवैत पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के साथ रविवार को व्यापक वार्ता की जिसमें विशेष रूप से व्यापार, निवेश और ऊर्जा के क्षेत्रों में भारत-कुवैत संबंधों को नयी गति प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस बीच समय निकालकर पीएम मोदी ने भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात की। पीएम मोदी ने गल्फ स्पिक लेबर कैंप का दौरा किया। यहां 90 फीसदी कर्मचारी भारतीय हैं। पीएम मोदी ने उनके साथ नाश्ता किया और ढेर सारी बातचीत की। इस दौरान तमिलनाडु के एक भारतीय श्रमिक ने पीएम मोदी से अपने गांव में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने का सुझाव दिया। बिहार से आए एक श्रमिक ने पीएम मोदी से पूछा कि हमें भी कई बार काम की थकान के कारण मेडिकल लीव की जरूरत पड़ती है। क्या आपको भी मेडिकल लीव की जरूरत पड़ती हैं? इस पर पीएम मोदी ने शानदार जवाब दिया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुवैत में काम कर रहे भारतीय कामगारों से मुलाकात और बातचीत का वीडियो शेयर किया है। मीना अब्दुल्ला में पीएम मोदी से मुलाकात और बातचीत के दौरान भारतीय श्रमिक काफी खुश नजर आए। पीएम मोदी ने शनिवार को भारतीय श्रमिकों के साथ काफी वक्त बिताया। कुवैत में 43 साल बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री पहुंचा है। इससे पहले इंदिरा गांधी ने कुवैत का दौरा किया था।

क्या पीएम मोदी को मेडिकल लीव की जरूरत पड़ती है?- बिहार से आए एक श्रमिक पुरषोत्तम शर्मा ने पीएम मोदी को बताया कि वह पिछले 15 साल से इसी कंपनी में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि पहले हम लोगों को घर पर बात करने के लिए दिक्कत थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की मांग उठाई

तमिलनाडु के एक श्रमिक ने पीएम मोदी को बताया कि 9 साल से वो इस कंपनी में काम कर रहा है और इतने वर्षों में उसने अपना खुद का घर बनाया है। श्रमिक ने पीएम मोदी से कहा कि उसके गांव के पास डोमेस्टिक एयरपोर्ट है, उसने एक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की मांग उठाई। जवाब में पीएम मोदी ने कहा कि वो इस सुझाव को अमल में लाएंगे। उन्होंने कहा कि जब मैं 2047 में विकसित भारत की बात करता हूं तो विदेश में रह रहा भारतीय यह अपेक्षा करे कि उसके गांव में इंटरनेशनल एयरपोर्ट खुले, यही विकसित भारत की सोच है।

पीएम मोदी ने क्या जवाब दिया

पीएम मोदी ने कहा, मैं दिनभर सोचता रहता हूं, कि मेरा किसान, कितनी मेहनत करता है खेत में। हमारा श्रमिक कितनी मेहनत करता है। रात को कभी आप ट्रेन से उतरें, एक ऑटो रिक्शा वाला इतनी ठंड में आपके पास आ जाएगा कि आपको कहां जाना है। इसलिए जब मैं अपने भाइयों को इतनी मेहनत करते हुए देखता हूं तो सोचता हूं कि अगर मेरे भाई 10 घंटे काम करते हैं तो मुझे 11 घंटे काम करना चाहिए। आप लोग अपने परिवार के लिए मेहनत करते हैं, मैं अपने परिवार 140 करोड़ भारतीयों के लिए मेहनत करता हूं। इसलिए मुझे ज्यादा काम करना पड़ता है। क्या आपको मेडिकल लीव की जरूरत पड़ती है? सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने कहा, मुझे भी मेडिकल लीव मिलती है। मेरे श्रमिक भाइयों के पसीने की बूंद, मेरे लिए मेडिसिन है। इसलिए मैं कभी बीमार नहीं होता।

हमें किसी का डर नहीं, 'वीटो' की बात कर जयशंकर ने दुनिया को दिया बड़ा संदेश

नई दिल्ली (ए.)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहाकि भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर 'वीटो' लगाने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा कि भारत बिना किसी डर के वह सब-कुछ करेगा जो देश और दुनिया के लिए अच्छा होगा। जयशंकर मुंबई में एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। विदेश मंत्री ने कहाकि स्वतंत्रता को कभी भी तटस्थता के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि भारत आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। एक तरफ पिछले दशक ने दिखाया है कि उसके पास क्षमताएं, आत्मविश्वास और सबसे महत्वपूर्ण बात, व्यापक मोर्चों पर विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता है। माना जा रहा है कि इस दौरान वीटो का जिक्र कर जयशंकर ने दुनिया को अपना संदेश दिया है।

एस जयशंकर ने कहाकि अस्वस्थ आदतों, तनावपूर्ण जीवनशैली या बार-बार होने वाली जलवायु घटनाओं से जूझ रही दुनिया, भारत की विरासत से बहुत कुछ सीख सकती है। लेकिन दुनिया को इस बारे में तभी पता चलेगा, जब हमारे देश के लोग इस पर गर्व करेंगे। जयशंकर ने कहा कि वैश्वीकरण के युग में प्रौद्योगिकी और परंपरा को एक साथ चलना होगा। उन्होंने कहाकि भारत जरूर आगे बढ़ेग, लेकिन उसे अपनी भारतीयता खोए बिना ऐसा करना होगा। तभी हम बहुध्रुवीय विश्व में वास्तव में अग्रणी शक्ति के रूप में उभर पाएंगे।

जयशंकर ने कहाकि लोकतंत्र की गहराई से अब अधिक प्रामाणिक आवाजें उठी हैं। देश खुद को फिर से खोज रहा है और फिर से अपना व्यक्तित्व पा रहा है। जयशंकर को 27वें 'एसआईईएस श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती नेशनल एमिनेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार का नाम कांची कामकोटि पीठम के 68वें द्रष्टा दिवंगत श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती के नाम पर रखा गया है। विदेश मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए लेकिन उन्होंने अपना वीडियो संदेश भेजा।

मंदिर, कुंआ, बावड़ी, इमारत के बाद खुदाई में मिली लंबी सुरंग

- संभल-चंदौसी में हो रहे नए-नए खुलासे

संभल (ए.)। यूपी के संभल और चंदौसी में चल रही खुदाई में रोज नए-नए खुलासे हो रही हैं। हर दिन नई-नई चीजें मिल रही हैं। रहस्मय चीजों से दबे संभल में मंदिर और कुंआ मिला तो चंदौसी में खुदाई के दौरान बावड़ी और प्राचीन इमारत मिली। बावड़ी की खुदाई चल ही रही थी कि एक लंबी सुरंग भी मिल गई। सुरंग मिलने के बाद भी खुदाई जारी रही। सुरंग मिलने की खबर के बाद डीएम मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

मुस्लिम बहुत मोहल्ला लक्ष्मण गंज में खाली मैदान में दबी बावड़ी की तलाश में चल रही खोदाई दिन पर दिन कई रहस्य खोलती जा रही है। बांकेबिहारी मंदिर से कुछ ही दूरी पर हो रही खुदाई के दूसरे रविवार को भी जारी है। एक दिन पहले यहां खुदाई के दौरान बावड़ी मिली तो प्रशासन ने यहां सफाई के निर्देश दिए। बावड़ी की सफाई चल ही रही थी कि अचानक से दो कमरे की एक प्राचीन इमारत मिल गई। अभी इसकी चर्चा चल रही थी कि एक सुरंग भी नजर आई।

सुरंग मिलने की खबर के बाद डीएम राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। डीएम ने बताया कि बावड़ी करीब 150 साल पुरानी लगी है।

देश पहले आता है, बांग्लादेशियों का न करो इलाज

- पश्चिम बंगाल के अस्पतालों से बीजेपी की मांग

कोलकाता (ए.)। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा जारी है। एक के बाद एक हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। भारत में भी बांग्लादेश की इस हिमाकत का विरोध हो रहा। पश्चिम बंगाल के कोलकाता के मुकुंदपुर इलाके में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने प्राइवेट अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि बांग्लादेश के गैर-हिंदू मरीजों का इलाज न किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया है, ÷देश पहले आता है... हमारे भाइयों और बहनों को वहां प्रताड़ित किया जा रहा है और मारा जा रहा है। इसलिए, गैर-हिंदू बांग्लादेशियों को कोई चिकित्सा उपचार प्रदान नहीं किया जाना चाहिए। अस्पताल से प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपने राष्ट्र, तिरंगे और तिरंगे के सम्मान के लिए अपनी नैतिकता और व्यवसाय को किनारे रखें। बांग्लादेश में हमारे अल्पसंख्यक हिंदू भाइयों और बहनों के साथ जो हो रहा है, उससे हम दुखी हैं। उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है और मारा जा रहा है। इसे रोका जाना चाहिए।

भारत नहीं, पाकिस्तान के राष्ट्रपिता थे महात्मा गांधी; अभिजीत भट्टाचार्य ने दिया विवादित बयान

नई दिल्ली (ए.)। बॉलीवुड सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य ने हाल ही में एक इंटरव्यू में हिस्सा लिया। उन्होंने इस दौरान सलमान खान से लेकर शाहरुख खान तक के बारे में बात की। इसी के साथ उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में एक विवादित बयान दिया। अभिजीत ने इंटरव्यू में बात करते हुए अभिजीत ने कहा कि म्यूजिक कंपोजर आरडी बर्मन महात्मा गांधी से बड़े हैं। उन्होंने कहा कि आरडी बर्मन म्यूजिक की दुनिया के राष्ट्रपिता थे। साथ ही उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी पाकिस्तान के राष्ट्रपिता थे।

महात्मा गांधी की आरडी बर्मन से की तुलना

शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में अभिजीत भट्टाचार्य ने कहा, म्यूजिक कंपोजर आरडी बर्मनमहात्मा गांधी से बड़े थे। जैसे कि महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता थे, आरडी बर्मन म्यूजिक की दुनिया के राष्ट्रपिता थे। इतना ही नहीं, अभिजीत ने महात्मा गांधी को पाकिस्तान के राष्ट्रपिता बताया।

अतुल सुभाष से निकिता ने जबरदस्ती की थी शादी

- मां ने आग में डाला घी; सुसाइड केस में खुले कई राज

बेंगलुरु (ए.)। एआई इंजीनियर अतुल सुभाष को आत्महत्या किए कई दिन बीत चुके हैं और अब भी रोजाना नई-नई बातें सामने आ रही हैं। अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी मां और भाई, तीनों ही पुलिस की गिरफ्त में हैं और पूछताछ हो रही है। अब सामने आया है कि अतुल से निकिता ने जबरदस्ती शादी की थी। उसका मन अतुल से शादी करने कहा नहीं था, लेकिन पिता की बीमारी और परिवार के दबाव के चलते उसने ऐसा किया। इसके साथ ही, मां ने भी आग में घी डालने का काम किया और घंटों बात करके निकिता को ससुराल वालों के खिलाफ भड़काती थी। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल जुलाई में निकिता ने जौनपुर की फैमिली अदालत में बयान दिया था, जिससे पता चला था कि यह शादी निकिता की मर्जी से नहीं, बल्कि उसके खिलाफहुई है।

कश्मीर में 50 साल बाद सबसे ठंडी दिसंबर की रात, डल झील पर जम गई बर्फ

कश्मीर (ए.)। कश्मीर में जबर्दस्त ठंड की शुरुआत हो चुकी है। 40 दिनों तक चलने वाला ठंड का यह दौर जिसे 'चिल्लई कलां' कहा जाता है, शनिवार से शुरू हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले पांच दशक में यह इस सीजन का सबसे ठंडी रात रही। इस दौरान तापमान माइनस 8.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रविवार की सुबह भी ठंड का असर बरकरार रहा और श्रीनगर में पारा माइनस 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ठंड के तेवर ऐसे हैं कि डल झील की सतह पर भी बर्फ जम गई। इसके अलावा, दिल्ली और राजस्थान में भी ठंड शीतलहर का असर देखा गया।

शून्य से 8.5 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान के साथ श्रीनगर की यह 1974 के बाद दिसंबर की सबसे सर्द रात थी। उस वक्त शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से 10.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। इसके अलावा 1891 के बाद यह तीसरी सबसे ठंडी रात थी। श्रीनगर में सबसे दिसंबर में सबसे ज्यादा ठंड 13 दिसंबर 1934 को पड़ी थी जब तापमान माइनस 12.8 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया था। 'चिल्लई कलां' का अंत 31 जनवरी, 2025 को होगा। लेकिन, इसके बाद भी घाटी में शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि 20 दिन की चिल्लई खुर्द (छोटी सर्दी) और 10 दिन की चिल्लाई-बच्चा (बेबी सर्दी) 40 दिनों के बाद शुरू होगा।

इस बीच, दिल्ली रविवार सुबह कोहरे की परतों में लिपटी रही और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के दृश्यों में लोगों को ठंड के मौसम को मात देने के लिए अलाव की मदद लेते देखा गया। शीतलहर से बचने के लिए कई लोगों ने रैन बसेरों में शरण ली। दिल्ली में हवा की गुणवत्ता भी ठीक नहीं थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, रविवार सुबह सात बजे एक्यूआई 427 दर्ज किया गया।

राजस्थान के कुछ हिस्सों में भी शीतलहर का प्रकोप रहा। करौली में रविवार को सबसे कम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि राज्य में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहा, जबकि कुछ स्थानों पर कोहरा देखा गया।

न्यूज गैलरी

अलग-अलग क्षेत्र में नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोर ने सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी रकम सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। राधा स्वामी नगर भाठागांव निवासी कमाल साहू 22 वर्ष ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 20 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 4 लाख 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बरडिया़ विहार अमलीडीह निवासी सनत कुमार भारती 34 वर्ष ने राजेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 3 लाख रुपए सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 6 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, दो भाइयों की मौत

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. जिले के भखारा क्षेत्र के कोलियारी मोड़ के पास में एक तेज रफ्तार कार चलती ट्रक में जा घुसी. इस घटना में कार सवार दो भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद मृतकों के शव को कार से बाहर निकाला. पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतकों के शव को पीएम के लिए रवाना कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान धर्मेंद्र साहू (22 वर्ष) और लिकेश साहू (17 वर्ष) के रूप में हुई है, जो बोरझरा के रहने वाले थे. दोनों रायपुर स्थित रिश्तेदार के घर से वापस बोरझरा लौट रहे थे, इसी दौरान वे भखारा में कोलियारी मोड़ के पास ओवरटेक करने के चक्कर में हादसे के शिकार हो गए।

घर घुसकर जानलेवा हमला, 6 गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। 21.12.2024 को प्रार्थी ईश्वर बंजारे द्वारा थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 20.12.2024 को आरोपियान जबरदस्ती मेरे चाचा के घर अंदर घुस आए एवं अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडा एवं हाथ मुक्का से मेरे परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट किए हैं, कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 565/ 2024 धारा 191(3), 190 (3), 333,296,351(2),115(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 06 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर प्रार्थी के चाचा के घर अंदर घुसकर, जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में सभी 06 आरोपियों को आज दिनांक 21.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

खार में जुआ खेल रहे 6 जुआरी गिरफ्तार, 58400 रुपए जब्त

भाटापारा/नवप्रदेश। थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 21.12.2024 को थाना भाटापारा ग्रामीण एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस द्वारा ग्राम लेवई में गौठान के पास खार में जुआ खेलते हुए 06 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी ?58,400 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया। साथ ही आरोपियों से 06 नग मोबाइल एवं 05 मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध क्र. 660/2024 पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

समाज को जागृत करने में जनसंपर्क क्षेत्र की भूमिका अहम : डिप्टी सीएम शर्मा

■ पीआरएस आई के 46वें राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आगाज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को 46वें ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जनसंपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। श्री शर्मा ने कहा कि न केवल शासन की योजनाओं, बल्कि समाज में जन जागृति के हर क्षेत्र में जनसंपर्क और जनसंपर्क अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने छत्तीसगढ़ में हो रहे विकास कार्यों और बदलते परिवेश को रेखांकित करते हुए जनसंपर्क के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया। उपमुख्यमंत्री ने राज्य शासन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क क्षेत्र के योगदान को सराहा।

राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से केंद्रीय, राज्य सरकारों, कॉर्पोरेट और निजी क्षेत्र के जनसंपर्क प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और प्राकृतिक धरोहरों का उल्लेख करते हुए सभी अतिथियों को राज्य में पर्यटन का आनंद लेने का निमंत्रण दिया। श्री

शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अपने विकास कार्यों के माध्यम से देशभर का ध्यान आकर्षित किया है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक ने जनसंपर्क क्षेत्र में 68 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत इस राष्ट्रीय संगठन की सराहना की। उन्होंने कहा कि संगठन ने हमेशा जनसंपर्क पेशेवरों को प्रोत्साहित किया है और युवाओं को इस क्षेत्र में अपना भविष्य तलाशने के लिए प्रेरित किया है। पीआरएसआई के रायपुर चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. शाहिद अली ने सम्मेलन के आयोजन को छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य बताया और राज्य के गौरव के रूप में इसे मान्यता दी। इस शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव डॉ. पी एल के मूर्ति, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस पी सिंह समेत 200 से अधिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। तीन दिवसीय इस सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञ विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। साथ ही, जनसंपर्क क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 37 वर्गों में सम्मानित किया जाएगा।

कांगेर वैली अकादमी के 18वें वार्षिक उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए शिक्षा जरुरी : सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राजधानी रायपुर के कांगेर वैली अकादमी के 18वें वार्षिक उत्सव को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व निर्णय लिए हैं। हमने प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया है। हमने स्कूलों में शिक्षक-पालक मीटिंग और न्यौता भोज जैसे अभिनव पहल शुरू की है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के पोषण को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 341 स्कूलों का चयन पीएमश्री स्कूल के रूप में किया गया है। यह शिक्षा के लिए अच्छी अधोसंरचना तथा स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने

कहा कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर के सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थान संचालित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हुई कि इस विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद को अहमियत दी जा रही है। यहां बच्चों को मेडिटेशन भी कराया जाता है। उन्होंने बच्चों को यह संदेश भी दिया कि पढ़ाई के साथ खेलकूद तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियां उनके समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं। विधायक पद्मश्री श्री अनुज शर्मा ने कहा कि इस विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का कार्य भी हो रहा है। व्यक्तित्व के निर्माण में शिक्षा की बड़ी भूमिका होती है। यह भविष्य की सफ्लताओं का आधार होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर अकादमी के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिग और फाईन आर्ट की कलाकृतियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस पर बंदियों ने किया योगाभ्यास

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय जेल रायपुर में आज प्रथम अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस के अवसर पर ध्यान एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन योग आयोग के पूर्व सदस्य एवं आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय सिंह ने किया। शिविर में लगभग 200 बंदियों एवं जेल के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया।इस अवसर पर प्रशिक्षक अजय सिंह ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस घोषित किया है ताकि ध्यान के लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि ध्यान मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक शांति और शारीरिक विश्राम प्रदान करने का प्रभावी साधन है। यह तनाव कम करने, भावनात्मक संतुलन सुधारने और बेहतर नींद के लिए सहायक होता है। उन्होंने बंदियों को ध्यान और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। प्रशिक्षक अजय सिंह ने यह भी बताया कि इस ऐतिहासिक दिवस पर पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम से 180 देशों के लोग ऑनलाइन जुड़ेंगे। इसी क्रम में केन्द्रीय जेल रायपुर में यह शिविर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बंदियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य ने ध्यान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए, भले ही यह कुछ मिनटों के लिए हो।

पूर्वी क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालय खेलकूद स्पर्धा का आयोजन

दुर्ग/संकरा/नवप्रदेश।। पाटन।महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सांकरा-पाटन, दुर्ग में पूर्वी क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 20-22 दिसंबर 2024 का दिन शुक्रवार को शुभारंभ हुआ है। जिसमें चार महाविद्यालय भाग लिये है,वानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा, उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा-पाटन ,उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, हथनी, बिलासपुर, एवं महंत बिसाहू दास उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, गौरेला पेंड्रा मरवाही के विद्यार्थी सम्मिलित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस. एल. मात्रे, न्यायाधीश सेवानिवृत्ति राज्य औद्योगिक न्यायालय

बिलासपुर (छ. ग.) तथा विशिष्ट अतिथि उमाशंकर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, रायपुर, रेमन यशवंत जांगड़े ,सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा, वेंकट स्वामी भारतीय सेनाधिकारी (सेवानिवृत्ति) डॉ. नारायण साहू, अधिष्ठाता उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, हथनी बिलासपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.अमित दीक्षित, अधिष्ठाता उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा, दुर्ग कर रहे है। प्रोफेसर डॉ अमित दीक्षित ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए खिलाडियों से अपील किए कि खेल भावना से खेले और जीवन मे खेल का विशेष महत्व के बारे मे बताये। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. सेवन दास खूंटे एवं डॉ. हरिश्चंद्र दर्रो क्रीड़ा अधिकारी के मार्गदर्शन मे रहे हो रहा है।आज के कार्यक्रम को सफ्ल बनाने मे महाविद्यालय के समस्त अधिकारी गण, कर्मचारीगण एव स्वयंसेवको का विशेष योगदान रहा।

भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार

छत्तीसगढ़ ने वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि में देश में प्राप्त किया प्रथम स्थान

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023 के अनुसार छत्तीसगढ़ ने संयुक्त वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ का कुल वन आवरण क्षेत्र 55,812 वर्ग किलोमीटर है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सतत संरक्षण और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। साथ ही यह प्रदेशवासियों की जागरूकता और पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है, जो छत्तीसगढ़ को हरित और समृद्ध बनाने में योगदान दे रहे हैं। यह उपलब्धि स्थानीय समुदायों की भागीदारी और संरक्षण कार्यक्रमों के सफ्ल क्रियान्वयन का परिणाम है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 की तुलना में देश के वन और वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई है, जिसमें वनावरण में 156 वर्ग कि.मी.

और वृक्ष आवरण में 1289 वर्ग कि.मी. की वृद्धि शामिल है। वन एवं वृक्ष आवरण में अधिकतम वृ?द्धि दर्शाने वाले शीर्ष चार राज्य छत्तीसगढ़ (684 वर्ग कि.मी.), उत्तर प्रदेश (559 वर्ग कि.मी.), ओडिशा (559 वर्ग कि.मी.) और राजस्थान (394 वर्ग कि.मी.) हैं।

राजयोग ध्यान... *विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम , राजयोग में मेडिटेशन से बढ़ती है*

मनुष्य की बेलगाम इच्छाएं तनाव पैदा करती हैं: चन्द्रकला दीदी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में राजयोग ध्यान समारोह का आयोजित किया गया। विषय थाः आन्तरिक शान्ति और विश्व सद्भावना ।

समारोह में बोलते हुए वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी ने कहा कि वर्तमान भौतिक युग में लोगों की आकाक्षाएं बढ़ती जा रही है। इन बेलगाम इच्छाओं के कारण जीवन में तनाव बढ़ रहा है और तनाव के कारण लोग अनेकानेक बिमारियों के शिकार होते जा रहे हैं। जीवन में तनाव को दूर करने का सबसे अच्छा साधन मेडिटेशन यानि ध्यान करना है। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन का उल्लेख करते हुए बतलाया कि इससे मन शान्त होता है और एकाग्रता बढ़ती है। ध्यान से हमें शारीरिक और मानसिक लाभ तो होता ही है। परस्पर एकता और सद्भावना भी जागृत होती है। राजयोग से हमें आत्म निरीक्षण का अवसर मिलता है। हार्टफुलनेस मेडिटेशन के जोनल

कोआर्डिनेटर एवं प्रशिक्षक देवनारायण शर्मा ने कहा कि विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। कई देश अहंकार और दुर्भावना के कारण आपस में लड़ रहे हैं। ऐसे माहौल में आन्तरिक शान्ति और वैश्विक सद्भावना की बहुत अधिक जरूरत है जो कि एकमात्र ध्यान साधना के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने अलग-अलग ध्यान पद्धति के साधकों को एक मंच पर लाने के ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ध्यान करने से जीवन में परिवर्तन आता है। एक व्यक्ति के ध्यान करने से पूरे घर के वातावरण में शुद्धता आ जाती है।

योग आयोग के मुख्य प्रशिक्षक प्रो. छबि राम साहू ने महर्षि पातजंलि द्वारा सिखए गए अष्टांग योग की चर्चा करते हुए कहा कि ध्यान का अभ्यास देवत्व को जागृत करने का प्रयास है। आन्तरिक शान्ति से ही विश्व में सद्भावना आ सकती है। उन्होंने यम नियम प्राणायाम प्रत्याहार धारणा और ध्यान की चर्चा करते हुए बतलाया कि ध्यान साधना हमारे विचारों पर नियंत्रण करने की कला है।

ब्रह्माकुमारी रूचिका दीदी ने कहा कि राजयोग ध्यान पद्धति परम सत्य को जानने और उनसे सम्बन्ध जोडने़ का माध्यम है। यह हमें जाति धर्म और भाषा आदि के भेदभाव से परे ले जाकर हमारे निज स्वरूप आत्मा और परमात्मा का यथार्थ परिचय कराता है। उन्होंने सभा में राजयोग का व्यवहारिक अभ्यास कराएंगी। कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन ब्रह्माकुमारी दीक्षा दीदी ने किया।

आरक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच करवाया जाए: दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने मांग किया है कि राजनांदगांव आरक्षक भर्ती घोटाला मामले की सीबीआई जांच कराया जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के राज में नौकरियां बेची जा रही है, युवा ठगा महसूस कर रहे है। राजनांदगांव आरक्षक भर्ती घोटाले के तार सत्ता के उच्च पदस्थ लोगों तक जुड़े हो सकते है। इस मामले में आरक्षक अनिल रत्नाकर की संदिग्ध मौत तथा उसके हथेली पर लिखे गये नोट्स बताते है कि यह मामला बहुत ही ज्यादा गंभीर है। अनिल रत्नाकर की मौत की भी जांच होनी चाहियें। सत्ता में बैठे हुये लोगों के संरक्षण के बिना इतना बड़ा भर्ती घोटाला होना संभव नहीं है। सरकार तथा पुलिस के उच्चाधिकारी, निचले स्तर के अधिकारियों पर कार्यवाही की खानापूर्ति कर मामले को दबाने में लगे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आठवीं बटालियन पेंड्री में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए मैनुअल और रिजल्ट में गोलमाल किया गया है। आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में गोला फेंक और ऊंची कूद को लेकर मैनुअल रजिस्टर में और रिजल्ट जारी करने में धांधली की गई है। नंबर बढ़ाने और पास करने लिए लेनदेन की भी शिकायत आई हुई है। आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी के लिये गृहमंत्री विजय शर्मा अपने पद से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कहा है कि जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी है, नौकरी के नाम पर वसूली के शिकायतों की बाढ़ आ गई है। सत्ता के संरक्षण में छत्तीसगढ़ में नौकरियां बेचने वाले गिरोह फ्ल फूल रहे हैं। भाजपा की सरकार में चयनित अभ्यर्थियों की सूची तो जारी होती है लेकिन प्रक्रिया के दौरान परिणाम के अंक छिपाये जाते हैं, एस आई भर्ती इसका उदाहरण है।

सुविचार

अगर चंदन जैसा गुण रखोगे तो सांपों के लिए भी तैयार रहना होगा। वे आपसे लिपटेंगे भी और डसेंगे भी। - अज्ञात

अंततः हंगामों की भेंट चढ़ा सत्र

जैसी की संभावना थी संसद का शीतकालीन सत्र अंततः हंगामों की भेंट चढ़कर रह गया। पच्चीस दिवसीय इस सत्र में बीस बैठकें हुई और लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही 120 घंटे चली। लोकसभा में पांच और राज्यसभा में चार विधेयक ही पेश हो पाये। जबकि संसद के शीतकालीन सत्र में पंद्रह विधेयक पेश किये जाने थे। किन्तु माननीयों के हंगामें के कारण बार बार संसद की कार्यवाही बार बार बाधित होती रही जिसकी वजह से संसदीय कार्य प्रभावित हुआ। संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच अडानी, सोरोस और सोनिया गांधी के अलावा डॉ.बी.आर आम्बेडकर पर दिये गये केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर ही हंगामा होता रहा। नतीजतन लोकसभा और राज्यसभा की उत्पादकता क्रमशः 57 प्रतिशत 40 प्रतिशत ही रही। जनहित से जुड़े मुद्दे हासिए पर चले गये। इस सत्र के दौरान लोकसभा में एक देश एक चुनाव विधेयक पेश किया गया। जिसे संसद की संयुक्त समीति के पास भेज दिया गया। इस विधेयक को लेकर भी संसद में जमकर हंगामा हुआ। भारतीय संविधान के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में विपक्ष की मांग पर सरकार ने भारतीय संविधान पर विशेष चर्चा कराई जिसमें विपक्ष के आरोंपो का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में सिलसिले वार जवाब दिया और संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस पार्टी की बखिया उधेड़कर रख दी। वहीं राज्यसभा में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया और अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने संविधान निर्माता डॉ.बी.आर आम्बेडकर का उल्लेख किया जिसके एक हिस्से को लेकर विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और गृह मंत्री अमित शाह पर डॉ.आम्बेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उन्हें मंत्री पद से हटाने की मांग कर आंदोलन छेड़ दिया। संसद परिसर में दो दिनों तक इस मुद्दे को लेकर हंगामा होता रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के ही सांसद संसद के ही बाहर नारेबाजी करने लगे और संसद सत्र के आखरी दिन तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच धक्का मुक्की की नौबत आ गई। जिसकी वजह से भाजपा के दो सांसद घायल हो गये और इस घटना के लिये लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करा दी गई। भारतीय संसद के इतिहास संभवतः यह पहला मौका रहा। जब सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच इस कदर कटुता देखने को मिली हो। बहरहाल संसद का शीतकालीन सत्र जो हंगामों से ही शुरू हुआ था वह भारी हंगामें के साथ खत्म हो गया। दरअसल पिछले कुछ सत्रों से यह देखा जा रहा है कि विपक्ष हंगामा खड़ा करके सदन की कार्यवाही को बाधित करने का प्रयास करती रही है। इस बार भी ऐसा ही हुआ और संसद के शीतकालीन सत्र में भी सुचारू रूप से कामकाज नहीं हो पाया न तो प्रश्नकाल चल पाया न ही शून्यकाल में सांसद अपने क्षेत्रों की समस्याओं को उठा पाये। इन माननीय सांसदो को इस बात की कतई कोई परवाह नहीं है कि ससंद में एक घंटे की कार्यवाही पर लगभग डेढ़ करोड़ रूपये का खर्च आता है लेकिन हंगामों के कारण जनता के गाढ़े खून पसीने की कमाई व्यर्थ जाती है। माननीयों को इस पर विचार करना चाहिए और संसद का काम सुचारू रूप से चलाने में सहयोग देना चाहिए। ताकि भविष्य में संसद के सत्र हंगामों की भेंट न चढ़े और वहां जनहित से जुड़े मुद्दो पर सार्थक चर्चा हो तथा नये कानून बन सके।

नई संभावना की तलाश में शरद पवार

महाराष्ट्र की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भेंट की थी। उनकी इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारे में कई तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। वैसे तो शरद पवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पहले भी कई बार मिल चुके हैं किन्तु इस बार की उनकी इस मुलाकात को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। दरअसल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शरद पवार की पार्टी को भारी धक्का लगा है। उनकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नाम और पार्टी के चुनाव चिन्ह पर उनके भतीजे अजीत पवार ने पहले ही कब्जा कर रखा है इस विधानसभा चुनाव में शरद पवार गुट के जो गिने चुने विधायक चुनकर आये हैं वे भी पाला बदलने की फिराक में बताये जाते हैं। ऐसे में शरद पवार नई संभावना तलाश रहे हैं। उन्होंने तो चुनावी राजनीति से पहले ही सन्यास लेने की घोषणा कर दी है लेकिन अब वे अपनी बेटी सुप्रिया सुले के भविष्य की चिंता कर रहें हैं जो लोकसभा सदस्य हैं। यही वजह है कि शरद पवार प्रधानमंत्री से मिलकर अपनी बेटी के लिए केन्द्र में सम्मानजनक स्थान के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्हें पता है कि अब महाराष्ट्र में पांच साल तक उनकी पार्टी के लिए कोई संभावना नहीं है और केन्द्र में भी भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार अपने पांच साल का कार्यकाल जरूर पूरा करेगी। ऐसी स्थिति में महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी का कोई भविष्य नहीं है। जिसमें पहले ही उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के बीच टकरार होने लगी है इन सभी चीजों को देखते हुए यदि शरद पवार नई संभावना तलाश रहें हैं तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। अब देखना होगा कि शरद पवार को इसमें कितनी सफलता मिलती है। इधर उद्धव ठाकरे ने भी महाविकास अघाड़ी का हश्र देखते हुए अपनी खिचड़ी अलग पकाने की कवायद शुरू कर दी है। उन्होंने भी अपने बेटे आदित्य ठाकरे के साथ मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से मुलाकात की है इस भेंट को लेकर भी महाराष्ट्र में तरह तरह के कयास लगाये जा रहे हैं।

नीरज मनजीत

गुकेश की कामयाबी को कमतर बताने की कोशिश

इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि डिंग लिरेन ने संभवतः शतरंज के इतिहास की सबसे बड़ी ग़लती की है, मगर क्रैमनिक और फिलातोव के इल्ज़ाम कतई सही नहीं हैं। आखिर इस स्तर पर कोई भी खिलाड़ी जानबूझकर क्यों ग़लती करना चाहेगा, जबकि उसके देश की प्रतिष्ठा का सवाल हो और उसका विश्व विजेता का ख़िताब दांव पर लगा हो। दरअसल डिंग लिरेन 14 वीं बाज़ी में काफी दबाव में था और टाइम ट्रबल का शिकार था। इस बाज़ी में वह सफेद मोहरों से खेल रहा था, जो कि एक एडवांटेज होता है। उसके साथ दिक़्क़त यह थी कि वह शुरू से ही डिफेंसिव माइंडसेट में था और इस बाज़ी को ड्रा कराने के लिए खेल रहा था। ड्रा होने से मुक़ाबला टाई ब्रेकर में चला जाता और फ़ैसला चार स्पीड गेम्स में होता। दरअसल डिंग लिरेन स्पीड चेस का मास्टर खिलाड़ी है, जबकि इस श्रेणी में गुकेश 47 वीं रैंक पर है। लिरेन के इस माइंडसेट को गुकेश ने भाँप लिया था, इसीलिए उसकी रणनीति लिरेन को मानसिक तौर पर थका देने की थी। इस बाज़ी में गुकेश की स्टील जैसी कड़ी और मजबूत मानसिक बुनावट देखी गई। पूरे गेम में उसने लिरेन को दबाव में रखा और आखिर उसे महा-चूक करने पर विवश कर दिया।

पिछले हफ़्ते से शतरंज की दुनिया में हलचल सी मची हुई है। 18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश डोम्माराजू ने सिंगापुर में मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराकर वर्ल्ड चैंपियनशिप क्या जीती, उन पर अजीब तरह के इल्ज़ाम लगने लगे। गुकेश शतरंज इतिहास के सबसे कम उम्र के विश्व विजेता हैं। उनके पहले रूसी ग्रैंडमास्टर गैरी कास्पारोव ने 1985 में रूस के ही अनातोली कार्पोव को हराकर 22 साल की उम्र में वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती थी। इस बार गुकेश और डिंग लिरेन के बीच 14 बाजियां खेली गईं। 13 वीं बाज़ी के बाद दोनों खिलाड़ियों का स्कोर बराबर था। अब सारा दारोमदार 14 वीं बाज़ी पर था। बिसात बिछी हुई थी और दोनों तरफ़ से बेहतरीन दिमागी भिड़ंत देखने को मिली। 54 वीं चाल तक मुक़ाबला एक और ड्रा की ओर बढ़ता नज़र आ रहा था, हालाँकि काले मोहरों से खेल रहे गुकेश के पास एक प्यादा ज़्यादा था। इसके अलावा गुकेश का बादशाह और तीनों जुड़े हुए प्यादे बिसात में काफी आगे बढ़ चुके थे, जबकि डिंग लिरेन का बादशाह और दो प्यादे बिल्कुल रक्षात्मक मुद्रा में काफी पीछे थे। चूँकि दोनों के पास एक एक रुक और बिशप भी था, इसलिए बाज़ी का लंबा खिंचना तय था। तभी 55 वीं चाल में डिंग लिरेन ने बहुत बड़ी ग़लती कर दी और अपना रुक ग़लत खाने में डाल दिया। इससे गुकेश को रुक और बिशप लड़ने का बहुत बड़ा मौका मिल गया। आख़िर दो चाल बाद डिंग लिरेन ने हार मान ली और गुकेश ने इतिहास रच दिया।

गुकेश की इस जीत पर पूर्व विश्व विजेता रूस के ग्रैंडमास्टर व्लादिमीर क्रैमनिक ने बड़ी ही तीखी और क़ाबिले ऐतराज प्रतिक्रिया व्यक्त की है। क्रैमनिक ने ट्वीट करके कहा कि दुःखद। यह उस शतरंज का अंत है, जिसे हम जानते हैं। क्रैमनिक यहीं नहीं रुके, उन्होंने डिंग लिरेन पर इल्ज़ाम लगा दिया कि उसने 14 वीं बाज़ी के निर्णायक क्षणों में जानबूझकर ग़लती की है। इधर रूसी शतरंज महासंघ के अध्यक्ष आंद्रेई फिलातोव ने आरोप लगाया कि अंतिम क्षणों में डिंग लिरेन की हरकतें बेहद संदिग्ध थीं। फिलातोव ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ से अपील भी की कि इस मामले की पूरी जाँच की जाए, क्योंकि इस ग़लती की वजह से शतरंज को चाहने वाले हतप्रभ और घबराए हुए हैं। फिलातोव का तर्क था कि दुनिया की सबसे बड़ी स्पर्धा में डिंग लिरेन ने जैसी ग़लती की है, वैसी क्लब स्तर का खिलाड़ी भी नहीं करता। इससे कुछ दिनों पहले ही दुनिया के नंबर वन शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने भी वर्ल्ड चैंपियनशिप में खेली गई बाज़ियों को स्तर से कमतर,सुस्त और बेजान बताया था। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोरकोविच ने इन तमाम इल्ज़ामों को परले सिरे से ख़ारिज़ कर दिया है। ड्वोरकोविच ने कहा है कि इस चैंपियनशिप में बहुत ही अच्छी और रोमांचक बाज़ियाँ खेली गई हैं और ग़लतियाँ हर खिलाड़ी से किसी भी वक़्त हो सकती हैं। गुकेश के मेंटर पूर्व विश्व विजेता विश्वनाथन आनंद ने भी इन आरोपों का बचाव करते हुए कहा है कि गुकेश ने दबाव के क्षणों में शानदार खेल दिखाया है और वह इस मुक़ाबले में विजेता होने का पूरा हक़दार था। गुकेश बिसात पर आक्रामक तेवर अपनाता है और नौजवान होने के नाते गहन गणना करने, ख़तरा उठाने तथा मिडिल गेम की कठिन परिस्थितियों में कई कई वेरिएशनों को खंगालकर सही चाल ढूंढ लेने में माहिर है।

इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि डिंग लिरेन ने संभवतः शतरंज के इतिहास की सबसे बड़ी ग़लती की है, मगर क्रैमनिक और फिलातोव के इल्ज़ाम कतई सही नहीं हैं। आखिर इस स्तर पर कोई भी खिलाड़ी जानबूझकर क्यों ग़लती करना चाहेगा, जबकि उसके देश की प्रतिष्ठा का सवाल हो और उसका विश्व विजेता का ख़िताब दांव पर लगा हो। दरअसल डिंग लिरेन 14 वीं बाज़ी में काफी दबाव में था और टाइम ट्रबल का शिकार था। इस बाज़ी में वह सफेद मोहरों से खेल रहा था, जो कि एक एडवांटेज होता है। उसके साथ दिक़्क़त यह थी कि वह शुरू से ही डिफेंसिव माइंडसेट में था और इस बाज़ी को ड्रा कराने के लिए खेल रहा था। ड्रा होने से मुक़ाबला टाई ब्रेकर में चला जाता और फ़ैसला चार स्पीड गेम्स में होता। दरअसल डिंग लिरेन स्पीड चेस का मास्टर खिलाड़ी है, जबकि इस श्रेणी में गुकेश 47 वीं रैंक पर है। लिरेन के इस माइंडसेट को गुकेश ने भाँप लिया था, इसीलिए उसकी रणनीति लिरेन को मानसिक तौर पर थका देने की थी। इस बाज़ी में गुकेश की स्टील जैसी कड़ी और मजबूत मानसिक बुनावट देखी गई। पूरे गेम में उसने लिरेन को दबाव में रखा और आखिर उसे महा-चूक करने पर विवश कर दिया।

जहाँ तक कार्लसन के आरोपों का सवाल है, ऐसा उसने इसलिए कहा, क्योंकि तीसरी बाज़ी के बाद लगातार आठ बाज़ियाँ ड्रा रही थीं। बड़ी स्पर्धाओं में ड्रा बाज़ियों की अधिकता नितांत स्वाभाविक बात है। 1985 में तत्कालीन विश्व विजेता अनातोली कारपोव और चैलेंजर गैरी कास्पारोव के बीच शतरंज इतिहास की सबसे लंबी और बेजान चैंपियनशिप खेली गई थी। उस वक़्त नियम यह था कि पहले छह बाज़ियाँ जीतनेवाला विजेता घोषित कर दिया जाएगा, बाज़ियाँ चाहे जितनी खेलनी पड़ें। यह स्पर्धा पाँच महीने से भी ज़्यादा चली और 48 बाज़ियाँ खेलने के बाद भी नतीजा नहीं निकला। इन 48 बाज़ियों में 40 बाज़ियाँ बेनतीजा रही थीं, जिनमें 17 लगातार बाज़ियाँ ड्रा थीं। 48 बाज़ियों के बाद शतरंज महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष फ्लोरेंसियो कैपोमेनेन्स ने स्पर्धा स्थगित कर दी। उनका तर्क था कि दोनों खिलाड़ी मानसिक तौर पर बुरी तरह थक चुके हैं और लगातार ड्रा बाज़ियों की वजह से स्पर्धा भी नीरस और उबाऊ हो चली है।

सच कहा जाए तो गुकेश भारतीय शतरंज के परिदृश्य में अपार संभावनाएं लेकर आगे आए हैं। अभी तक विश्वनाथन आनंद भारतीय शतरंज खिलाड़ियों के लिए आदर्श प्रेरणास्रोत बने हुए थे। अब आनंद की परंपरा को आगे ले जाने और वैश्विक शतरंज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में अपने लिए पुख़्ता जगह तैयार करने गुकेश पूरी मजबूती से कटिबद्ध लग रहे हैं। इस किशोरवय खिलाड़ी की उपलब्धियों को कमतर बताने की कोशिशें कामयाब नहीं हो पाएँगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 2008 में विश्व बैंक ने आज ही के दिन साफ्टवेयर कम्पनी सत्यम पर प्रतिबंध लगाया था। 2003 में 23 दिसंबर के दिन ही इस्रायल ने गाजा पट्टी पर हमला किया था। 2000 में आज ही के दिन पश्चिम बंगाल की राजधानी कलकत्ता का नाम आधिकारिक तौर बदलकर कोलकाता किया गया था। 2000 में 23 दिसंबर को ही न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व महिला क्रिकेट ख़िताब जीता था। 1976 में आज ही के दिन सर शिवसागर रामगुलाम द्वारा मॉरिशस में मिली जुली सरकार का गठन हुआ था। 1969 में 23 दिसंबर के दिन ही चांद पर से लाए गए पत्थरों को राजधानी में आयोजित एक प्रदर्शनी में रखा गया था। 1968 में आज ही के दिन मौसम संबंधित देश के पहले रॉकेट 'मेनका' का सफल प्रक्षेपण हुआ था। 1954 में 23 दिसंबर के दिन ही बॉस्टन में दो जीवित लोगों के बीच पहला सफल किडनी प्रत्यारोपण हुआ था। 1922 में आज ही के दिन बीबीसी रेडियो ने दैनिक समाचार प्रसारण शुरू किया था। 1921 में 23 दिसंबर के दिन ही विश्व-भारती विश्वविद्यालय का उद्घाटन हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

उसकी मुस्कुराहट में

उसकी मुस्कुराहट में ढूंढ लेती हूं मैं खुशियां जहान की वो इक आह भरे तो मुझमें भर जाती हैं बेचैनिया, क्या दूं तुझे मैं मां,तूने खुद मुझे सांसे दी है तेरी आंखो में कभी आंसू ना देखूं बस इतनी कोशिश रहेगी मेरी।

- किरन भण्डारी

बन्दहुँ खल गुण ज्ञान

बन्दहुँ खल गुण ज्ञान अगाधा। असहज भाव हरे मन बाधा।। लंपट कुटिल मधुर जब बोलहिं। असमय पशु जब लागहिं डोलहिं द्यद्य संसय तनिक करहुँ नहि कोई । सिल निशान रसरी से होई द्यद्य धर्म मूल वट वृक्ष विशाला। पल्लव जटा डाल खल व्याला।। खल महिमा गुण बरनि न जाई। हरि दर्शन तिन्ह कै प्रभुताई द्यद्य धर्म कर्म गुण दोष विभूषण। रावण राम मध्य खर दूषण।।

- राजकिशोर मिश्र 'राज'

ख़ास पाती | मैं नादॉ, पगली सी, ढूढ़ती रही

मैं नादॉ, पगली सी , ढूढ़ती रही, खाली घर के कमरों मे, पुरानी तस्वीरों के एल्बम मे , छत की मुंडेर पर, बाग के किनारे की बेन्च पर , या उस आराम कुर्सी पर , उनके जाने के बाद । मगर वो तो था, मेरे ख्वाबों मे, एहसासों मे, फूलदान मे लगे उस गुलाब मे , मोगरे की खुशबू मे, पायल की बंद हो चुकी रुनझुन मे, गले मे लिपटती कमीज़ कि बांहों मे, चादर की सलवटों मे,बदलते हुये करवट मे। काश .. मैंने पहचाना होता।। - **शिखा लाहिरी**

अब आदमी,आदमी से यूँ कतराता है

अब आदमी,आदमी से यूँ कतराता है नजर न मिले बचकर निकल जाता है ऐसा भी एक वक्त जिंदगी में आता है आदमी अपने ज़ख्म खुद सहलाता है उलझा देने को तैयार हर कोई बैठा है मुसीबत में नहीं कोई साथ चलता है शिकवे, शिकायत, दर्द ओ ग़म क्या है कौन अब किसी से दोस्ती निभाता है यादों से गुज़रे माजी बना एक आईना नादान सा दिल कितना फरेब खाता है नये-नये दर्द से यह वक्त मिलवाता है रह-रहकर ग़म दिल को तड़पाता है - **सपना चन्द्रा**

उसके बयान उसे अपराधियों की

उसके बयान उसे अपराधियों की मानसिकता वाला साबित करने के लिए काफी हैं जनता व नेताओं को आज पता चला। लोग चुप रहते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि लोगों को नहीं पता। अहंकारी और निरंकुशता भी उसमें कूट कूट कर भरी है। जड़ खरीद गुलाम भले ही चाटुकारिता करें पर स्वाभिमान युक्त व्यक्ति तो उसे देखना भी पसंद न करें। - **नवीन शंकर शर्मा**

सुनो ना, बहुत कुछ है जो दिल



सुनो ना, बहुत कुछ है जो दिल में दबा है, शब्द बनकर होंठों तक आना चाहता है, मगर हर बार, सांसों के बोझ तले दफ्न हो जाता है। तुमसे कहना चाहती हूँ, उन खामोश रातों की बातें, जहां चांद भी मेरी बेचैनी समझकर, धीरे-धीरे बादलों में छिप जाता है। तुमसे कहना चाहती हूँ, उन अधूरी ख्वाहिशों का ज़िक्र, जो हर रोज़ कागज़ पर लिखती हूँ, मगर फिर खुद ही मिटा देती हूँ। शब्द हैं, पर जुबां खामोश है, दिल में हलचल, पर चेहरा बेहोश है। तुम्हें देखकर जो कहना चाहती हूँ, वो कभी आंखों के रास्ते बह जाता है। शायद एक दिन, ये लफ्ज़ हिम्मत करेंगे, शायद एक दिन, ये एहसास मुकम्मल होंगे। सुनो ना, कभी इन चुप्पियों में छिपा मेरे दिल का हाल समझो, समझो उन अनकहे शब्दों को जिन्हें कहना तो चाहती हूँ मगर कह नहीं पाती। - **रश्मि अभय**

ज़िंदगी तेरे सवालों से जो डर जाएँगे।

ज़िंदगी तेरे सवालों से जो डर जाएँगे। फिर अपनी ही निगाहो से उतर जाएँगे ज़ोर कितना भी लगा लें ये हवाएँ अपना अपना पीले पत्ते नहीं हैं हम जो बिखर जाएँगे राह की मुश्किलों से जा के कोई बतला दो इतना कमज़ोर न समझें वो कि डर जाएँगे हमने माना कि अभी वक़्त नहीं अच्छा पर एक दिन हाल हमारे भी सँवर जाएँगे एक भटका हुआ दरिया ही तो हम हैं कमल एक दिन जा के समंदर में उतर जाएँगे।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो

- कमलकांत डोंगरे

हर कोई माँ का लाल सखी कुछ

हर कोई माँ का लाल सखी कुछ फिरते क्यूँ बेहाल सखी माँ ने मांगी मन्नत ही सदा फिर हुआ ये कैसा हाल सखी। कैसा यह तेरा सवाल सखी करती विधना ये बवाल सखी किस्मत सबकी न्यारी-न्यारी कुछ कर जाते हैं कमाल सखी।

- जे डी कुदाल

प्रेरक प्रसंग- 'संगत का असर'

एक अध्यापक अपने शिष्यों के साथ घूमने जा रहे थे । रास्ते में वे अपने शिष्यों के अच्छी संगत की महिमा समझा रहे थे । लेकिन शिष्य इसे समझ नहीं पा रहे थे । तभी अध्यापक ने फूलों से भरा एक गुलाब का पौधा देखा । उन्होंने एक शिष्य को उस पौधे के नीचे से तत्काल एक मिट्टी का ढेला उठाकर ले आने को कहा । जब शिष्य ढेला उठा लाया तो अध्यापक बोले - ' इसे अब सूंघो ।' शिष्य ने ढेला सूंघा और बोला - गुरु जी इसमें से तो गुलाब की बड़ी अच्छी खुशबू आ रही है । तब अध्यापक बोले - बच्चो ! जानते हो इस मिट्टी में यह मनमोहक महक कैसे आई ? दरअसल इस मिट्टी पर गुलाब के फूल, टूट टूटकर गिरते रहते हैं, तो मिट्टी में भी गुलाब की महक आने लगी है जो की ये असर संगत का है और जिस प्रकार गुलाब की पंखुड़ियों की संगति के कारण इस मिट्टी में से गुलाब की महक आने लगी उसी प्रकार जो व्यक्ति जैसी संगत में रहता है उसमें वैसे ही गुणदोष आ जाते हैं ।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:14, सूर्यास्तः 05:25
चन्द्रोदयः 24:08, चन्द्रास्तः 11:57

अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतुः शिशिर, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : उत्तराफाल्गुनी, योग : सौभाग्य, प्रथम करण : बव (14:31 तक), द्वितीय करण : बालव (27:47 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : कन्या (12:55 से) मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:55 से 12:36, अमृत काल 25:04 से 26:52, त्रिपुष्कर योग 07:09 से 14:31, सर्वार्थसिद्धि योग पूरे दिन, विजय मुहूर्त 13:58 से 14:39, गोधूलि मुहूर्त 17:19 से 17:47, सायाह्न सन्ध्या 17:22 से 18:45, निशिता मुहूर्त 23:48 से 24:43, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:16 से 13:32, दुर्मुहूर्त 16:00 से 16:41, होमाहुति गुरु, दिशा शूल पश्चिम, नक्षत्र शूल उत्तर, अग्निवास पृथ्वी (14:31 तक), चन्द्र वास पूर्व (दक्षिण 12:56 से), शिववास श्मशान में (14:31 से गौरी के साथ)

QUIZ TIME

1) भारत का नक्शा किस व्यक्ति ने बनाया था?

2) अल्पसंख्यक अधिकार दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

3) विश्व की सबसे ऊंची मस्जिद का नाम क्या है?

4) प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?

5) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कहां विश्व के सबसे बड़े ध्यान केन्द्र स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) विलियम लैम्बटन और जॉर्ज एवरेस्ट (2) 18 दिसम्बर (3) ग्रैण्ड हसन मस्जिद, मोरक्को (4) लॉर्ड चेम्सफोर्ड (5) वाराणसी

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपके आकस्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं इसका कुछ ना कुछ शुभ परिणाम अवश्य मिलेगा।

वृष : आज के दिन प्रातः काल से ही आपके अंदर बुद्धि विवेक का विकास होगा कुछेक घरेलू एवं व्यवसायिक कार्य आपकी दूर दृष्टि से पूर्ण होंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रहने वाला है घर एवं बाहर विवेकी व्यवहार रखें।

कर्कः आज के दिन आपके मन में कुछ ना कुछ उधेड़बुन लगी रहेगी जिस कार्य को पहले करना है।

सिंहः आज के दिन आपका स्वभाव लापरवाह रहेगा कोई भी कार्य जब तक सर पर ना आ जाए करेंगे।

कन्याः आज के दिन आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

तुला : आज के दिन आपको धैर्य धारण करने की आवश्यकता है परिस्थितियां दिन के आरंभ से प्रतिकूल बनी रहेंगी बीच-बीच में थोड़ी राहत भी मिलेगी।

वृश्चिक : आज का दिन वैसे तो किसी ना किसी रूप में आप को लाभ जरूर देगा लेकिन मन में किसी अरिष्ट का भय दिन भर परेशान रखेगा।

धनुः आज के दिन आप जिस भी कार्य अथवा योजना को बनाएंगे उसमें कुछ ना कुछ आशाजनक फल अवश्य मिलेगा।

मकरः आज का दिन बीते दिन की तुलना में राहत भरा रहेगा सेहत प्रातः काल की समय थोड़ी नरम रहेगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए अशुभ रहने वाला है। प्रातः काल से ही सेहत में नरमी बनेगी इसका मुख्य कारण पूर्व में बरती असंयमित दिनचर्या सेहत की अनदेखी बनेगी।

मीनः आज के दिन आप की सोची हुई योजनाएं सफल अथवा प्रगति करेंगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी लेकिन आप जिस भी कार्य को अथवा जिस किसी भी व्यक्ति का सहयोग करने का विचार करेंगे। उसमें परिजन ही बाधक बनेंगे परिवार में छोटे भाई का अमर्यादित आचरण घर में अशांति बना सकता है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

1		2	■	3		4	■	5
	■	6			■	7		
8	9		■	10	11		■	
■		■	■	■		■	■	■
12		13	■	14		15	■	16
	■	17			■	18		
19	20		■	21	22		■	
■		■	■	■		■	23	
24		■	■	25				■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 273 का हल

दा	ड़ी	■	की	■	खा	मो	आ	म
बा	■	त	म	न्ना	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	वा	र

न्यूज गैलरी

मैत्री विद्या निकेतन में क्रिसमस व नववर्ष का रंगारंग कार्यक्रम

भिलाई। मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिसाली ने क्रिसमस अवकाश से पूर्व ईसा मसीह के जन्म दिवस पर आधारित मनमोहन गीतों और नृत्यों के माध्यम से उनके जीवन का संदेश दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सुविचार, मनमोहन गीतों और सांता क्लाज के साथ नृत्य करते हुए नववर्ष का स्वागत किया । ईसा मसीह ने प्रेम और सौहार्द का जो संदेश दिया उसे नववर्ष में अपनाने का विचार दिया। विद्यालय ृप्राचार्या डॉ सजीता थंबी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए अच्छी आदतों को नववर्ष में अपनाने के लिए प्रेरित किया और नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दी। अनेक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक एस सजीव और एस साजन, विद्यालय प्रबंधक एवं प्राचार्या, उपप्राचार्या डॉ बीना संजीव, प्रधानाध्यापिका निशि साजन और विद्यालय परिवार उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू सदन के विद्यार्थियों के द्वारा किया गया।

एसबीआई ने बचाए महिला के पैसे

भिलाई। एसबीआई कर्मचारियों की सतर्कता से ना सिर्फ महिला डिजिटल अरेस्ट से बची, बल्कि उसके 45 लाख बच गए। बताया जा रहा है कि रिसाली क्षेत्र की एक विधवा महिला और उसका 22 साल का बेटा अपने घर में एक साथ डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो गए थे। ठगों ने महिला को जमकर डराया- धमकाया। ठगों ने कहा कि उसने सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो और वीडियो अपलोड कर दिए हैं। उसे जेल जाने से बचाने के लिए लाखों रुपए में सौदा किया। SBI के रिसाली ब्रांच के मैनेजर विनीत नायर ने बताया कि ये घटना 19 दिसंबर की है। उनके बैंक की एक ग्राहक बैंक में अपनी 35 लाख की एफडी तुड़वाने आई थीं। बैंक के अधिकारियों ने महिला को अलग-अलग बहाने से करीब 2-3 घंटे तक रोककर रखा। इसके बाद बैंक की सहायक प्रबंधक चंदा यादव और ब्रांच मैनेजर विनीत नायर ने महिला की काउंसिलिंग की। उन्हें समझाया और विश्वास में लेकर बताया कि उनके साथ फ्रॉड हो रहा है। तब जाकर महिला समझी और रुपए नहीं भेजे।

ब्रह्माकुमारी का 25 को आयोजन

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में 25 से 29 दिसंबर तक चलने वाले विंटर कार्निवाल में बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक (अपने बच्चों हेतु) निशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। पहली बार आयोजित विंटर कार्निवाल में क्लास 5 से 8 तक के विद्यार्थीयो के लिए निशुल्क रहेगा। जिसका समय प्रातः 9:30 से 11:30 बजे तक रहेगा। संस्था द्वारा समर कैंप का आयोजन 25 वर्षों से सफलता पूर्वक आयोजित किया जा चुका है।

राज्यपाल ने किया श्री स्वामी नारायण गुरुकुल भवन का उद्घाटन

प्राचीनकाल से ही है गुरुकुल की गौरवशाली परंपरा : डेका

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। राज्यपाल रमेन डेका ने आज सूर्या विहार भिलाई में श्री स्वामी नारायण गुरुकुल विद्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक रिकेश सेन, स्वामी महंत सुफलक दास, मनीष गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल डेका ने कहा कि गुरूकुल भवन केवल एक भौतिक संरचना का अनावरण नहीं है बल्कि यह शिक्षा, संस्कृति और नैतिकता के प्रकाश स्तंभ की स्थापना है। राज्यपाल ने कहा कि स्वामीनारायण गुरूकुल गत 75 वर्षों से शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। भारत के 60 से अधिक गुरूकुलों के माध्यम से 40 हजार से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षित करना और उन्हें नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना, दोनों एक असाधारण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह गुरूकुल परंपरा जिसे हमारे ऋषि मुनियों ने आरंभ किया था, आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायक है। राज्यपाल ने कहा कि प्राचीनकाल से ही हमारे देश में गुरूकुल की गौरवशाली परंपरा रही है। गुरूकुल के संस्थापक संतो और आचार्यो का दृष्टिकोण था कि शिक्षा केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं है बल्कि यह मानव जीवन को संपूर्णता प्रदान करने का मार्ग है। उनका यह दृष्टिकोण आज के समय में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा न केवल व्यक्तिगत विकास का साधन है बल्कि यह समाज और राष्ट्र के निर्माण का भी आधार है। मुझे यह देख कर प्रसन्नता हो रही है कि स्वामी नारायण गुरूकुल इस विचारधारा के साथ विद्यार्थियों को शिक्षित कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि आधुनिक युग में नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है। ऐसे समय में स्वामी नारायण गुरूकुल जैसा संस्थान, समाज में नैतिक संस्कारो को फिर से जीवित करने का कार्य कर रहा है।

चाकू-एयरगन की नोक पर पेट्रोल पंप में लूट

4 नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम, घटना सीसी टीवी में कैद

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नंदिनी थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर 4 नकाबपोश बदमाशों ने चाकू और एयर गन की नोक पर 28 हजार कैश और 2 मोबाइल लूट लिए। अब पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घटना मड़ेसरा स्थित बोथरा पेट्रोल पंप की है। नंदिनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि, बोथरा पेट्रोल पंप के कैशियर पथरिया निवासी छत्रपाल साहू (18) ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि वो और गोपाल साहू पेट्रोल पंप पर ड्यूटी पर थे। रात करीब 10 बजे पेट्रोल पंप बंद कर वे पंप में स्थित ऑफिस में सोने चले गए। रात करीब पौने एक बजे एक्टिवा और बाइक पर चार लड़के आए। चारों की उम्र 25 से 30 साल के बीच रही होगी। बाइक सवार दो लड़के ऑफिस के पास गाड़ी लेकर आए और आवाज लगाई। कैशियर छत्रपाल और गोपाल ने उठकर ऑफिस का गेट खोला, तो उन लड़कों ने कहा कि, वो मुसीबत में हैं। पेट्रोल अर्जेंट में चाहिए। इस पर गोपाल ने कहा कि, पेट्रोल पंप बंद हो चुका है। वो पेट्रोल नहीं दे सकते हैं। इतना सुनने के बाद उन लड़कों ने उनसे विवाद किया। उन्होंने स्टाफ से गाली-गलौज की। बाइक सवार दो लड़कों में से एक ने चड्डा पहना था और अपने चेहरे में गमछा बांधा हुआ था। दूसरा लड़के ने चेहरे को मंकी कैप से ढका हुआ था। जब छत्रपाल ने गाली देने से मना किया तो उन लोगों ने उन्हें धमकी दी कि या तो पेट्रोल दो या फिर उन्हें पेट्रोल भरवाने के लिए पैसा दो। छत्रपाल और गोपाल ने उनका विरोध किया तो वो दोनों लड़के हाथ मुक्का और डंडे से मारपीट करने लगे। इस दौरान एक लड़के अपने पास रखे चाकू और दूसरे ने एयर गन को निकाल कर से छत्रपाल और गोपाल को कमरे में बैठा दिया। इसके बाद उन लोगों ने अलमारी के लॉकर को तोड़कर कैश लेकर भाग गए।

घर में घुसकर पिटाई की, पति-बेटा गए थे बाहर, आरोपी सुकमा में है एसडीओपी

डीएसपी ने डॉक्टर की पत्नी से किया रेप

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। डॉक्टर की पत्नी से रेप किया है। बताया जा रहा है कि, आरोपी डीएसपी महिला का रिश्तेदार है, इसलिए घर में आना-जाना लगा हुआ था। आरोपी ने पहले महिला को पीटा, फिर दुष्कर्म किया। शिकायत के बाद मोहन नगर थाने में FIR दर्ज कर ली गई है। जानकारी के मुताबिक, डीएसपी तोमेश वर्मा सुकमा जिले के जगरगुंडा में एसडीओपी के पद पर पदस्थ है। पीड़ित महिला के मुताबिक जुलाई 2020 में प्लॉट खरीदने के सिलसिले में घर आया था। अपने परिवार के साथ उनके घर में रुका भी था। इसी दौरान महिला को देखकर तोमेश की नीयत बिगड़ी।

घर में अकेली पाकर किया दुष्कर्म

पीड़िता का आरोप है कि, 4 महीने पहले 31 अगस्त 2024 को शाम 7.30 बजे तोमेश उसके घर पहुंचा। उस दिन महिला घर पर अकेली थी। उसका डॉक्टर पति किसी काम से पाटन और बेटा ट्यूशन गया था। महिला ने तोमेश से कहा कि, घर में कोई नहीं है, इसके बाद भी वह जबरन घर में घुस गया। पीड़िता ने बताया कि घर में घुसते ही डीएसपी ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया तो उसने मारपीट की और जबरन संबंध बनाए। रेप की वारदात के बाद तोमेश वहां से भाग गया।

पति को बताई आपबीती

महिला ने बताया कि, जब उसका पति पाटन से लौटा तो उसने पूरी आपबीती बताई। पति-पत्नी ने पहले तो यह सोचकर बात दबाई कि इससे बदनामी होगी, लेकिन उस वारदात के बाद महिला एकदम चुपचाप रहने लगी। महिला किसी से ढंग से बातचीत भी नहीं करती थी। यह सब देखकर पति ने उसे थाने में FIR दर्ज कराने को कहा। इसके बाद पति-पत्नी दोनों मोहन नगर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

डीएसपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है

मामले में पुलिस ने कहा कि पीड़िता की शिकायत मिली है, जिसके बाद केस दर्ज किया गया है। महिला के आरोपों की जांच की जा रही है। हालांकि, अभी तक आरोपी डीएसपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

रिटायर्ड बिजली कर्मचारी के घर लाखों की चोरी

जामुल थाना क्षेत्र में रिटायर्ड बिजली कर्मचारी के घर से लाखों की चोरी हुई है। चोरों ने घर में घुसकर अलमारी के लॉकर से सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। उनके घर से 12 तोला सोना और करीब 800 ग्राम चांदी के जेवरात और सिक्के चोरी हो गए। जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पांडे के मुताबिक, खेड़ामारा गुलाब नगर निवासी भरत लाल गांड्रे (66) ने बताया कि वे सीएसपीडीसीएल के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। 18 दिसंबर घासीदास जयंती पर वे घर में ताला लगाकर पूरे परिवार के साथ बाहर गए थे। वे शाम छह बजे घर से करीब एक किलोमीटर दूर गुरु घासीदास बाबा के मंदिर गए थे। वहां से उनका बेटा मनीष गेंड्रे करीब आठ बजे मंदिर से घर लौटा और मेन गेट का ताला खोला तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। इसके बाद उनका भतीजा अनिकेत दीवार फांदकर अंदर घुसा तो देखा कि मेन गेट की कुंडी अंदर से बंद थी।

पर्यावरण जागरूकता माह के तहत् आयोजन

बीएसपी ईएमडी द्वारा पर्यावरण से जुड़े किए विभिन्न कार्यक्रम

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र की पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्ध, ऊर्जा प्रबंधन विभाग ईएमडी द्वारा पर्यावरण जागरूकता माह-2024 के तहत पर्यावरण केंद्रित कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। कई सप्ताह तक चलने वाली इन पहलों में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया और पर्यावरण जागरूकता के लिए एक सामूहिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया। बीएसपी में मनाए जा रहे पर्यावरण जागरूकता माह के अंतर्गत, ऊर्जा प्रबंधन विभाग (ईएमडी) ने पर्यावरण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों के अंतर्गत को एक क्विज कार्यक्रम ''क्वेस्ट-ऑन'' का आयोजन किया। यह क्विज कार्यक्रम एलएंडडी विभाग और पर्यावरण प्रबंधन विभाग के सहयोग से ''पर्यावरण और ऊर्जा'' विषय पर आयोजित किया गया था। इस क्विज कार्यक्रम को बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली और बीएसपी के संकार्य और गैर-संकार्य विभागों से कुल 52 टीमों ने इसमें भाग लिया था। वरिष्ठ प्रबंधक ईएमडी ऐमन अली और प्रबंधक (एसएमएस-3) हिमांशु वर्मा ने इस क्विज कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) आरके श्रीवास्तव और मुख्य महाप्रबंधक ईएमडी पीवीवी एस मूर्ति, विशेष उपस्थित अतिथियों में महाप्रबंधक (ईएमडी) संजय, महाप्रबंधक प्रभारी (रखरखाव, ईएमडी) सी चंद्रशेखर और महाप्रबंधक ईएमडी मौजूद थे।

सुशासन सप्ताह के तहत् सीआरपी घर घर जाकर बनायेंगी आयुष्मान कार्ड

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ को लेकर 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। अटल जी के नीतियों एवं विचारो को लेकर परिचर्चा का आयोजन सीआरपी, सीओ एवं मिशन मैनेजर के बीच में किया गया। सी.ओ. सुलोचना धनकर निवासी ग्राम घुमका-पटेवा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी जी की ही देन है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से ग्राम को जोड़ा गया। पहले हम लोगो का गांव बहुत पिछड़ा था, जैसे ही हमारे गांव को शहर के सड़क से जोड़ दिया गया। धीरे-धीरे करके सब सुविधा मिलती गई, हम लोग अगर गांव से आकर शहर में पढ़ लिखकर नौकरी कर रहे है तो यह सुगम सड़क व्यवस्था होने से ही संभव हुआ। सड़क बन गई, गांव तक बस, एम्बुलेंस, फायरब्रिगेट की गाड़ी आदि पहुंचने लगी, हम लोग पढ़ने शहर तक जाने लगे। कालेज तक की पढ़ाई हमने गांव से रहकर ही कर ली। सड़क नहीं होती तो यह संभव नहीं था। परिचर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि 70 प्लस के वरिष्ठ नागरिको के लिए 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। निगम क्षेत्र में 70 सीआरपी (सामुदायिक स्त्रोत व्यक्ति) एवं 23 सीओ (सामुदायिक संगठिका) कार्यरत है। जो नगर निगम के 70 वार्डो के पार्षदगण, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओ से संपर्क करेगी। 70 प्लस के वरिष्ठो का चुनाव करके उनका आयुष्मान कार्ड बनवायेगी। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता रहती है। वह आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक होना चाहिए। विधायक रिकेश सेन व महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको, जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किए है कि अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करे।

कार्यक्रम में सीआरपी राजकुंमारी वर्मा, सुधा सिंह राठौर, अनामिका सिंह सार्वा, आरती, स्वर्णा डोगरे, मंजू चैधरी, रीता देवी चैधरी, के मुरली रेडडी, सीमा जोशी, पदमिनी वर्मा, अनिता मोर्या, कविता खापरडे, पुष्पा शर्मा, नंदिनी साहू, बबिता साव, शशि आदि मौजूद थे।

जयबालाजी संरक्षित क्षेत्र घोषित

दुर्ग। ग्राम रसमड़ा स्थित जय बालाजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड बोरई इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ सेन्टर क्षेत्र को कलेक्टर ने एक वर्ष के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। इस आशय को लेकर पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी व उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा आवेदक कंपनी के प्लांट क्षेत्र व समस्त प्रवेश द्वारों को संरक्षित घोषित करने की अनुशंसा की थी। छग राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा के अंतर्गत आवेदक कंपनी की संलग्न मानचित्र के अनुसार संपूर्ण क्षेत्र को एक वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। उक्त क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं आवेदक कंपनी द्वारा प्रवेश हेतु अधिकृत को छोड़कर अन्य का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

जयंतीनगर के प्रमुख सड़क होंगी दुरुस्त : विधायक गजेन्द्र

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वार्ड 16 जयंतीनगर के रहवासियों को कच्ची सड़क में आवागमन से निजात मिलने वाली है, वार्ड के 2 प्रमुख सड़क का सीमेंटीकरण और डामरीकरण किया जायेगा। इसके अलावा महिला समिति की मांग पर सामुदायिक भवन भी बनेगा। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने चुनाव में किये वादे के अनुरूप उनकी मांग को पूरा करते हुए वार्ड के नागरिकों के साथ भूमिपूजन किया। उन्होंने वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रदेश के विकास के पूरी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ कार्य कर रही है। यह कार्य भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पटरीपार क्षेत्र में विकास के लिए प्रदेश सरकार से निरंतर विकास कार्यो की सौगात मिल रही है इसी कड़ी में आज वार्ड 16 जयंती नगर सड़क को दुरुस्त करने भूमिपूजन किया। कॉलोनी में आने जाने प्रमुख सड़क अब तक पक्का नहीं हो पाया है, जिससे बारिश के सीजन में आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, अपनी समस्याओ को लेकर नागरिकों ने शहर विधायक के समक्ष संज्ञान में लाए और कुछ महीनों में ही उनके वार्ड के सड़क बनाने शासन से राशि स्वीकृत हो गई। भूमिपूजन में पहुँचे विधायक यादव का वार्ड की महिलाओ ने स्वागत अभिनन्दन किये।

टैक्स जमा करने खुला अलग काउंटर, ऑनलाइन की भी मिलेगी सुविधा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम मुख्य कार्यालय गेट के निकट टैक्स जमा करने आने वाले लोगों के लिए अतिरिक्त कक्ष स्थापित किया गया है।कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने टैक्स काउंटर का निरीक्षण कर मौजूद राजस्व अधिकारी मनीष गायकवाड़, उपराजस्व निरीक्षक निशांत यादव को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कमिश्नर ने कहा कि नगर निगम द्वारा ऑनलाइन टैक्स का काउंटर खोला गया।जिसमें करदाता आकर अपना टैक्स कैश में या क्रेडिट या डेबिट कार्ड एवं चेक द्वारा टैक्स का भुगतान कर सकते है। लेकिन चेक क्लियर होने के बाद टैक्स राशि जमा किया जायेगा। उन्होंने टैक्स से संबंधित जैसे ऑनलाइन टैक्स सहित आदि की जानकारी ली। उन्होंने ने टैक्स के लिए सभी का टैक्स ऑनलाइन करने की बात कही। निगम में विभिन्न प्रकार के टैक्स जमा करने आने वाले लोगों के लिए सुविधा मिलेगी। निगम मुख्यालय के अलावा नजदीकी जोन व वार्डो में फील्ड में रहकर निगम कर्मचारियो के पास भी संपत्तिकर जमा किए जा सकते हैं।घर बैठे ऐसे कर सकते हैं ऑनलाइन जमा कई करदाता घर बैठे ऑनलाइन भी टैक्स जमा कर सकते है। मुख्य कार्यालय गेट के पास में टैक्स जमा करने आने वाले लोगों के लिए काउंटर बनाया गया है। निगम में विभिन्न प्रकार के टैक्स जमा करने आने वाले लोगों के लिए सुविधा को ध्यान में रखते हुए खोला गया है।

आयोजन... गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान व शिक्षा के लिए राज्यपाल डेका ने नए स्नातकों को बधाई दी।

आईसीएफएआई विश्वविद्यालय ने मनाया अपना दूसरा दीक्षांत समारोह

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। आईसीएफएआई विश्वविद्यालय ने होटल बेबीलोन कैपिटल में अपना दूसरा दीक्षांत समारोह मनाया। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेश डेका कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. डॉ. आरपी कौशिक, पूर्व भारतीय राजदूत तुर्कमेनिस्तान, कुलपति प्रो. डॉ. सत्य प्रकाश दुबे, डीन अकादमिक डॉ. के. किशोर कुमार एवं रजिस्ट्रार डॉ. मनीष उपाध्याय आईसीएफएआई विवि रायपुर के शासी निकाय के सदस्य गणमान्य नागरिक , स्नातक छात्रों एवं उनके माता-पिता के साथ उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विवि के दूसरे दीक्षांत समारोह में उपस्थित होने का अवसर मिलने पर आभार व्यक्त किया। इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, वाणिज्य और कानून के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्यपाल डेका ने नए स्नातकों को बधाई दी, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ता से अपनी शैक्षणिक खोज में सफलता प्राप्त की है उन्होंने आगे कहा कि आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रायपुर देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है जो कई वर्षों से शिक्षा के विभिन्न शाखाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान ने कई कठिनाइयों और चुनौतियों के बावजूद अपनी वर्तमान स्थिति को प्राप्त करने में सफलता पाई है, जिसमें योग्य संकाय सदस्य हैं और मुख्यधारा के इंजीनियरिंग विषयों और अन्य पाठ्यक्रमों में 400 से अधिक छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। मुख्य अतिथि ने बच्चों के शैक्षणिक प्रयासों के संबंध में उनके माता-पिता के प्रेरणादायक समर्थन के लिए भी बधाई दी। उन्होंने कहा वास्तविक दुनिया में किसी व्यक्ति का प्रदर्शन हमेशा अर्जित ज्ञान और कौशल का कुशलतापूर्वक उपयोग करने की उसकी क्षमता पर निर्भर करता है। उन्होंने युवा छात्रों से संस्थान द्वारा प्रदान किए गए सभी अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस दौरान विवि ने पीजी, यूजी और डिप्लोमा छात्रों को लगभग 400 डिग्री प्रदान की, विभिन्न विभागों के मेधावी छात्रों को 21 स्वर्ण पदक और 18 रजत पदक प्रदान किए, जिन्होंने वर्ष 2023-24 में स्नातक किया है। अपने संबोधन में कुलपति डॉ. सत्य प्रकाश दुबे ने सभी सम्मानित गणमान्य अतिथियों को उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। विवि डीन अकादमिक डॉ.के. किशोर कुमार ने उत्तीर्ण छात्रों को राष्ट्रीय भूमिकाओं के लिए अपनी प्रतिष्ठित डिग्री को बनाए रखने की गंभीर प्रतिज्ञा लेने की बात कही।

उच्च शिक्षा के महत्व से कराया अवगत

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पोषक विद्यालय संपर्क अभियान 2024 के अंतर्गत शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय द्वारा शा.उ.मा. विद्यालय तितुरडीह में एक प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व से अवगत कराना, उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करना, और उनके शैक्षिक और करियर लक्ष्यों को स्पष्ट करना था। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक डॉ. मोतीराम साहू, डॉ. रजनीश उमरे, और डॉ. गोविंद गुप्ता ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. साहू के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से महाविद्यालय उपलब्ध पाठ्यक्रमों, शोध कार्यों, शैक्षणिक उपलब्धियों और महाविद्यालय में प्रदान किए जाने वाले अन्य शैक्षणिक व व्यक्तिगत विकास के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय में अध्ययन न केवल छात्रों के व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह समाज और देश के विकास में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि कई बार छात्र पढ़ाई छोड़ देते हैं, जिससे जीवन व करियर पर प्रभाव पड़ता है।

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता अंकित शिवरामवार पिता-श्री अशोक शिवरामवार, उम्र 35 वर्ष, निवास ई.डब्ल्यू.एस.-2/9, कोसा नगर, वार्ड नं.-05. भिलाई नगर, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि शपथपूर्वक कथन करता हूँ यह कि, मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। मेरे पुत्र प्रथम शिवरामवार का जन्म 25/03/2022 को स्थान श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस जुनवानी मिलाई, जिला दुर्ग में हुआ है, जिसका पंजीयन कं. बी-2022 2290711 007518 जारी हुआ है जिसमें त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम स्वर्णांश शिवरामवार वर्ज हो गया है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम प्रथम शिवरामवार है. जो कि सही व सत्य है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में सुधार कर मेरे पुत्र का सही व सत्य नाम प्रथम शिवरामवार दर्ज कराना चाहता हूं जिस बाबत् यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोद्य के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
अंकित शिवरामवार
पिताश्री अशोक शिवरामवार,
निवास ई.डब्ल्यू.एस.-2/9,
कोसानगर, वार्ड नं. 5. भिलाई
नगर, मोतीलाल नेहरू नगर
भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

मदर्स प्राइड स्कूल में वार्षिक उत्सव संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। मदर्स प्राइड हायर सेकेंडरी स्कूल रायपुर ने 22 दिसंबर 2024 को अपने खम्हरिया परिसर में वार्षिक उत्सव ओडिसीः द लिगेसी ऑफ भारत का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा पारंपरिक नृत्य, संगीत, नाटक और स्किट सहित भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया गया। एक कला प्रदर्शनी में छात्रों की कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गईं, जो भारत के ऐतिहासिक मील के पत्थर और सांस्कृतिक प्रतीकों को दर्शाती थीं, जिन्हें आगंतुकों से व्यापक प्रशंसा मिली। उत्सव में क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टॉल, पारंपरिक रूपांकनों से सजे रचनात्मक सेल्फी कॉर्नर और लोकप्रिय मैस्कॉट्स और इनफ्लेटेबल जम्पर्स वाले मनोरंजन क्षेत्र भी शामिल थे, जिन्होंने उत्सव के माहौल को और बढ़ाया। उद्घाटन दिवस अत्यंत सफल रहा, जिसने सभी प्रतिभागियों के बीच एकता और गर्व की भावना को बढ़ावा दिया और आगामी दिनों के कार्यक्रमों के लिए एक उच्च मानदंड स्थापित किया।

केशरवानी वैश्य सभा का युवक युवती परिचय सम्मेलन 13 को

सरायपाली/नवप्रदेश। पवित्र व विख्यात धार्मिक स्थल शिवरीनारायण में छ.ग. राज्य केशरवानी वैश्य सभा ,केशरवानी प्रदेश महिला तरुण सभा व शिवरीनारायण सम्बद्ध नगर एवं ग्राम सभाओं के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 13 जनवरी को एक दिवसीय विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है । इस संबंध ने सरायपाली के सामाजिक सदस्य दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुवे बताया कि इस शबरीनारायण तीर्थस्थल शिवरीनारायण में होने वाले इस सम्मेलन के संचालनकर्ता मिलेंद्र केशरवानी ने जानकारी देते हुवे बताया कि विवाहों में होने वाले अनावश्यक व भारी भरकम खर्च को देखते हुवे समाज द्वारा निर्णय लिया गया कि समाज में सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाये इसी को ध्यान में रखते हुवे भगवान श्री नर नारायन व गोत्राचार्य महर्षि कश्यप जी के आशीर्वाद से आगामी 13 जनवरी सोमवार को शिवरीनारायण में एक विशाल सामूहिक परिचय व परिवार मिलन समारोह का आयोजन खरौद रोड शिवरीनारायण स्थित रिआन होटल में आयोजित किया जा रहा है ।

कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज का सामूहिक विवाह व परिचय सम्मेलन

भिलाई/दुर्ग। श्री कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज जिला दुर्ग द्वारा दुर्ग जिला के सभी पदाधिकारीयों , सदस्यों एवम महिला मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यो की बैठक अध्यक्ष दुर्ग में अरविंद गुप्ता के अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में आगामी 2025 में अखिल भारतीय सामूहिक विवाह एवम परिचय सम्मेलन

आयोजित करने हेतु विशेष चर्चा हुई ,चर्चा उपरांत सभी की राय एवम सहमति से दुर्ग जिला में अखिल भारतीय सामूहिक विवाह व परिचय सम्मेलन कार्यक्रम आने वाले वर्ष दिनांक 22 व 23 नवंबर 2025 को आयोजित किये जाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया । दुर्ग जिला के लिए सभी स्वजातीय बंधुओ एवम सभी स्वजातीय महिलाओ के अथक प्रयास एवम सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा व सभी की सक्रिय भागीदारी रहेगी। उक्त जानकारी सरायपाली के सामाजिक सदस्य दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुवे बताया कि अखिल भारतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जाने हेतु सभी प्रकार की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है । आने वाले समय मे सभी सदस्यों को उनकी क्षमता व योग्यतानुसार जवाबदारी व जिम्मेदारी दी जाएगी ।इस वृहद कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कार्यक्रम स्थल का भी सुविधानुसार चयन किया जायेगा। उक्त बैठक में उपस्थित समाज के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, संरक्षक नल कुमार गुप्ता, सचिव शैलेंद्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष बिनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, सहसचिव मूलचंद गुप्ता, फूलचंद गुप्ता,सहकोषाध्यक्ष अभिलाष गुप्ता, संगठन प्रमुख शत्रुहन गुप्ता, सहसंगठन प्रमुख राम बाबू गुप्ता, प्रमुख सलाहकार राम खिलावन गुप्ता, प्रचार प्रमुख योगेश गुप्ता , सह प्रचार प्रमुख हरिओम गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, विक्की गुप्ता, धीरेंद्र गुप्ता, व्रजेश गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्ष संतोषी गुप्ता, उपाध्यक्ष अंजू गुप्ता,, उपाध्यक्ष राधा गुप्ता, मंजू गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य प्रतिभा गुप्ता आदि समाज के लोग उपस्थित थे ।

संत बाबा गुरु घासीदास ने जीवन में मानवता, एकता और समृद्धि का मार्ग दिखाया है : विजय शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा विकासखंड के ग्राम घोटिया, नेवारी और ग्राम महाराजपुर में संत गुरू घासीदास मंदिर और जैतखाम में फूल माला अर्पण कर पूजा अर्चना की। उन्होंने संत गुरू बाबा घासीदास का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समाज के प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट मुलाकात की और सभी का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने ग्राम नेवारी में सड़क निर्माण के लिए 10 लाख रुपए और स्व सहायता समूह की दीदियों के महतारी सदन के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, श्री विदेशी राम धुर्वे, श्री कैलाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। संत बाबा गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। उनका सन्देश मनखे-मनखे एक समान आपसी भाई चारा और सबको एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश देता है।

उन्होंने कहा कि बाबा जी की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन मे उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते है। उन्होंने घासीदास के संदेश के बारे में बताते हुए कहा कि गुरु जी ने अपने जीवन में मानवता, एकता और समृद्धि का मार्ग दिखाया है, जो आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। उनका संदेश सभी को एक सूत्र में बांधने और आपसी भेदभाव को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि गांव के विकास कार्य लगातार किया जा रहा है। इसके लिए गांव में विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य ग्रामीणों की भागीदारी से पूरे किए जाएं, ताकि स्थानीय जरूरतों और प्राथमिकताओं का ख्याल रखा जा सके।

बस्तर में महतारी वंदन योजना में अभिनेत्री का नाम शामिल होने पर मचा हड़कंप

दिनभर मचा सनी लियोन पर सियासी शोर सरकार के एक्शन में पकड़ाया फर्जीवाड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। फिल्म अभिनेत्री सनी लियोनी के महतारी वंदन की सूची में नाम होने पर कांग्रेस-बीजेपी में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। दीपक बैज ने भाजपा को घेरते हुए इस पर कहा कि इसकी जांच कराई जाए। साथ कई और गंभीर आरोप उन्होंने लगाए हैं। इसके जवाब में भाजपा ने भी पलटवार किया है। इतना ही भाजपा ने कांग्रेस के शासनकाल में अपने चुनावी वादे महिलाओं से पूरे नहीं करने की बात करते हुए सवाल दागे हैं। हालांकि दिनभर चले सियासी शोर के बीच फिल्म अभिनेत्री का नाम शामिल करने वाले जिम्मेदार अधिकारी पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

फर्जीवाड़ा करने वाले व्यक्ति पर भी एफआईआर

बस्तर के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मीडिया में दिखाया जा रहा समाचार महतारी वंदन योजना में सनी लियोन को मिल रहे हजार रुपए की शिकायत प्राप्त हुई जिसकी प्रारंभिक जांच से पता चला की उक्त आवेदन ग्राम तालूर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदमती जोशी की आईडी से रजिस्टर्ड हुआ है। मामले की जांच किए जाने पर पता चला की वीरेंद्र जोशी नामक व्यक्ति द्वारा जालसाजी कर अवैधानिक तरीके से राशि का आहरण अपने खाते में किया जा रहा है। संबंधित के विरुद्ध शासन के साथ धोखाधड़ी करने के अपराध में प्राथमिकी दर्ज कर ई जा रही है। उसके बैंक खाते को होल्डकर वसूली की भी कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा संबंधित कार्यकर्ता और तत्कालीन पर्यवेक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही हैं।

कांग्रेस के सारे नेताओं को छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों से तुरंत माफी मांगनी चाहिए

महतारी वंदन योजना को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने अनेक बार झूठ बोला है, जिसके लिए कांग्रेस के सारे नेताओं को छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों से तुरंत माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के नेता झूठ की राजनीति करते हैं, भ्रम की राजनीति करते हैं। भाजपा विधायक शुक्ला ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के संकल्प की पूर्ति करते हुए सत्ता में आने के तीन महीनों के भीतर ही प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस योजना पर अमल शुरू कर दिया था, जो बिना किसी बाधा के नियमित महिलाओं तक हर महीने पहुँच रही है और प्रदेश की महिलाएँ इस राशि से परिवार, बच्चों की शिक्षा, निवेश आदि में अर्थ-प्रबंधन को सुचारू दिशा प्रदान कर रही हैं। शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश में सैंपल सर्वे करने के बजाय अगर बैज कांग्रेस की महिला नेत्रियों से ही पूछ लें तो उन्हें पता चल जाएगा कि दल, जाति, पंथ के भेदभाव के बिना शत-प्रतिशत महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। कांग्रेस इस बहाने महतारी वंदन की शक्ति स्वीकार कर रही है।

बस्तर कलेक्टर ने कराया तत्काल जांच, नाम डालने वाले आरोपियों पर एफआईआर

बस्तर कलेक्टर हरिस एस ने महतारी वंदन योजना में ग्राम तालुर से संबंधित अनियमितता की जांच महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारियों को करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित के बैंक खाते को सीजकर वसूली की कार्यवाही करने तथा इस कार्य में संलग्न व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने रविवार को संबंधितों पर आवश्यक कार्यवाही भी की है।

बैज के बयान पर विधायक सुशांत में छिड़ी जुबानी जंग, बैज बोले, जांच होनी चाहिए

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, पॉर्न स्टार के नाम से महतारी वंदन की राशि जारी हो रही है। पति का नाम पोर्न स्टार जॉनी सिंस लिखा हुआ है। सनी लियोनी के नाम से हर महीने 1000 रुपए जारी हो रहा है. बैज ने सरकार से मामले की जांच करने की मांग की है। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, महतारी वंदन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है. घोटाले के लिए मंत्री और सरकार जिम्मेदार है. सनी लियोनी के नाम से राशि जारी हो रही है. कल करीना कपूर का नाम भी सामने आएगा।

धनसीर में ईशर गौरा महोत्सव धूमधाम से मनाया

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। ग्राम धनसीर के मांझा खोल में गौरा गौरी महिला समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ईशर गौरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस गौरा गौरी विवाह की परंपरा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को बनाए एवं बचाए रखने में ग्रामीण अंचलों की अहम भूमिका रहती है।महिलाओं द्वारा एक सप्ताह तक गांव के घर - घर जाकर सुआनृत्य किया गया।जिसमें मांझा खोल से भगवान शंकर की बाराती निकलकर मांदर के ताल के साथ नाचते झूमते हुए वधू पक्ष नरसिंग लाल ठाकुर के घर पहुंची। बारातियों का स्वागत धूमधाम से किया गया और बाराती पुनः मांझा खोल पहुंची। रात भर महिलाओं द्वारा विवाह गीत गाया गया। सुबह पूजन के बाद फिर नाचते गाते मांदर के ताल के साथ ठाकुर तालाब में विसर्जन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष तथा बच्चे उपस्थित रहे। सबके लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

शिवांश में सजा संस्कृति का उत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। काठाडीह स्थित शिवांश इंटरनेशनल स्कूल में आठवें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार आईपीएस सिविल लाइन रायपुर, विशेष अतिथि के रूप में पद्मिनी शर्मा सचिव शिवांश ग्रुप ऑफ स्कूल, विशिष्ट अतिथि रूप में शिवांश ग्रुप ऑफ स्कूल की संस्थापक सदस्य उषा शर्मा, स्वर्गीय शिव कुमार शर्मा शिव शिक्षण समिति के अध्यक्ष आकाश शर्मा, शिवांश इंटरनेशन स्कूल राजिम के डॉयरेक्टर चित्रकांत शर्मा, शिवांश इंटरनेशनल स्कूल रायपुर के सहायक निदेशक शुभम त्रिपाठी, शिवांश इंटरनेशनल स्कूल कुंरा धरसींवा की प्राचार्या हिमांशी शर्मा की उपस्थिति रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवांश इंटरनेशनल स्कूल रायपुर की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी द्वारा की गई। मुख्य अतिथि अजय कुमार ने बच्चों को समाज का संसाधन बताया उन्होंने बताया कि बच्चों को सजग व शिक्षा प्रदान करके समाज को नशे, सोशल फ्रॉड जैसी कुरीति से बचाया जा सकता है। शुभम त्रिपाठी जी ने पालकों से बच्चों के प्रति सजग रहने की और एक आदर्श व्यक्तित्व समाज को सौंपने की अपील की। स्कूल की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी ने विद्यालय के वार्षिक रिपोर्ट को पालकों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बच्चों की उपलब्धियां, विद्यालय द्वारा मिलने वाले अवसरों, और शत-प्रतिशत रिजल्ट का वर्णन किया। बच्चों द्वारा क्लासिकल डांस, नागस डांस, राधा कृष्ण लीला, घूमर डांस, कालभैरव डांस का प्रदर्शन किया गया। बच्चों द्वारा डांस के माध्यम से पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय अब्दुल कलाम एवं उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी गई। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राजकीय गीत, रामायण गीत प्रस्तुत किया गए। इस कार्यक्रम में 1000 से अधिक बच्चों वह 2500 से अधिक पालकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

भवन निर्माण कार्य अतिशीघ्र शुरू नहीं करने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव के आदिवासी समाज के सदस्यों द्वारा सामाजिक भवन के निर्माण कार्य प्रारंभ नही होने पर आक्रोसित नजर आए वही आदिवासी समाज के पदाधिकारीयों ने बतया कि कुछ वर्ष पहले पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा आदिवासी समाज के लोगो द्वारा सामाजिक भवन के लिए भूमि की मांग करने पर वार्ड 1 सिंघिचुवा मेन रोड मे 2 डिसमिल शासकीय ज़मीन आबंटीत किया गया था जिस पर वर्तमान सरकार ने सामाजिक भवन बनाने हेतु 10 लाख की स्वीकृति भी प्रदान की है जिसका टेंडर भी हो चूका है. नगर पंचायत के सुस्त रवैये और उनकी उदासीनता से अब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है और ज़मीन पर कई लोगो की नजर भी पड़ी हुई है।

सेवा सहकारी समिति मर्यादित बेमेतरा के अध्यक्ष बने दोहाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति मर्यादित बेमेतरा के सीमित अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा बनें। अध्यक्ष बनने के बाद दोहाई लाल वर्मा अपने समर्थकों के साथ विधायक कार्यलय पहुचे, जहाँ विधायक दीपेश साहू का सोसायटी अध्यक्ष मनोनीत करने पर धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। इस दौरान विधायक श्री साहू अध्यक्ष मनोनीत होने पर दोहाई लाल वर्मा को मिठाई खिलाकर भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन क़र बधाई एवं शुभकामनायें दिये। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आपके नेतृत्व में सोसायटी निश्चित रूप से विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। आपकी ईमानदारी, कड़ी मेहनत और नेतृत्व क्षमता से

क्षेत्र की प्रगति को नया बल मिलेगा। हमें पूर्ण विश्वास हैं कि आपके मार्गदर्शन में सहकारी समिति किसानों और क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य करेगी। आपको नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ। अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी द्वारा मुझे दी गई हैं, उसको

चौथे दिन की कथा में हुआ वामन अवतार एवं कृष्ण जन्म का वर्णन

रायपुर/नवप्रदेश। स्थानीय समता कॉलोनी रायपुर धाम खाटू श्याम मंदिर में जिंदल एवं सिंघल परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा अमृत महोत्सव में डीडवाना नागौर राजस्थान से पधारे आचार्य पंडित संजय कृष्ण शास्त्री महाराज ने कथा के चौथे दिन भगवान वामन अवतार, रामावतार एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया।

इस दौरान बच्चों ने वामन अवतार एवं श्रीकृष्ण-वासुदेव की मनमोहक झांकियां भी पेश कीं। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन

करते हुए गुरुजी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म कंस की कारागार में भादो मास की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में मध्य रात्रि के समय हुआ था। आगे चलकर भगवान श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचारों से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। अतः श्रीकृष्ण जी हमारे पूज्य देव हैं।

शास्त्री ने बताया कि राम कथा हमें जीना सिखाती हैं, और भागवत कथा जीवन को तारना सिखाती हैं। कथा के मुख्य यजमान निर्मल सिंगल और नवरंग जिंदल ने बताया कि जीवन की भागदौड़ भरी जिंदगी में हमें भी भव्य कथा के आयोजन का और रसपान का अवसर मिला। यह हमारा परम सौभाग्य है और उन्होंने समाज से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में बच्चों सहित सभी कोई आए तो उस परिवार के बच्चों को यानी कि आने वाली पीढ़ी को जीवन जीने की शैली मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आगे जानकारी देते हुए बताया गया कि यह श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन 3:15 से 6:15 तक 25 दिसंबर तक चलेगी।

प्रथम पेज का शेष

द ऑर्डर ऑफमुबारक अल कबीर....

सिटी के बयान पैलेस में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। मोदी की कुवैती नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने से पहले कुवैत के प्रधानमंत्री शेख अहमद अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा ने उनकी अगवानी की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 'एक्स' पर कहा, प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक यात्रा पर विशेष स्वागत! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बयान पैलेस में पहुंचने पर औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर। कुवैत के प्रधानमंत्री महामहिम शेख अहमद अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा ने गर्मजोशी से स्वागत किया। महामहिम अमीर, क्राउन प्रिंस और कुवैत के प्रधानमंत्री के साथ व्यापक बातचीत होगी। कुवैत द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कुवैती और भारतीय पक्षों ने दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, लोगों, विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के साधनों, सहयोग के विस्तार, आम चिंता के प्रमुख मुद्दों तथा क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में नवीनतम विकास पर चर्चा की।

मोदी ने की कुवैत के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री ...

-सुविधाजनक तिथि पर भारत आने के लिए आमंत्रित किया। क्राउन प्रिंस ने मोदी के सम्मान में एक भोज का आयोजन किया।

शाह ने त्रिपुरा में 668 करोड़ के ...

बनाई और 900 करोड़ रूपए के खर्च से 11 गाँव भी बसाए। उन्होंने कहा कि इन गाँव में बिजली, सड़कें, पीने का पानी, कनेक्टिविटी, सोलर स्ट्रीट लाइट्स, सस्ते अनाज की दुकान, आंगनवाड़ी स्कूल और स्वास्थ्य केन्द्र खुले हैं। इन 11 कॉलोनी में रहने वाले लोगों को भारत के अन्य नागरिकों की तरह सभी अधिकार दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं, उनके राशन कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड और कोऑपरेटिव बनाकर उन्हें रोजग़ार देने का काम भी मोदी सरकार ने किया है।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में गेम...

बिजली फ्री, पानी फ्री, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का काम किसी राज्य सरकार ने किया है तो वो दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार है।

कोई और सरकार क्यों नहीं पेश कर पाती मुनाफे का बजट?

प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि देश भर में अन्य किसी भी पार्टी सरकार क्यों न हो, उसने हमेशा घाटे का ही बजट पेश किया। आखिर, ऐसी क्या बात है कि देश में कोई भी सरकार मुनाफे का बजट कभी पेश नहीं कर पाती।

प्रियंका कक्कड़ का यह बयान आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रजिस्ट्रेशन कार्ड कल देने करने के बाद आया है। पूर्व सीएम ने रविवार को ऐलान किया कि महिला सम्मान योजना के तहत रजिस्ट्रेशन सोमवार यानी 23 दिसंबर से शुरू हो रहे हैं। इस स्कीम के तहत दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये दिए जाएंगे।अरविंद केजरीवाल केजरीवाल ने बताया कि महिलाओं के खाते में यह राशि जल्द ही आनी शुरू हो जाएगी. इसके लिए महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है. इस योजना का मकसद महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा और उनकी सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करना है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने कई उपाय किए हैं। महिलाओं को इस योजना का लाभ उठाने के लिए जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की गई है।

भारत की ताकत ने अमेरिका को ...

अमेरिका के बीच अंतरिक्ष और मिसाइल क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करना है।

उल्लेखनीय है कि एमटीसीआर एक समझौता है, जिसे 1986 में मिसाइल और उनकी तकनीकों के प्रसार को रोकने के लिए बनाया गया था। भारत 2016 में इस समझौते का सदस्य बना था। हालांकि एमटीसीआर की कुछ सीमाओं की वजह से भारत और अमेरिकी कंपनियों के बीच साझेदारी आ रही है। इसलिए अमेरिका ने अब तय किया है कि वह इन सभी बाधाओं को दूर कर देगा, जिससे कि भारतीय और अमेरिकी कंपनियां एक साथ मिलकर काम कर सके।

एमटीसीआर के नियमों में बदलाव के बाद अब दोनों देश एक-दूसरे के साथ क्रिटिकल तकनीक का भी लेन-देन कर सकेंगे। भारत के मंगलयान और चंद्रयान जैसे अंतरिक्ष मिशन ने पूरी दुनिया चौंका दिया है। अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ने भी भारत की सफलता को सराहा है। अब अमेरिका भारत के साथ मिलकर काम करना चाहता है, जिससे दोनों देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में नई ऊंचाईओं को हासिल कर सके।

पाकिस्तान-चीन के लिए बड़ा झटका

एमटीसीआर के नियमों भारत के लिए बदलाव करने का अमेरिका का यह फैसला पाकिस्तान और चीन के लिए बहुत बड़ा झटका है। जहां एक ओर पाकिस्तान को अमेरिका से सैन्य सहयोग में कटौती का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, दूसरी ओर चीन को इस साझेदारी से कड़ी चुनौती मिलने वाली है।

संवाद से संकटों के हल खोजना भारत ...

डा.अजीत पाठक, पूर्व सांसद नंदकुमार साय, साहित्यकार गिरीश पंकज, लोक गायक पद्मश्री से अलंकृत भारती बंधु, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी आलोक अवस्थी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.अविनाश वाजपेयी, प्रो.पवित्र श्रीवास्तव सहित देश भर से आए 200 जनसंपर्क अधिकारी और जनसंचार विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

कार्मेल कान्वेंट स्कूल बागबाहरा में मनाया गया ऊर्जा उत्सव

बागबाहरा/नवप्रदेश। नगर में स्थित कार्मल कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक खेल ऊर्जा उत्सव का आयोजन कल किया गया था द्य कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के सम्मान के साथ किया गया उसके बाद प्री प्राइमरी, प्राइमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकेंडरी के बच्चों द्वारा खेल अनुसार अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया द्य ऊर्जा उत्सव कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में एरिक गिल्बर्ट जॉस (कमांडेंट 216 सीआरपीएफ) और अतिथि के रूप में बागबाहरा थाना प्रभारी अजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में बच्चो को उद्बोधन करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनिवार्य है और विद्यार्थी जीवन में इसका महत्व और बढ़ जाता है, विद्यार्थियों को खेल के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रिंसिपल सिस्टर अर्पिता, सिस्टर मैनेजर सेसिल ,

सिस्टर फियोना, सिस्टर एलसिना, सिस्टर सुजाता और सभी स्टाफ मेंबर कि महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के समापन पर सिस्टर प्रिंसिपल अर्पिता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों, सभी विद्यार्थियों, सभी शिक्षकों और सभी मीडिया प्रभारी का आभार व्यक्त किया।

■ न्यूज गैलरी

फिंगेश्वर कांग्रेस की बैठक

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव के परिपेक्ष्य में वार्डों का आरक्षण पश्चात फिंगेश्वर नगर पंचायत क्षेत्र के कांग्रेसजनों का महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। रविवार 22दिसंबर 24 को सम्पन्न हुए बैठक में फिंगेश्वर नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों के वार्ड वाइस तीन तीन प्रभारियों सहित अन्य वरिष्ठ युवा तथा महिलाएं उपस्थित रहे और अपना अपना विचार रखे और सभी ने एक मत से संकल्पित हुए कि आगामी नगर पंचायत चुनाव में संगठित आपसी सहयोग से चुनाव में हिस्सा लेकर विजय हासिल करने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किए। उपस्थित कांग्रेसजनों ने विधानसभा के अपने सर्वमान्य नेता, मार्ग दर्शक अमितेश शुक्ल के दिशा निर्देश में भावी चुनाव में जीत हासिल करने संकल्प व्यक्त किए। बैठक में प्रमुख रूप से बिसौहा हरित,ओमप्रकाश बंछोर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, हरिशंकर श्रीवास्तव, अनिल चंद्राकर, कमलेश यदु, डोंगर सिंह मरकाम, राजेन्द्र सूर्यवंशी,रामकृष्ण तिवारी, युवराज सिंहा, अतुल श्रीवास्तव, करीम खान,टिकेश साहू, जेठू राम सतनामी, राज ऋषि टंडन, नेमीचंद बंजारे, रामाधीन साहू, कृष्णा ध्रुव, मोहन सोनवानी, लाला राम पांडे, सुनीता श्रीवास, अनसुईया यदु, गुंजा सोनी, हीरामन ध्रुव, सिरोहन निषाद, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि विधायक भावना बोहरा ने बच्चों का बढ़ाया हौंसला

गुरुकुल के जूनियर विंग के बच्चों ने की वार्षिकोत्सव में नयनाभिराम प्रस्तुति

कवर्धा/नवप्रदेश। गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के जूनियर विंग (कक्षा नर्सरी से चैथी तक) के नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं का नयनाभिराम, आकर्षक रंगारंग प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव 'झलक' सम्पन्न हुआ। वार्षिकोत्सव पर संचालन समिति के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी व निदेशकगण प्रभारी प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं एवं भारी संख्या में पालकगण मौजूद रहे।

इस वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भावना बोहरा पंडरिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में जसविंदर बग्गा उपाध्यक्ष भाजपा कबीरधाम, संतोष पटेल भाजपा के महामंत्री मंचासीन थे। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या

की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन वंदन के साथ वार्षिकोत्सव का नयनाभिराम, आकर्षक व मनमोहक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम विद्यालयीन परिवार की ओर से समस्त अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। शाला के प्रभारी प्राचार्य ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शाला की उपलब्धियों से सभी अतिथियों को अवगत कराया। इस सत्र में सम्पन्न हुई विशेष गतिविधियों जैसे उत्सव फन मेला, फैशन शो, छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, गुरुकुल प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता, खो-खो, इत्यादी स्पर्धा के बारे में प्रभारी प्राचार्य ने जानकारी प्रदान की। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विविध रूप से उत्कृष्टता हासिल करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समस्त अतिथियों ने अपने-अपने उद्बोधन में शाला की उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए शाला के उतरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं दी। कक्षा नर्सरी से केजी वन, केजी-टू, पहली, दूसरी के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा लेकर प्रभु का नाम, गोलमाल सांग, जंगल,जंगल बात चली है, कोली डांस, देवा गणेश, जैसे नयनाभिराम मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति को सभी दर्शकों ने काफी सराहा। कक्षा तीसरी, चैथी के बच्चों ने देवी सांग, वेलकम टू जंगल, घूमर की आकर्षक नृत्य व संगीत की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा की वाहवाही लूटी। नन्हें-मुन्ने बच्चों की नृत्य संगीत की अनेकानेक आकर्षक नयनाभिराम प्रस्तुति ने जूनियर विंग वार्षिकोत्सव में चार चांद लगा दिए। वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक गतिविधियों के सफल प्रस्तुति का श्रेय समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं शाला परिवार का भागीरथ प्रयास रहा। अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। रंगारंग नयनाभिराम वार्षिकोत्सव का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

उपमुख्यमंत्री ने की छात्रावास के लिए 5.50 लाख रुपए देने की घोषणा

शहीद वीर नारायण सिंह का देश को आजाद कराने में अमूल्य योगदान : विजय शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, भोरमदेव रोड में आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने मेन रोड से छात्रावास तक पहुंच के लिए सीसी रोड निर्माण हेतु एक लाख रुपए, मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए और छात्रावास में शौचालय निर्माण व अन्य मरम्मत कार्यों के लिए 2.50 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने बालक-बालिका छात्रावास में 50-50 सीटें बढ़ाने का आश्वासन भी दिया।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि

शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। उन्होंने गरीबों और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए जीवनभर कार्य किया। देश को आजाद कराने में उनका योगदान अमूल्य है। उनका त्याग और बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने जो मार्ग दिखाया है, हमें उसी के अनुरूप कार्य करना है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सर्वआदिवासी और विश्व आदिवासी की बात आने पर हमें एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरे देश में मनाने की बात कही और सभी को साथ रहने और एकता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिले में मिनी स्टेडियम बनाया जा रहा है, जिससे युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का नेतृत्व किया और गरीबों व आदिवासी समाज के विकास के लिए आजीवन कार्यरत रहे। उनका योगदान देश की आजादी के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, विदेशी राम धुर्वे, कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, संतराम धुर्वे, मानीराम साहू, मोती बैगा सहित छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वाहन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे पिकअप और बाइक बरामद

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस ने एक वाहन चोर पकड़ा। उसके पास पीकअप और मोटर साइकिल भी बरामद हुई।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोविंदा निर्मलकर उम्र 25 साल साकिन वार्ड नंबर 9 साजा थाना साजा ने 21 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 दिसंबर के सुबह 7 बजे अपने महिन्द्र पीकअप वाहन कमांक सीजी 07 सीए 8478 में वार्ड नंबर 03 साजा से शासकीय दलिया बोरी को लोड कर ग्राम करही, कजरा, जगन्नाथपुर, मोहगांव के आंगनबाड़ी के केंद्र में छोड़कर रात्रि करीबन 8 बजे वापस आकर अपने वाहन को प्रतिदिन रात्रि में साजा रेस्ट हाउस के बाजू में खड़ा करता था।

वहीं पर खड़ा कर अपना घर चला गया था, 21 दिसंबर के सुबह 6 बजे रेस्ट हाउस साजा के पास आकर देखा तो महिन्द्र पीअकप वाहन कमांक सीजी 7 सीए 8478 वहां पर नहीं था, जिसको असापास में पता किया तो कोई पता नहीं चला। पीकअप वाहन कीमती लगभग 3 लाख रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया की रिपोर्ट पर थाना साजा में अपराध सदर धारा 303 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने तत्काल अज्ञात आरोपी का पता तलाश कर कार्यवाही करने निर्देश दिये।

युवा अध्यक्ष बनने से भाजपा होगी मजबूत : प्रकाश सोनी

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा का संगठन महापर्व चल रहा है इसी क्रम में संगठन का महत्वपूर्ण दायित्व एक युवा

को मिलना बहुत ही खुशी की बात है गरियाबंद भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख के बनने से नगर के युवाओं में एक अलग ही उत्साह है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत में युवाओं का योगदान काफ़ी महत्वपूर्ण रहेगा। इसलिए ही उन्होंने कि राजनीति में एक लाख युवा को जोड़ने का संकल्प लिया है और लगता है उनका संकल्प जल्द ही पूरा होगा। बहुत सारे युवा साथियों ने भाजपा प्रवेश की मंशा ज़ाहिर की है और युवा अध्यक्ष मिलने से एक युवा टीम की उम्मीद है लेकिन संगठन में अनुभवी कार्यकर्ताओं का भी साथ मिलेगा साथ मिलकर भाजपा संगठन को और मज़बूत बनाएंगे। क्यों की कुछ समय पश्चात नगरीय निकाय चुनाव है और चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होती है। संगठन के अनुभवी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन और युवा कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता से पालिका चुनाव में पूरे 15 वार्ड में कमल खिलाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे , साथ ही साथ नगर पालिका का अध्यक्ष भी भाजपा का हो इसके लिए भी मेहनत करेंगे।

सूरजपुरा में 42 लाख के कार्यों का लोकार्पण 24 को करेंगे विजय बघेल

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिलें के बेरला विखं के ग्राम सूरजपुरा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह

24 दिसम्बर को रखा गया हैं। जिसमें सांस्कृतिक मंच व सीसी रोड निर्माण कार्य 42 लाख का लोकार्पण मुख्यातिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपेश साहू विधायक बेमेतरा करेंगे। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि अवधेश सिंह चन्देल पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश मंत्री, ओमप्रकाश जोशी जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा, विशिष्ट अतिथि प्रीतम सिंह चन्देल अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, यामिनी सुरेश वैष्णव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, डोमेन्द्र सिंह राजपूत अध्यक्ष भाजपा मंडल बेरला, केशर राजेश सोरी सदस्य जनपद पंचायत बेरला, बलराम पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा बेरला व सरपंच ग्राम पंचायत सुरुजपुरा, सचिव, पंच, भाजपा पदाधिकारी, जनता जनार्दन की उपस्थिति में सम्पन होगा।

सतनाम का जयघोष गांव-गांव में गूंजा : सीमा अनंत

कवर्धा/नवप्रदेश। 18 दिसंबर को सतनामी समाज द्वारा प्रातः स्मरणीय पूज्य बाबा गुरुघासीदास जी की जयंती बड़े धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ गांव गांव में मनाया जाता है जैसे ही माह दिसम्बर आता है समाज के लोग गुरु पर्व की तैयारी में लग जाते है। बाबा जी की मूल सिंधांत एकता बंधुत्व भाईचारा समानता का संदेश को जन जन तक पहुंचाना होता है। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सीमा अनंत उपस्थित जनसमूह को बताया कि पूज्य बाबा का संदेश बहुत ही सरल और सहज है जिसे आत्मसात करने हम अपने जीवन में मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। पूज्य बाबा जी का सहज संदेश, काहे के दिया -काहे की बाती, काहे के ज्योति जलाव सरी राती तन के दिया-मन के बाती, प्रेम के ज्योति जलावा सरी राती अर्थात् बाबा जी ने बताया की हम मानव रूपी शरीर को को ही साध कर ईश्वर की प्राप्ति कर सकते हैं। हम अपने मन-मास्तिक, चाल चरित्र, खान -पान को सात्विक व सयंम रखकर एक अच्छे इंसान बन सकते है । बाबा जी इस बात पर भी जोर देते रहे कि हमारे अंदर प्रेम, सदभाव ,करुणा के भावना के साथ जलचर, नभचर, वन एवं सभी जीवो के प्रति सद्भावना रखने की आवश्यकता बताई है। परस्पर सहयोग, आपसी प्रेम भाईचारा और एकता के सूत्र में बंध कर देश राज और समाज को विकास की ओर आगे बढ़ा सकते हैं। बाबा जी मनखे मनखे एक समान के साथ संदेश दिए हैं। जिसे यथार्थ में शामिल किए बिना सही मायने में

विकास की कल्पना नहीं कर सकते। यह सब सभी सभ्य समाज के चुने हुए जनप्रतिनिधि साथ में सरकार और उनके तंत्र के माध्यम से ही संभव है। बाबा जी के जयंती पर उपस्थित जनसमूह को जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब बाबा के बताए मार्ग को जीवन में आत्मसात कर अपने घर परिवार और समाज को आगे बढ़ा सकते हैं और अपने जीवन को सुखमय के साथ मोक्ष की ओर ले जा सकते हैं। यह सब कार्य में हम सबकी जिम्मेदारी होगी तभी आज का यह पर्व हमारे बाबा जी की जयंती सफल होगा और सार्थकता होगी। उक्त अवसर पर सरपंच उपसरपंच के साथ दुलारी राम गहरू राम पंचराम टीकाराम नंदराम लेखराम कुंजराम कालाराम भगवानी अनिल कुमार जानकराम मनराम धन सिंह दशरथ साहू संतोष मेरावी नंदन सिंह धन साय धनुक लक्ष्मी कांत जितवा राम, राज कुमार दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला और ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

चारों ब्लाकों में जनसमस्या निवारण शिविर आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत भारत सरकार ने 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाने का निर्णय लिया हैं। इस अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को जनता तक पहुंचाकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना हैं।जिला बेमेतरा में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के निर्देशानुसार 23 दिसंबर को विभिन्न स्थानों जिला मुख्यालय के टाऊन हॉल के बाहर बेमेतरा, सामुदायिक भवन साजा, सतनाम भवन के बाहर नवागढ़ और बेरला ग्राम पंचायत सरदा स्कूल प्रांगण पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर सुबह 11 बजे से निम्न स्थानों पर लगाए जाएंगे।

घासीदास बाबा ने सत्य, अहिंसा और समानता का दिया संदेश : योगेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा के ग्राम कुम्ही में बाबा गुरु घासीदास की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रात्रि प्रेम आनंद चौहान के विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान नेता और सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगेश तिवारी ने कहा बाबा गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा और समानता का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक हैं। उनके विचार समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं। उन्होंने समाज में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने की अपील करते हुए सभी ग्रामवासियों को इस आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में शामिल अन्य गणमान्य

व्यक्तियों ने भी योगेश तिवारी के विचारों की सराहना की। तिवारी ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और इस तरह के आयोजनों को सामाजिक एकता के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस भव्य आयोजन में सरपंच मनीष टंडन, दाऊ रोशन लाल वर्मा, प्यारेलाल पात्रे, शीश कुमार भारती, शेर सिंह डेहरे, बलदाऊ डेहरे आदि मौजूद रहे।

बाबा के दिखाए मार्ग का जीवन में करें अनुसरण : मनोज जायसवाल

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा में बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम नगर के विभिन्न वार्डो वार्ड क्र 1, 3, 4 व 9 में स्थिति जैतखाम में किये गये। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल ने पूजन अर्चन कर नगर की खुशहाली व विकास की कामना की व बाबा का आशीर्वाद लिया। साथ ही अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने कहा बाबा के दिखाएं जनकल्याणकारी मार्ग मनखे मनखे एक समान को सभी लोगों को अपनाते हुए अपने जीवन में उतार कर साजा नगर के विकास को अग्रसर करना हैं। इन आयोजनों में मुख्य रूप से पार्षद बिशरू साहू, दुर्गा गोयल, पूर्व पार्षद रामाधार गोयल, रामरतन मंडावी, मोहन गोयल,

नंदू बघेल, रमेश बघेल, राजेंद्र रात्रे, चुम्मन रात्रे, गज्जू दास, कमलेश, सुशील निर्मलकर, विप्लव गौराहा, रखी बंजारे, सोनू, श्याम लाल, रोहित, लछु व अन्य सतनामी समाज श्रद्धालुगण, वार्डवासी, नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

लोलेसरा में संत समागम 31 से, खाद्य मंत्री ने किया मेला स्थल का निरीक्षण

- **तैयारियों का लिया जायजा, समय से पूर्व कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से 5 किमी दूर लोलेसरा मैदान में कबीरपंथ के वंश गुरु पंथ श्री उग्रमुनि नाम साहेब की स्मृति में संत समागम समारोह का आयोजन किया जाना हैं। कबीर पंथ से जुड़े महत्वपूर्ण स्थल लोलेसरा में 31 से 4 जनवरी तक 4 दिवसीय संत समागम मेले का आयोजन किया जायेगा। संत समागम समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन कराने के उद्देश्य से खाद्य मंत्री दलायदास बघेल रविवार को बेमेतरा जिले के ग्राम लालेसरा पहुंचे और वहां आयोजित होने वाले संत समागम मेले की

तैयारियों का जायजा लिया और सभी व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

खाद्य मंत्री ने मेला स्थल निरीक्षण के दौरान वहां पेयजल, प्रकाश, पार्किंग और साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सुनिश्चित किया कि मेला स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे सुरक्षा, स्वच्छता, पानी और भोजन की व्यवस्था समय पर उपलब्ध हो। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और संतों के लिए विशेष इंतजाम करने पर जोर दिया गया, ताकि आयोजन सफल और सुरक्षित हो। उन्होंने कहा की 4 दिवसीय मेले के दौरान पुलिस प्रशासन उचित व्यवस्था कर लेवें और मेला स्थल में लगाए जाने वाले दुकानों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहें। ताकि चोरी जैसी घटनाएं नहीं हो। उन्होंने कबीरपंथ के पदाधिकारियों से कहा की 4 दिवसीय मेले अंतर्गत अलग-अलग दिनों हेतु वरिष्ठजन प्रतिनिधि को आमंत्रित किया जाए। मेला समिति के अध्यक्ष विजेन्द्र वर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम दिव्या पोटाई, जिले के अधिकारी कर्मचारी सहित समिति के सदस्य और सरपंच सचिव उपस्थित थे।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संत समागम मेले की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुनिश्चित किया कि मेले की सभी व्यवस्थाएं जैसे पानी टैंकर, मोबाइल टॉयलेट, सफाई व्यवस्था, सड़क समतलीकरण, ट्रैफिक और पार्किंग प्रबंधन, महिला पुलिस की तैनाती और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हो। कलेक्टर ने अधिकारियों को मेले के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए सतर्क रहने और सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने पर जोर दिया। ताकि आयोजन सफल और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। वहीं एसपी रामकृष्ण साहू ने 4 दिवसीय संत समागम मेले के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेले में पुलिस की तैनाती को लेकर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या सुरक्षा संबंधित समस्या न हो। एसपी ने मेले में सुरक्षा को बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, जिसमें महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती भी शामिल हैं। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया, साथ ही पुलिस बल को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया।

जय सतनाम केवल एक वाक्य नहीं, जीवन जीने का है माध्यम : आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों फरी, बाबामोहतरा सहित अन्य ग्रामों में बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर आयोजित समारोह में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। इस दौरान ग्राम फरी में पूर्व विधायक छाबड़ा ने अपने कार्यकाल के दौरान ढाई लाख रुपए की लागत से निर्मित सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया। इसके लिए ग्रामवासियों ने उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास सामाजिक समरसता के प्रतीक थे, उनके बोले हुए सभी वाक्य आज मानव जीवन में पथ प्रदर्शक के रूप में कार्य कर रहे हैं। बाबा गुरु घासीदास ने मानव समाज को जीवन जीने की कला समझाई। जय सतनाम केवल एक वाक्य

नहीं हैं, यह जीवन जीने का माध्यम हैं, जिसका अर्थ सत्य और समानता के साथ जीवन बाबा गुरु घासीदास ने समाज में जाति भेद भावना, छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों को समाज से हटाते हुए मानव मानव या मनके मनखे एक समान की बात कही और सतनाम पंथ की स्थापना की।

न्यूज गैलरी

नगरी नगर बाजार में संत शिरोमणि गुरुघासीदास बाबा का 268 वां जन्मोत्सव मनाया गया

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी मे दिन बुधवार को नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्र 15 मे सतनाम समाज के अपने मोहल्ले स्तम्भचौक पर महान संत शिरोमणि परम् पूज्यगुरुघासीदास बाबा जी का 268वा जन्मोत्सव मनाया गया जिसमे सुबह जयस्तंभ की पालो चढ़ाया साथ संत शिरोमणि प

ज्यगुरुघासीदास छायाचित्र पर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया साथ दोपहर को रैली मे छोटे छोटे बच्चे के द्वारा हाथो पर ध्वजा लेकर निकले साथ ही गुरुघासीदास बाबा जी की जय कारे लगाते दिखाई दिये साथ ही चौक चौरा पर युवाओं के द्वारा पथी नृत्य करते दिखाई दिये जिसमे समाज प्रमुख. सतनाम समाज अध्यक्ष रूप कुमार बसंत वीरेंद्र माथुर पति राम भारती समाज के सभी लोगों को रूपेन्द्र साहू नरेन्द्र नाग सभापति भूपेन्द साहू विनय चौहान जसपाल खनूजा गोकुल राम गोलू पटेल नगर के लोगों द्वारा बजरंग चौक पर गले मिलकर साथ ही द्वारा समाज के लोगो को श्रीफल देकर समान किया गया ।

मड़ई मेला में भी प्लास्टिक कचरा न हो इसका ध्यान रखें

प्रयागराज महाकुंभ को हरित कुंभ बनाने धमतरी से भेजे गए थाली एवं थैला

धमतरी/नवप्रदेश। 12 साल में एक बार होने वाले महाकुंभ मेले का आयोजन आगामी 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में किया जाएगा। इस महाकुंभ में करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे तो उनके खाने-पीने की व्यवस्था कर दी जाएगी लेकिन इससे बड़े पैमाने में गंगा के तट पर हजारों टन कचरा जमा हो जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि धमतरी द्वारा *एक थैला-एक थाली* अभियान चलाया। जब श्रद्धालु कुंभ स्नान के लिए पहुंचेंगे तो उन्हें यह दिया जाएगा ताकि भोजन के लिए थाली का इस्तेमाल करें और डिस्पोजेबल वस्तुओं को थैली में ही संग्रहित कर निर्धारित जगह में रख दें। अपने आसपास क्षेत्र में होने वाले सभी प्रकार के धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कार्यक्रम में प्लास्टिक डिस्पोजल, झिल्ली, प्लेट आदि का उपयोग न करें। मड़ई मेला में भी प्लास्टिक कचरा न हो इसका ध्यान रखें। इस अभियान का प्रचार सोशल मीडिया, नगर भ्रमण, व्यक्तिगत संपर्क करके किया गया। इसके जरिए विदेश में रहने वाले धमतरीयन भी इस कार्यक्रम से जुड़े और थैला थाली भेंट किये। सोशल मीडिया के माध्यम से किए गए प्रचार में धमतरी निवासी जो अन्य राज्य में निवासरत हैं उनके द्वारा भी थैला थाली का सहयोग किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों का सहयोग प्राप्त हुआ जिसमें धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, व्यवसायिक संगठन, शासकीय संस्थान कृषि विभाग परिवार, हाटकेश्वर विद्यालय परिवार, रामदेव मंदिर पूजन समिति एवं PBS आयल इंडस्ट्री द्वारा भी सहयोग किया गया। इसमें शहीद परिवार,सेवानिवृत्ति पूर्व सैनिक, सेवानिवृत कर्मचारियों के द्वारा एवं थैली सिलाई का सहयोग स्व सहायता समूह के द्वारा भी किया गया। पंडित हरि शरण वैष्णव धमतरी के द्वारा भागवत कथा स्थल आमा तालाब धमतरी में महाराज जी के आह्वान पर 125 थैला थाली का सहयोग श्रद्धालु गणों द्वारा किया गया।

धनेंद्र साहू ने परसदा में किया भवनों का लोकार्पण

नवापारा राजिमनगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत परसदा में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित साहू भवन, महिला भवन, विश्वकर्मा भवन निर्माण कार्यो का लोकार्पण धनेंद्र साहू पूर्वमंत्री के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। साहू ने उपस्थित ग्रामवासियो को संबोधित करते हुए कहा ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों की एकता एवं सामंजस्य ही विकास का परिचायक है। आज जो ग्रामों में विकास कार्य दिखाई दे रहे हैं, वह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की देन है। आज गांवों में विकास कार्य प्रदेश एवं क्षेत्र जनता की अपेक्षा एवं जरूरत के अनुरूप देखने को नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार कभी भी गरीब मजदूर किसानों की नही हो सकती है। किसान अपनी फसल को टोकन पद्धति के कारण बेचने के लिए समय का कई दिनों से आस लगाए बैठी है। खरीदी केंद्रों मे बोरों का उठाव नही होने के कारण किसानो को अनेक परेशानिया हो रही है। गरीब मजदूरों के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अनेक योजना मे श्रमिक मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत सलाना 7000रु दिया जा रहा था। प्रदेश के किसानों की फसल सुरक्षा एवं गौमाता की रक्षा के खातिर गोठान निर्माण को बंद कर दिया है जिससे किसान चिंतित हैं और गौ माता आएं दिन सड़को मे दुर्घटना की शिकार हो रही है। आज प्रदेश की स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पेयजल जैसी आम जनता की मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह ध्वस्त हो गईं है।

इस अवसर पर देवनंदनी साहू जनपद अध्यक्ष, चंद्रहास साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर, नीमा निमेकर जनपद सदस्य, दुर्गा सिन्हा जनपद सदस्य, माहेश्वरी तिलक साहू सरपंच, पप्पू ध्रुव सरपंच, चंद्रहास साहू पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, रामकुमार हिरवानी, राजेश साहू, अश्वनी साहू आदि उपस्थित थे।

इदरीश सोलंकी ने वार्ड 11 के लिए अपनी दावेदारी पेश की

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव यूथ कांग्रेस के पूर्व सचिव एवम् अल्पसंख्यक यूथ प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री इदरीश सोलंकी ने वार्ड 11 से अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है उन्होंने बताया की लगातार कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम किया है और लगातार संगठन को मजबूत रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका देते आए हैं ज्ञात हो की इस बार आरक्षण में वार्ड 11 ओबीसी के लिए आरक्षित हुआ और इदरीश सोलंकी ओबीसी में आते हैं युवाओं के बीच में बहुत लोकप्रिय इदरीश की दावेदारी से संगठन के युवा बहुत खुश हैं और इदरीश सोलंकी के जीत के प्रति आश्वस्त हैं ,अपनी जीत को लेकर इदरीश ने आंकड़ा तो नही बताया लेकिन प्रचंड मतों से चुनाव जीतने का दावा किया है, बहरहाल अभी ये देखना है की इनके टक्कर में और कौन प्रत्याशी अपनी दावेदारी पेश करते हैं,सोलंकी ने अपने सभी साथियों और कांग्रेस जनों से अपने लिए उनका साथ सहयोग और आशिर्वाद मांगा है,वार्ड के सभी मतदाताओं से अपने लिए आशीष मांगा है।

जिला चिकित्सालय गंडई में खोले जाने की मांग को लेकर कांग्रेसी हुए एकजुट, किया धरना प्रदर्शन

गंडई को जिला अस्पताल नहीं तो जिले के नाम से हटाया जाए : भिगेश यादव

■ कार्यक्रम स्थल से सभा स्थल तक नारेबाजी करते रैली निकाली गई

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई के अध्यक्ष भिगेश यादव के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 07 स्थित जायसवाल कांप्लेक्स में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 21 दिसंबर शनिवार को दोपहर 1 बजे से किया गया, कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ एवं अनुभवी कार्यकर्ताओं के द्वारा सभा को संबोधित किया गया, लगभग 1 घंटे के बाद सभी कांग्रेसी, नगरवासी और ग्रामवासी एकजुट होकर कार्यक्रम स्थल जायसवाल कांप्लेक्स से जमकर नारेबाजी करते हाथो में पार्टी का झंडा सिंबाल,और बैनर लेकर अपनी आवाज बुलंद करते पैदल बाजार क्षेत्र से होते हुए मुख्य तिरंगा चौक सभा स्थल दोपहर 2:30 बजे पहुंचे, जहां पर कांग्रेस पार्टी की वक्ताओं ने गंडई में जिला चिकित्सालय की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद किया गया। गंडई को जिला चिकित्सालय नहीं दे सकते तो जिले से गंडई का नाम हटाने की मांग सभी ने एक स्वर में रखी।

सभा कार्यक्रम को गंडई युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजो के शासनकाल से गंडई हमेशा उपेक्षित रहा है इसे लेकर हमारे पूर्वजों ने गंडई क्षेत्र में विभिन्न उपलब्धियां प्रदान किए हैं जिसमें नगर में वर्षो से जितने भी सरकारी संस्थाएं हैं वह हमारे पूर्वजों की दिन ही है इसी प्रकार दिवंगत मुख्यमंत्री अजीत जोगी द्वारा भी गंडई क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाया है, साथ ही कांग्रेस पार्टी ने गंडई क्षेत्र को विकसित बनाया है कोई भी भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी यह नहीं कर सकता कि गंडई में उनके पार्टी के द्वारा कोई विकास के नाम से बड़ा कार्य कराया गया है, मैं सांसद संतोष पांडे से मांग करता हूं कि यदि वे जिला चिकित्सालय गंडई में नहीं खुलवा सकते तो उसी के समतुल्य सर्व सुविधायुक्त बड़ा हॉस्पिटल गंडई में बनवाए क्योंकि यहां से सहसपुर लोहारा, परपोड़ी ,खैरागढ़ साल्हेवारा लगा हुआ है ,सभी क्षेत्र के लोगों को गंडई में आसानी से चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध हो पाएगी।

ब्लॉक कांग्रेस के ऊर्जावान अध्यक्ष व पार्षद भिगेश यादव ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हम हर हालत में गंडई में जिला चिकित्सालय की मांग करते रहेंगे,और खुलवाकर ही दम लेंगे, चाहे इसके लिए हमे सड़क की लड़ाई क्यों न लड़ना पड़े, जिला चिकित्सालय की मांग से वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्र के निवासियों के साथ ही गर्भवती माताओ को लंबी दूरी तय कर इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा गंडई क्षेत्र के मतदाताओं, रहवासियों,क्षेत्रवासियो ने सरकार से मांग की है, की जिला चिकित्सालय गंडई में ही खोला जाए, तहसील की मांग को लेकर भाजपा शासन काल में हम सभी गंडई की युवा जेल यात्रा भी तय किए है, कांग्रेस के शासनकाल में यहां तहसील,कालेज, मंडी, किसान राइस मिल,सिंचाई विभाग,बस स्टैंड, हाई टेक सब्जी मंडी, सरकारी अस्पताल सहित अन्य सरकारी दफ्तरों से लेकर निर्माण कार्य उसी के शासन काल में हुआ है। भाजपा ने सिर्फअपने कार्यकाल में जो एक ऑफिस दिया है उसका भी विरोध के चलते दो जगह बटवारा कर दिया है।

कड़ी कार्यवाही हो व कठोर से कठोर सजा मिले

आरक्षक की आत्महत्या का हो उच्च स्तरीय जांच : अभिमन्यु उदय मिश्रा

■ शव के हाथ पर लिखा सुसाइड नोट बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है

राजनंदगांव/नवप्रदेश। कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने आरक्षक आत्महत्या मामले व आरक्षक भर्ती मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इससे यह पूरा मामला बेहद संवेदनशील हो चुका है यह भी जानकारी में आया है कि शव के हाथ पर लिखा था कि 'कर्मचारियों को फसाया जा रहा है और अधिकारियों को बचाया जा रहा है' यह लिखा होना किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है आखिर कौन अधिकारी शामिल हैं और उन्हें कौन बचा रहा है मैने पहले भी अपने जारी बयान में कहा था जब पहली बार डी जी के पत्र को ले कर न्यायलय ने स्टे लगाया था कि यह एक सुनियोजित घोटाला है इसकी जानकारी मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को न होना संभव नहीं है उसके बाद से लगातार आरक्षक भर्ती में अनियमितताओं की खबरें आने लगी कई अभ्यर्थियों ने आरोप लगाए शिकायतें की तब जांच में कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया और अब उसके बाद यह घटना हो जाना यह सब यही इशारा करते हैं कि इसमें कई बड़े लोगों का भी हाथ है जो कि प्रशासन में हैं और सवाल भी उठते हैं कि उन्हें बचाने वाले क्या सरकार में हैं ? और अब जो कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है वो किसके इशारे पर बनाया जा रहा है किसके इशारे पर अधिकारी आरक्षक भर्ती में घोटाला कर रहे थे यह सभी बड़े सवाल हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि अब जिस तरह से यह विषय बेहद संगीन हो चुका है और सवाल अनगिनत हैं इसकी निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच होनी बेहद जरूरी हो चुकी है ताकि जल्द से जल्द हजारों युवाओं के भविष्य से खेलने वालों और एक आरक्षक की आत्महत्या के जिम्मेदार लोगों को चाहे वो कितने भी बड़े पद पर आसीन हो उनके खिलाफकड़ी से कड़ी कार्यवाही हो सके व कठोर से कठोर सजा मिल सके ।

राहुल प्रियंका के नाम से भाजपा सरकार की बढ़ जाती है धड़कन : विक्की पटेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कांग्रेस के जिला सचिव व कांग्रेस के युवा नेता विक्की पटेल अपने एक जारी बयान में कहा कि कांग्रेस के दो नेता ऐसे हैं जिनके नाम से भाजपा संगठन और पार्टी की धड़कन बढ़ जाती है। इन दिनों इनकी धड़कन और तेज हो गई है। क्योंकि जनहित के मुद्दों को कांग्रेस जोरशोर उठा रही है। खिसयानी बिल्ली खम्बा नोचे के तर्ज पर विपक्ष के किसी नेता को जेल भिजवा रही है तो किसी को किसी के खिलाफएफआईआर दर्ज करवा रही है कुछ दिन पहले राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई गई है।

श्री पटेल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कब गिर जाए कहां नहीं जा सकता लेकिन इतना तो सत्य है कि देश की प्रबुद्ध जनता की नजरों में गिर चुकी है देश की जनता महंगाई से बुरी तरह त्रस्त है। केंद्र में कांग्रेस सरकार थी तब देश के प्रमुख अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। उसे समय महंगाई ऐसी अनाप-शनाप नहीं थी। नियंत्रण में थी भाजपा सरकार के पास महंगाई नियंत्रण के लिए योजना ही नहीं है। सरकार को डर है कि आगामी त्रिस्तरी पंचायती राज चुनाव और नगरी निकाय चुनाव के परिणाम भाजपा के खिलाफ जाएंगे। इसलिए बहाने बाजी करके टालते जा रही है। छत्तीसगढ़ में समर्थन दर पर धान खरीदी योजना में भी भाजपा सरकार की असफलता दिखाई दे रही है। किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है। सोसाइटी में बफर लिमिट से ज्यादा धान हो गया है और धन उपार्जन केदो में धान उठाने में शासन प्रशासन के पसीना छूट रहे हैं। किसान एक मुस्त भुगतान नहीं होने से नाराज है। भाजपा ने चुनाव के समय एक मुस्त भुगतान का झूठा वादा किया था। जिसके चक्कर में किसान आ गए हैं अब उन्हें मुस्त भुगतान नहीं किया जा रहा है।

आरोग्य मंदिर परसापानी योग से सिख रहें है स्वस्थ्य रहने के गुण

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष परसापानी गांव में में प्रतिदिन योग कराया जा रहा है जिसमें स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीण भी योग के गुढ़ रहस्यों से परिचित हो रहे हैं साथ ही स्वयं को स्वस्थ्य करने के साथ ही समाज को योग से स्वास्थ्य तक ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही आध्यामिक उन्नति प्राप्त होता है। इस उद्देश्य के लिए समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्राप्तः योगाभ्यास करवाया जा रहा है।

राजा खुज्जी में भागवत महापुराण 25 दिसंबर से

डोंगरगांव/नवप्रदेश। 25 दिसम्बर से स्व. होरी लाल पंसारी की स्मृति में पंसारी परिवार के द्वारा श्री मद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन रखा गया है ,कथा वाचक पंडित लक्ष्मी कांत तिवारी रायपुर एवं परायण कर्ता पंडित राजेश तिवारी होंगे ,दिनांक 25 दिसंबर को कलश यात्रा वेदी पूजन गो कर्ण कथा ,दिनांक 26 को परीक्षित जन्म वराह अवतार की कथा,दिनांक 27 को ध्रुव चरित्र प्रहलाद चरित्र की कथा , दिनांक 28 को वामन अवतार गजेंद्र मोक्ष की कथा दिनांक 29 को श्री राम जन्म श्री कृष्ण जन्म की कथा, दिनांक 30 को रुक्मणी विवाह, दिनांक 31 को सुदामा चरित्र की कथा।

व्यापारी मिलन समारोह एवं व्यापार मेला का समापन

कुरूद/नवप्रदेश। व्यापारी मिलन समारोह एवं व्यापार मेला का शाम 5:00 बजे से समापन समारोह का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि माननीय अजय चंद्राकर विधायक कुरुद अध्यक्षता अमर परवानी जी विशेष अतिथि निरंजन सिन्हा जी तपन चंद्राकर जी भानु चंद्राकर जी राजेश वासवानी जी , चेतन तरवानी जी , राम मंथान जी रायपुर धमतरी जिले के समस्त अध्यक्ष रहे।

व्यापारी मिलन समारोह एवं व्यापार मेला के मुख्य अतिथि श्री अजय चंद्राकर ने करने विगत दो दशकों में आए कुरूद के व्यवसाय के बदलाव विकास और नए व्यापारियों के नवाचार की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के व्यापारियों को लघु उद्योग एवं नए प्रसंस्करण से कुरूद क्षेत्र को रोजगार का केंद्र बनाने की बात कही। उन्होंने राजनांदगांव की एबीसी उद्यम द्वारा राज्य के अंडे के दर निर्धारित करते का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश के धान का मूल्य कुरूद की कृषि उपज मंडी से होता है और मछली का रेट समीपस्थ ग्राम दहदहा के मछली पालक हेमंत चंद्राकर के फॉर्म से बनता है। इसी तरह से कुरूद के व्यवसाय जगत को प्रदेश भर में स्थापित करने को व्यापारी कार्य करे।कुरूद नगर में आयोजित व्यापारी मिलन एवं व्यापार सम्मेलन में विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक , बाइक स्पेयर, एग्रीकल्चर जैसे नए इंस्टाल लगाए गए जिसका लोगों ने भ्रमण करते हुए जानकारियां ली ।

फटाफट क्रिकेट के नए प्रारूप टू विकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

कुरूद/नवप्रदेश। फटाफट क्रिकेट के नए प्रारूप टू विकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने बैटिंग करके किया। विशेष अतिथि रविकांत चंद्राकर, गोपाल राव, दीपक बैस, कृष्णकांत साहू, भूपेंद्र चंद्राकर तथा अध्यक्षता तपन चंद्राकर द्वारा क्लब के बीत चुके साथी स्वर्गीय विनोद गोस्वामी जी, सुरेश चैनवानी जी, संजू तिवारी जी, शंकर सद्दानी जी, महेश कुर्रे जी, कमलेश शर्मा जी, संतु यादव जी, सुनील बजाज जी के चित्रों पर माल्यार्पण करके प्रतियोगिता की शुरुवात हुई।अजय चंद्राकर जी ने अपने उदबोधन में आयोजन की तारीफ़ की और कुरुद को नशे की चपेट में जाते देख चिंता व्यक्त की, साथ ही कुरुद में कुरुद में खेल की नर्सरी बने इस पर सामूहिक सहभागिता पर जोर देने की बात की ।

डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच बिलासपुर और रायपुर के बीच मैच में बिलासपुर ने मैच जीता दूसरा मैच नारायणपूर और मुरली रायपुर में हुआ जिसमें मुरली रायपुर ने जीता ,तीसरा मैच रायपुर और धमतरी के बीच रायपुर ने मैच जीता,चौथा मैच कुरुद और मंदरौद के बीच के मैच में कुरुद ने मैच जीता ,पांचवा बिलासपुर और रायपुर के बीच में रायपुर ने जीता,छटवा मैच कुरुद और रायपुर में रायपुर ने मैच जीता ,सातवा मैंच मुरली रायपुर और रायपुर के बीच हुआ जिसमें मुरली रायपुर ने जीत हासिल की। इस अवसर पर टॉरनेडो क्रिकेट क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे.

घासीदास जयंती ... लाखों के विकास कार्यों का शिवरतन शर्मा ने किया लोकार्पण

बाबा के बताए रास्ते पर चलकर होगी समाज की प्रगति : शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी शिवरतन शर्मा ने ब्लाक के मोपका ग्राम पंचायत मे आयोजित बाबा घासीदास जयंती समारोह एवं विकास कार्यो के लोकार्पण में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बाबा घासीदास के बताएं रास्ते पर चलने और उनके उपदेशों का पालन करने की बात कही।

श्री शर्मा ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि आज से लगभग 250 साल पहले छत्तीसगढ़ की धरती पर बाबा गुरु घासीदास ने जन्म लिया था। इस देश में जैसे गुरु रविदास, गुरु कबीर दास, गुरु नानक देव जी और भगवान बुद्ध ने अलग-अलग पंथों की स्थापना की। वैसे ही बाबा घासीदास ने सतनाम समाज की स्थापना की थी। जैसे गीता,भागवत, शिव पुराण आदि में बताया गया है कि अगर जिंदगी में सफलता पानी है तो सत्य के रास्ते पर चलना चाहिए। वैसे ही बाबा साहब ने भी सत्य के रास्ते पर चलने का उपदेश दिया था। उन्होंने सभी मनुष्य को एक समान बताते हुए एक साथ मिलजुल कर रहने को कहा था। बाबा घासीदास ने बोला था कि गरीबों की चिंता होनी चाहिए और भाजपा सरकार उसी पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने उज्जवला योजना के तहत हर गरीब परिवार को मुफ्त में गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब को पक्का मकान, आयुष्मान योजना के तहत हर गरीब का मुफ्त इलाज कर रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने ग्राम में बने यादव पारा सामुदायिक भवन, कुर्मी पारा सामुदायिक भवन, सतनामी पारा सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया.।उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सरपंच सीमा घनश्याम बंजारे, आजुराम वर्मा, परस यादव, रमेश नवरंगे, संतोष साहू, नरेंद्र यादव, मालती साहू, चेतन वर्मा, सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे...

रोहित साहू बने भाजपा जिला प्रतिनिधि

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ग्रामीण मंडल के ग्राम पंचायत टेहका निवासी रोहित साहू को भारतीय जनता पार्टी बलौदा बाजार जिला का जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव , प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा की अनुशंसा पर सर्वसम्मति से भाटापारा में चुनाव प्रभारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने प्रदेश कार्यालय से भेजे गए नियुक्ति पत्र के आधार पर घोषणा की।

अपनी नियुक्ति पर रोहित साहू टेहका वाले ने प्रदेश संगठन व प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा का आभार व्यक्त किया है। रोहित साहू को मिली संगठन में नई जवाबदारी पर पूर्व मंडल अध्यक्ष डब्लू सिंह ठाकुर ,मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सुरेश वर्मा, परस देवांगन, रोशन साहू, चंद्र प्रकाश साहू , राकेश वर्मा, संतोष साहू, युगल साहू, प्रेम नारायण चौबे, डॉक्टर रामेश्वर वर्मा, डॉक्टर रामनारायण वर्मा , संतोष साहू, युगल साहू, प्यारे लाल रजक, मन्नू लाल यादव, युवा मोर्चा गोलू देवांगन, सतीश सोनी, रिखीराम ध्रुव , प्रमोद मोदी, सेवक राम साहू, दिनेश साहू, गणेश टंडन ,दुर्गा पंकज साहू, संतोष ध्रुव, केशव ध्रुव, रामकुमार सेन , दिनेश वर्मा , पवन वर्मा सहित भाजपा महिला मोर्चा के सभी सदस्य व भाजपा कार्यालय में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए बधाई दी यह जानकारी मीडिया प्रभारी नंदू साहू ने दी।

न्यूज गैलरी

ग्राम चारभाठा में रासेयो शिविर 26 दिसंबर तक

मुंगेली/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के द्वारा ग्राम चारभाठा में सात दिवसीय विशेष शिविर 26 दिसम्बर तक आयोजित किया गया है। ग्राम चारभाठा के मानस मण्डली के सदस्य संतोष सिंह राजपूत एवं सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम भारती चारभाठा के प्राचार्य नोहर साहू मुख्य अतिथि, मुकेश उपाध्याय की अध्यक्षता में शिविर का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी सतीश बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, चेतना, स्वप्रेरित, अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न करना बताया। विद्यार्थी अपने रिक्त समय का उपयोग कर समाज सेवा के माध्यम से वास्तविक परिस्थियों से साक्षातकार भी करते है, जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास हो। मुख्य अतिथि नोहर साहू ने स्वयंसेवकों को अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं अपने व्यक्तित्व विकास के लिए करने हेतु प्रेरित किया। माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंचस्थ अतिथियों का परिचय और संचालन कार्यक्रम अधिकारी सतीश बघेल द्वारा किया गया। दल नायक चंद्र प्रताप राजपूत, सत्यम गिरी गोस्वामी ने मंचस्थ अतिथियों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य चन्द्रभान तिवारी, नरेन्द्र श्रीवास्तव सभी स्वयं सेवक सशिमं के समस्त स्टॉफ और ग्राम के नागरिक और स्कूल के छात्र/छात्रा उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य चन्द्रभान तिवारी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

विश्व ध्यान दिवस पर कार्यक्रम

लखनपुर/नवप्रदेश। विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। इसी उपलक्ष्य में मानव उत्थान सेवा समिति देश विदेश के सभी आश्रमों में परम पूज्य सतपालजी महाराज की प्रेरणा एवं दिशानिर्देश पर आश्रम के प्रभारी संत महात्माओं के कुशल मार्गदर्शन में ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि मनुष्य अपने अंदर छुपी शक्तियों को पहचाने उसे जागृत करे,उसे पहचान कर संसार में सकाम कर्म करे और हम शांति और सदभावना को प्राप्त करें। ध्यान हमारे अंदर नकारात्मक विचारों को नष्ट करता है ।हम सकारात्मक शक्ति से जुड़ते हैं जिससे कि हमारा विचार और कर्म दोनों शुद्ध होता है।

सुशासन का एक साल-छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री का संदेश, विष्णु की पाती का वितरण

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ''सुशासन का एक सालः छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल'' अभियान अंतर्गत जनादेश परब व सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इस परब के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के सभी विकासखंडों में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों ने किसानों को मुख्यमंत्री का संदेश विष्णु की पाती का वितरण किया।

विकासखंड कुसमी कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन द्वारा किसानों के हित में कृषक उन्नति योजना शुरू किया गया है। जिसके तहत किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल रहा है। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए उन्नत खेती करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि किसान श्री विधि से धान की खेती करें, इससे उत्पादन अधिक होता है। उन्होंने अपने कृषि अनुभव को भी साझा किया। साथ ही उन्होंने किसानों से श्रम विभाग में पंजीयन कराने को भी कहा। श्री महाराज ने पीएम जनमन योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में

बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक होना आवश्यक है। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिले के सभी विकासखण्डों में किसान सम्मेलन आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की मान से धान खरीदी कर रही है। शासन द्वारा किसान कल्याणकारी कृषक उन्नति योजना का भी शुभारंभ किया गया है। जिसके तहत किसानों को आदान सहायता के रूप में राशि उनके खाते में अंतरण किया जा रहा है। पैकरा ने कहा कि किसानों को उनके दो साल के बकाया बोनस के राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को 06 हजार रुपये भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें आर्थिक सहायता के रूप में प्रतिमाह 01 हजार रुपये भी दिया जा रहा है और गरीब परिवारों को पक्के आवास भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं। यह विष्णुदेव सरकार की उपलब्धि है। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं का संक्षिप्त विवरण दी। उन्होंने किसानों को आधुनिक तकनीक, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और फसल उत्पादन बढ़ाने के उपायों के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने किसानों से कहा कि वे सरकार की योजनाओं का सही तरीके से उपयोग करें और कृषि में नवाचार को अपनाएं, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य हीरामुनी निकुंज, जनपद अध्यक्ष कुसमी हुमन्त सिंह, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ रेना जमील, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करूण डहरिया सहित किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा गौ-पूजन कर क्षेत्र की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। ग्राम पंचायत भुलसीकला के कृषक सुखराम पैंकरा ने बताया कि वे धान की खेती के बाद दूसरा फसल भी लेते है।

कृषक परिचर्चा संगोष्ठी व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कृषक उन्नति योजना के लाभार्थी किसानों का सम्मान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ''सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल'' की थीम पर जनादेश परब मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में जिला स्तरीय और विकासखण्ड मुख्यालयों में विकासखण्ड स्तरीय किसान सम्मेलन, कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित कृषकों का सम्मान एवं किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषकों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश ÷विष्णु की पाती÷ का भी वितरण किया गया। मुख्यमंत्री का संदेश पाकर कृषकों में उत्साह की लहर रही।

सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, एवं कलेक्टर श्री विलास भोसकर शामिल हुए। साथ ही स्थानीय

जनप्रतिनिधि आलोक दुबे, ललन प्रताप सिंह, फूलेश्वरी सिंह, विकास पाण्डेय, श्रीधर केसरी, नितिन शर्मा, सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। सम्मेलन में पशुधन विकास विभाग के द्वारा गौ पूजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जहां राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष तोमर सहित अतिथियों ने गौ पूजा कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री तोमर ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटीयां पूरी हो रही हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगातार धान खरीदी की जा रही है जिसका भुगतान भी 72 घंटो के भीतर सुनिश्चित किया जा रहा है। किसानों से वादे के अनुरूप समर्थन मूल्य पर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल अनुसार धान खरीदी की जा रही है। जिले में सहकारी बैंकों और माइक्रो एटीएम केन्द्रों से किसानों को आसानी से पैसे निकालने की सुविधा मिल रही है। किसानों के लिए धान उपार्जन केन्द्रों में सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन कसावट के साथ समिति केंद्रों की निगरानी कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज किसानों तक सुविधाएं सहजता से पहुंच रही है और ये सब प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में संभव हो पाया है। आलोक दुबे ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन की सरकार में प्रशासन अब गांव-गांव पहुंच कर योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। इसी तरह कार्यक्रम में शामिल ललन प्रताप सिंह एवं फूलेश्वरी सिंह ने भी कृषकों के शुभकामनाएं देते हुए शासन द्वारा कृषकों के हित में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों द्वारा जिले के किसानों को विशेष प्रयास करते हुए उन्नत खेती-किसानी के लिए फसल चक्र अपनाने प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जिले में उन्नत कृषि कार्य करने वाले 10 कृषकों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं पांच-पांच किसानों को रुपे एटीएम कार्ड एवं किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। इसी कड़ी में सुशासन सप्ताह के तहत कृषक परिचर्चा संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है।

धान खरीदी केन्द्र पेंड्रा में किसान सम्मानित

पेंड्रा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में और किसानों से वायदे के अनुसार 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी करने तथा लगातार किसान हितैषी निर्णय लेने के सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर धान खरीदी केन्द्र कृषि उपज मण्डी पेंड्रा में 20 दिसंबर शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर किसानों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पेंड्रा के अध्यक्ष मोहन कोल ने कहा कि, अन्नदाता किसान भाइयों की खुशहाली और समृद्धि हमारे राज्य के विष्णुदेव साय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विष्णुदेव के सुशासन में दो वर्ष के बकाया बोनस राशि के भुगतान के साथ ही 3100 रूपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एनआर भगत, खरीदी केन्द्र प्रभारी लखन सिंह मार्को, नवीन साहू, समिति के अध्यक्ष मोहन कोल ने किसानों का तिलक लगाकर, गमछा पहनाकर और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। सम्मानित होने वाले किसानों में धनीराम केवट, रेवा राम राठौर, लोटन चौधरी, कमल सिंह राठौर, भैयालाल साहू, पतराम सिंह मार्को, कोमल राठौर, मघन राठौर, बद्री विशाल हिंगल, गणेश कपूर, चंदा बाई इत्यादि शामिल थे।

किसानों को माइक्रो एटीएम का वितरण

लखनपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी संदर्भ में 21 दिसंबर दिन शनिवार की दोपहर लगभग 1 बजे से लखनपुर जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अतिथि के रूप में पूर्व सांसद कमलभान सिंह विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, दिनेश साहू, राजेंद्र जयसवाल, राकेश साहू नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ,महेश्वर राजवाड़े, सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथियों ने महात्मा गांधी और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए किसान सम्मेलन का आगाज किया । कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। जन प्रतिनिधियों ने उपस्थित किसानों को मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन कर छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के संबंध में जानकारी साझा कर छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। किसान सम्मेलन में क्षेत्र से आए सैकड़ों किसानों को माइक्रो एटीएम का वितरण मचासीन अतिथियों ने किया । पैसा निकालने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंच का संचालन सचिव संघ प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा ने किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

नशा-एक अभिशाप विषय पर संगोष्ठी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल अम्बिकापुर में गत शुक्रवार नशा-एक अभिशाप के संबंध में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेल प्रशासन की ओर से जेल अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री, उप जेल अधीक्षक आर.आर. मातलाम, वरिष्ठ परिवीक्षा एवं कल्याण अधिकारी बानी मुखर्जी, सहायक जेल अधीक्षक ए.के. बाजपेयी, और संजय कुमार खैरवार, वरिष्ठ बढ़ई प्रषिक्षक प्रभाकर महाराणा, शिक्षक श्री डिगम्बर सिंह कंवर एवं समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया । संगोष्ठी में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशा मुक्ति हेतु जागरूक करने गायत्री परिवार अम्बिकापुर के सदस्यों के सहयोग से संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

छात्र फेल तो शिक्षक होंगे जिम्मेदार

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएमश्री सेजेस दाऊपारा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एस.ए.1/अर्द्धवार्षिक परीक्षा उपरांत तृतीय पीटीएम पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण में शाला प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव ने माध्यम वार, कक्षावार अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए कहा कि अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए अभी अपने परिणाम सुधार हेतु पर्याप्त अवसर है। कमजोर विद्यार्थियों को अंतिम कालखंड में कक्षावार, विषयवार संबंधित शिक्षकों द्वारा उपचारात्मक शिक्षण कराया जायेगा। साथ ही कक्षा 10वी एवं 12वीं में मण्डल परीक्षा 2025 में अनुत्तीर्ण होने पर संबंधित विषय शिक्षक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किये

जाने संबंधी जानकारी दी गई। उपस्थित पालकों को उनके पाल्य के प्राप्तांक के साथ-साथ मांग के अनुरूप मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाएं भी दिखाई गई। कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष रामशरण यादव, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सदस्य डॉ. हीरालाल साहू, रमेश बुनकर, ममता जोशी, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह राजपूत एवं पालक मोहित यादव,लक्ष्मण सिंह, शिवराम भरत सिंह, सलमा परवीन, मुरलीकांत तंबोली, सुरेश कुमार, दिलीप चतुर्वेदी, पवन सोनी, संतोषी सोनी, अलका मिश्रा, अजीत कुमार,राकेश कश्यप, रामरतन अनंत आदि अनेक पालक उपस्थित रहें। शालेय शिक्षकों में व्याख्याता महादेव यादव, सांत्वना दत्ता, राहुल वर्मा, हरिशंकर गुप्ता, संध्या कुजूर, रूही फातिमा, प्र.पा.पू.मा.दीप्ति चतुर्वेदी, प्र.पा.प्राथ.अमृता पात्रे, सहित सभी कक्षा शिक्षक उपस्थित रहे।

मुंगेली विस के सभी मंडलो के अध्यक्षों के नाम घोषित

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मुंगेली जिले में सम्पन्न मंडल अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मुंगेली विधानसभा के सभी मण्डल के नियुक्त मंडल अध्यक्षों की नाम की घोषणा भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने किया, इस दौरान महामंत्री रहे, सर्व श्रीवास समाज मुंगेली के जिलाध्यक्ष राजीव श्रीवास को मण्डल अध्यक्ष घोषित किया गया। घोषित मंडल अध्यक्षों में मुंगेली नगर मंडल सौरभ बाजपेयी, मुंगेली ग्रामीण मंडल राजीव श्रीवास, सेतगंगा मंडल सुखचंद साहू, जरहागांव मंडल नागेश्वर जायसवाल, लौदा

मंडल अभिलाष द्विवेदी, पथरिया मंडल संजय राजपूत, सरगांव मंडल पोषण यादव शामिल है। नव-नियुक्त अध्यक्षों को स्थानीय स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी का मानना है कि यह कदम संगठन को जमीनी स्तर पर और प्रभावशाली बनाएगा। इस अवसर पर लोकनाथ सिंह, शंकर सिंह, मोहन मल्लाह, द्वारिका जायसवाल, जेठू सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार तिवारी, मानस सिंह, श्रीकांत पाण्डेय, समीर आहिरे, शैलेंद्र तिवारी, डॉ आशुतोष तिवारी, सुनील पाठक, कोटू दादवानी, राजेन्द्र वैष्णव, पवन पाण्डेय, राणा प्रताप सिंह, अमितेश आर्य, नितेश भारद्वाज, मानस प्रताप सिंह बैस, अरविन्द सिंह राजपूत, जितेंद्र दिवाकर, भागीरथी यादव, जीवन पटेल, प्रदीप सिंह, धर्मेंद्र सिंह,मनी सिंह, विश्वधर सिंह, जितेंद्र दावडा, प्रवीण सोनी, संदीप सिंह, दिनेश जायसवाल, मोती साहू, चन्द्रहास गोस्वामी, हिरेन्द्र ताराचंद जांगड़े, मेला राम साहू, राजेश्वर टण्डन, दानी सिंह, उमेश विश्वकर्मा, मोहित यादव, डॉ ज्ञान सिंह, राममिलन साहू, संतोष सिंह, जनक राम साहू, खगदेव साहू, शिवकुमार साहू, सुखु राम साहू, शुभम विश्वकर्मा, सचिन यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

युवा उत्सव | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन

लोकनृत्य प्रतियोगिता में पथरिया प्रथम व लोरमी को द्वितीय स्थान

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कलेक्टर राहुल, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल और जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने किया। उन्होंने जिला स्तर खेल में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और बेहतर खेल का प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। युवा उत्सव में लोक नृत्य, लोक गीत, तात्कालिक भाषण, चित्रकला, कविता, कहानी, विज्ञान मेला प्रतियोगिता और महिला खेल अंतर्गत एथलेटिक्स, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबाल, कुश्ती, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी आदि का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पाल ने बताया कि युवा उत्सव अंतर्गत लोकनृत्य दलीय में पथरिया प्रथम व लोरमी द्वितीय, लोकगीत एकल में पथरिया प्रथम, मुंगेली द्वितीय व लोरमी तृतीय, लोकगीत दलीय में लोरमी प्रथम स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में लोरमी से पूर्णिमा जायसवाल प्रथम, मुंगेली से आकांक्षा सोनवानी द्वितीय एवं पथरिया से लोमश ऋषि तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम स्थान मुंगेली से मौली केशरवानी,

द्वितीय स्थान लोरमी से तुलसी केंवट, तृतीय स्थान पथरिया से शिखा यादव, कहानी लेखन में पथरिया से लोमश ऋषि प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान ठगिया सिंगरौली, कविता में लोरमी से श्रद्धा उइके प्रथम, लोरमी से पूर्णिमा जायसवाल द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी तरह महिला खेल अंतर्गत 100 मीटर दौड़ में 0 से 18 वर्ष आयु की बालिका वर्ग में सुभाषिनी प्रथम, बबिता ध्रुव द्वितीय, ज्योति राजपूत तृतीय, 19 से 35 वर्ष आयुवर्ग में खुबन निषाद प्रथम, गिरिजा साहू द्वितीय, 400 मीटर दौड़ 0 से 18 वर्ष आयुवर्ग में सुभाषिनी प्रथम, बबिता ध्रुव द्वितीय, इन्द्राणी नेताम तृतीय, 19 से 35 वर्ष आयुवर्ग में हितेश्वरी पटेल प्रथम, गिरिजा साहू द्वितीय, तवा फेंक 0 से 18 आयु की बालिका वर्ग में प्रथम स्नेहा बारले, दीप्ती राजपूत द्वितीय और इन्द्राणी तृतीय, 19 से 35 वर्ष आयुवर्ग में राधा यादव प्रथम, दुर्गा मरावी द्वितीय, अंकिता राजूपत तृतीय, वेटलेफ्टिंग में 40 किलोग्राम में प्रतिक्षा राजपूत प्रथम, 45 किलोग्राम में अमिता राजपूत, कुश्ती 50 किलोग्राम में राधिका राजपूत, 53 किलोग्राम में आंचल राजपूत, फुटबाल 0 से 18 आयुवर्ग में खेलो इंडिया सेंटर मुंगेली प्रथम, लोरमी द्वितीय, खो-खो 0 से 18 वर्ष में लोरमी टीम विजेता रही।

नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

लखनपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी संगठन ने लखनपुर मंडल में फेरबदल करते हुए मंडल अध्यक्ष पद पर दिनेश बारी का ताजपोशी करते हुए मंडल की जवाबदारी सौंपी है।

नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष के स्वागत में अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के निवास पर पूर्व सरगुजा सांसद कमलभान सिंह, पूर्व जंप उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राजेंद्र जायसवाल, राहुल अग्रवाल, यतेंद्र पांडेय, तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान स्वागत समारोह के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने कहा - पार्टी संगठन ने मुझ पर भरोसा करते हुये जो जिम्मेदारी सौंपी है उसको हरसंभव निभाने की कोशिश करूंगा। इस अवसर पर लवी अग्रवाल, राकेश साहू मदन राजवाड़े,अमीत बारी,महमूद खान, सहदूल खान, सहित भाजपा कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित रहे।

करंट बिछाकर नीलगाय का शिकार, वन विभाग ने तीन आरोपियों को भेजा जेल

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सहसपुर लोहारा वन परिक्षेत्र में करंट बिछाकर संरक्षित वन्यजीव नीलगाय के शिकार का मामला प्रकाश में आया है। वन विभाग की सटीक रणनीति और त्वरित कार्रवाई से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है।

वन विभाग को गुप्त सूचना मिली कि मोहनपुर गांव के एक घर में जंगली जानवर के मांस को छिपाकर रखा गया है। इसकी सूचना पर जांच टीम ने मोहनपुर निवासी प्रताप नेताम के घर पर छापा मारा। जहां नीलगाय का मांस, जबड़े के टुकड़े, और मांस काटने के औजार बरामद हुए। घर के भीतर से जो दृश्य सामने आया, उसने वन विभाग की टीम को हैरान कर दिया। प्रताप ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथियों मुंशी यादव, अनिल नेताम और विश्वनाथ महावीर के साथ मिलकर नीलगाय का शिकार किया था। यह शिकार सहसपुर लोहारा के मोहनपुर परिसर (कक्ष क्रमांक पी.एफ 258) के जंगल में किया गया, जहां करंट बिछाकर नीलगाय को मार गिराया गया।

करंट बिछाकर शिकार

आरोपियों ने पहले से ही योजना बनाकर जंगल के एक खास हिस्से में करंट तार बिछाए थे। यह तरीका अत्यंत क्रूर और खतरनाक है, जो न केवल नीलगाय बल्कि अन्य जानवरों और पर्यावरण के लिए भी खतरा पैदा करता है। शिकार के बाद, नीलगाय के शव को जंगल के भीतर काटकर मांस को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटा गया। जांच टीम ने उन स्थानों की भी पहचान की, जहां मांस बांटा गया और अपराध को छिपाने के लिए तार छुपाए गए थे।

फॉरेंसिक जांच से पुख्ता हुए सबूत

जांच के दौरान वन विभाग की टीम ने बरामद मांस और अन्य सामग्रियों की फॉरेंसिक जांच कराई। फॉरेंसिक रिपोर्ट ने पुष्टि की कि बरामद मांस नीलगाय का ही था। यह रिपोर्ट न केवल आरोपियों के खिलाफ मजबूत सबूत है, बल्कि इस मामले की गंभीरता को भी रेखांकित करती है। इस ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में परिक्षेत्र अधिकारी अनुराग वर्मा, परिक्षेत्र सहायक मोतीलाल रात्रे और परिसर रक्षक खेमचंद बरैया शामिल थे।

एक फारार आरोपी की तलाश में वन विभाग

वन विभाग ने 19 दिसंबर को प्रताप नेताम, मुंशी यादव और अनिल नेताम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। चौथा आरोपी विश्वनाथ महावीर अभी फरार है और उसकी तलाश में वन विभाग की टीम सक्रिय है। वनमंडल अधिकारी शशि कुमार ने कहा कि यह घटना न केवल वन्यजीव संरक्षण कानून का उल्लंघन है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है। करंट जैसे घातक तरीके से वन्यजीवों का शिकार करना क्रूरता की पराकाष्ठा है। हमने इस मामले में सख्त कदम उठाए हैं और आगे भी ऐसे अपराधों को रोकने के लिए तत्पर रहेंगे। दोषियों को सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

अवैध शिकार: अपराध से परे एक नैतिक चुनौती

अवैध शिकार केवल एक कानूनी अपराध नहीं है, यह हमारे पर्यावरण और जैव विविधता के खिलाफ एक बड़ी नैतिक चुनौती है। नीलगाय जैसे संरक्षित प्राणियों की हत्या से पारिस्थितिकी तंत्र पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इस घटना ने यह साबित किया है कि वन्यजीवों की सुरक्षा केवल सरकारी एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें हर नागरिक का योगदान आवश्यक है।

विक्रमपुर में स्काउट गाइड द्वितीय सोपान प्रशिक्षण का समापन

सफल होने से पहले अच्छा इंसान होना आवश्यक : भागवत

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला स्कॉउट गाइड के द्वितीय सोपान प्रशिक्षण व जांच शिविर के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा किसी भी कार्य क्षेत्र में सफल होने से पहले व्यक्ति का एक अच्छा इंसान होना आवश्यक है। एनसीसी, एनएसएस व स्कॉउट गाइड के कैंप से न केवल अनुशासन की सीख मिलती है। बल्कि सेवा की भावना जागृत होती है। समाज में ऊंच - नीच, छोटे-बड़े की भावना क्षीण होती है। और समरसता का भाव आता है। सिंह ने कहा कि इस तरह के कैंप एक तरह से व्यक्तित्व विकास की पाठशाला हैं। जो कैंप ज्वाइन करने वाले और कैंप से अलग रहने वालों के अंतर को आसानी से बता देता है। सिंह ने कहा कि शिक्षण संस्था के बाद छात्रों को एक कैडेट के रूप में व्यवहारिक ज्ञान इस तरह के कैंप से ही हासिल होता है। कार्यक्रम सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, आजीवन सदस्य व व्याख्याता कमलेश्वर सिंह, अधिवक्ता व समाजसेवी राजीव चंद्राकर, समाजसेवी शिशिर मिश्रा, शिशिर पांडे, के के वर्मा,सुरेश गुनी, इंदिरा चंद्रवंशी, नीलू सिंह, अनुराग मालवीयसहित ग्राम सरपंच, एसएमडीसी अध्यक्ष व ग्रामवासी मौजूद रहे। समापन अवसर को संबोधित करते हुए आयुक्त और जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने कहा कि छात्रों को निश्चित तौर पर इस तरह के कैंप का हिस्सा बनना चाहिए।

न्यूज गैलरी

बोर खनन के लिए भूमिपूजन

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत रतावा के देव स्थल शितला मंदिर रतावा में बोर खनन हेतु भूमि पूजन किया गया इस मौके पर सरपंच ग्राम पंचायत रतावा श्रीमती गिरजा देवी देव ने बताया की शितला मंदिर रतावा के प्रांगण में पानी व्यवस्था को लेकर को आमजनताओ की मांग को लेकर बोर खनन किया गया इस अवसर पर उमेश देव जनपद सदस्य रतावा, खुशी राम नाग सोसायटी अध्यक्ष घठुला,केदार मंडावी उपाध्यक्ष ग्राम समिति,पुनित सलाम देव समिति अध्यक्ष, पुष्प देव ठाकुर कोषाध्यक्ष, योगेश नेताम ग्राम पटेल,सोनाऊ नेताम शितला समिति पुजारी, समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे

70 हजार की मोबाइल को पुलिस ने किया वापस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा गुम मोबाइल पतासाजी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 6 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइल लगभग 70,000 रुपए को थाना बंसतपुर पुलिस ने बरामद किया गया। थाना बसंतपुर में बरामद हुए सभी 6 नग मोबाइल को मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन, सउनि मनमोहन साहू, आरक्षक क्रमांक 1028 सुनील कुमार ठाकुर, आरक्षक क्र0 1318 मोहसीन खान, आरक्षक क्र0 1312 प्रवीण मेश्राम एवं आरक्षक भगत सिदार की भूमिका सराहनीय रही ।

सत्य की राह पर चलना ही बाबा की सच्ची पूजा है : मनराखन

खैरागढ़/नवप्रदेश । ग्राम दिलीपपुर में सतनामी समाज द्वारा गुरुघासीदास जयंती धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के मुख्य आथित्य जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि सरपंच सीतावर्मा, अरुण भारद्वाज, बहादुर कुर्रे, जेठू मारकंडे, कोमल वर्मा की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा घासीदास के तैल-चित्र व जैतखाम का पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान पंथी नृत्य के साथ मुख्य अतिथि मनराखन ने पाला चढ़ाया। मुख्य अतिथि देवांगन ने कार्यक्रम में कहा कि गुरु घासीदास बाबा केवल सतनामी समाज ही नहीं बल्कि सभी समाज के पूजनीय है बाबा के संदेश का अनुसरण करना, सत्य बोलना ही बाबा की सच्ची पूजा है। देवांगन नेसमाज मे सफेद ध्वजा के बारे में बताते कहा कि यह झंडा देश व प्रदेश में सत्यव शांति का प्रतीक है।

वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच वेदमाता गायत्री, सावित्री व कुंडलिनी शक्ति पुन: प्रतिष्ठित

24 कुंडीय महायज्ञ में मंत्रोच्चार से गूंज उठा गायत्री शक्तिपीठ

राजनांदगांव/नवपदेश। नव साज-सज्जा व नए कलेवर से युक्त गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच हर्षोल्लास के साथ वेद माता गायत्री, मां सावित्री व कुंडलिनी शक्ति की पुर्नप्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान 24 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों व सत्य सनातन धर्मी जनों ने इदं नमम् स्वाहा ध्वनि के साथ यज्ञाहूति प्रदान की । इस दौरान पूरा माहौल वैदिक मंत्रों की गूंज से गुंजायमान हो उठा, वहीं महायज्ञ से पूरा वातावरण महक उठा।

बता दें कि अभा गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा आज से 60 वर्ष पूर्व 21 दिसंबर को स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में स्वयं अपने हाथों से वेदमाता गायत्री, सावित्री व कुंडलिनी शक्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। उक्त मंदिर के पुनर्निर्माण होने उपरांत शक्तिपीठ द्वारा 4 दिवसीय भव्य आयोजन कर वेदमाता गायत्री प्रतिमाओं की पुनः प्राण प्रतिष्ठा की गई। मां गायत्री पुनर्प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर महापौर दम्पत्ति हेमा सुदेश देशमुख, सूर्यकांत चितलांग्या, बृजकिशोर सुरजन, भोला डागा, जयंती भाई पटेल, तरणदीप अरोरा, किसन खंडेलवाल, नरेंद्र लोहिया, विजय हरिहारणों, नंदकिशोर खंडेलवाल सालिगराम, मुरलीधर चौधरी, डा0 दुलेश्वर, अशोक खंडेलवाल, वर्षा अग्रवाल, विजय कौशिक, हिरेन ठक्कर, हरिश गांधी, भाई ओमप्रकाश , जय प्रकाश देवशरण आदि सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों व सत्य सनातन धर्मियों की उपस्थिति बनी रही।

गायत्री शक्तिपीठ में वेदमाता गायत्री पुर्ननिर्माण प्रतिष्ठा अवसर पर दो दिनों तक 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में लोगों ने यज्ञाहूति प्रदान की। आयोजन के संचालन के लिए हरिद्वार से आई टोली के प्रमुख शेष देव, शक्ति सिंह,मनीष साहू, अलंकार आदि द्वारा यज्ञ -हवन के बीच वैदिक मन्त्रोंच्चार की धूम बनी रही। इस दौरान शक्तिपीठ के पुरोहित भाई सुखनंदन, टीकेंद्र ठाकुर कृपाराम, ब्रह्मानंद आदि द्वारा यज्ञोपवीत , गर्भाधान , पूंसवन, नामकरण, विद्यारंभ आदि विभिन्न संस्कार भी संपन्न कराए गए। उपरोक्त त्रि-दिवसीय अनुष्ठानिक आयोजन में आगत सभी परिजनों के लिए माहेश्वरी महिला मंडल? की श्रीमती अलका सुरजन,दीपा बागड़ी, अनिता चितलांग्या, वर्षा डागा संगीता सोनी लक्ष्मी डागा के अलावा ओमवती ठाकुर, जयंती साहू, अंजनी कोशा,चेतना साहू आदि द्वारा माहेश्वरी भवन में भोजन महाप्रसादी व्यवस्था में सहयोग किया गया। कार्यक्रम की जानकारी भाई ओमप्रकाश द्वारा दी गई।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम

कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता से ग्रामीणों में उत्साह महतारी वंदन योजना बनी आर्थिक संबल

कवर्धा/नवप्रदेश।। छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन और ग्रामीण सशक्तिकरण की नीति के तहत कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्र में कुकदूर परियोजना ने एक नई पहल की मिसाल पेश की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही योजनाओं के प्रभाव ने सरकार के जनादेश को मजबूती प्रदान की है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से दैहानटोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में महतारी वंदन योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को 'विष्णु पाती' वितरित की गई, जिसमें योजनाओं की जानकारी के साथ लाभ प्राप्त करने के तरीके भी बताए गए। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसने क्षेत्रीय महिलाओं के बीच उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। आयोजन में 25 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और इसे पर्यवेक्षक दिव्या जायसवाल की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ग्रामीण महिलाओं ने इस आयोजन को केवल एक खेल के रूप में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सशक्तिकरण के एक मंच के रूप में देखा। सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों से जोड़ा गया यह आयोजन कुकदूर परियोजना और महिला बाल विकास विभाग की कार्य कुशलता को दर्शाया गया।

महतारी वंदन योजना ने बढ़ाया आत्मसम्मान

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के अंतर्गत राज्य की लाखों महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता का आधार मिल रहा है। इस योजना के तहत प्रत्येक महिला को प्रति माह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे उनके छोटे-छोटे सपने साकार हो रहे हैं।

जनप्रतिनिधियों ने किया विकास कार्य का भूमिपूजन

कन्या माध्यमिक शाला चिल्फी में बनेगी 8 लाख 7 हजार रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सुदूर वनांचल क्षेत्रों और मैदानी इलाकों में लगातार विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण सिलसिला जारी है। प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों पर शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कवर्धा विधानसभा के वनांचल क्षेत्र ग्राम चिल्फी में कन्या माध्यमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस कक्ष के निर्माण पर 8 लाख 7 हजार रुपए की लागत की जाएगी। क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस भूमि पूजन समारोह में शामिल होकर इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की।

कन्या माध्यमिक शाला चिल्फी का अतिरिक्त कक्ष वनांचल क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कक्ष के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। विशेषकर लड़कियों के लिए शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनेगा, जिससे वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। इस कक्ष के निर्माण से केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में यह कदम क्षेत्र के विकास की दिशा में एक अहम मील का पत्थर साबित होगा।

कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

खैरागढ़/नवप्रदेश । कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिले के धान खरीदी केंद्र गोपालपुर, सिलपट्टी, उदयपुर, एवं रगरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान बेचने आए कृषकों से चर्चा करते हुए धान खरीदी केंद्र में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। कृषकों से सोसायटीमें बारदाने की उपलब्धता, धान की गुणवत्ता, टोकन काटने की प्रक्रिया और किसानों को दी जानी वाली भुगतान की जानकारी ली।

ओडिशा की टीम ने किया सांकरा पंचायत का दौरा

नगरी/नवप्रदेश। ओडिशा राज्य की पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं अधिकारी छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट पंचायतों के अध्ययन के लिए दौरे पर आई है। इसी कड़ी में उक्त टीम धमतरी जिले के ग्राम पंचायत सांकरा पहुंची। इस दौरान ग्राम पंचायत सांकरा द्वारा कराए गए कार्यों एवं अभिलेखों का निरीक्षण कर किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर राज्य प्रशिक्षण संस्थान निमोरा के डॉक्टर अशोक जायसवाल, जनपद पंचायत नगरी के पंचायत निरीक्षक आनंद साहू, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, ग्राम सभा अध्यक्ष बिसेन सहित महिला समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

टीम ने 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत सांकरा का अध्ययन भ्रमण किया। इस मौके पर ग्राम सभा अध्यक्ष प्रयाग बिसेन, हेमलाल ध्रुव पंच, सहित पंचायत प्रतिनिधि व पंचायत सचिव मदन सेन समेत पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

लोटस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न

- **भैरा कका एवं पुष्पा 2 के किरदार में बच्चों ने दी प्रस्तुति**

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव के लोटस पब्लिक स्कूल के द्वारा 19 दिसंबर को वार्षिकोत्सव (सरगम) का आयोजन किया गया । जहां स्कूली बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दिया। नगर भटगांव के लोटस पब्लिक स्कूल में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव (सरगम) का आयोजन नगर के बंगला भाठा मैदान में किया गया। जहां कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। वहीं उपस्थित सभी अतिथियों क स्वागत स्टॉफ द्वारा स्वागत गीत के साथ पुष्प गुच्छ भेंट करके किया गया।

जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं ने हिंदी, इंग्लिश, छत्तीसगढ़ी गीत सहित भोजपुरी गानों में जोरदार प्रस्तुति की तो क्लास एक से 12 तक के बच्चों ने मंच संचालन करते हुए हिंदी एवं इंग्लिश में एंकरिंग भी की।

कक्षा पहली से लेकर 12 वीं के बच्चों ने लगभग 35 कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जहां पूरा पंडाल दर्शकों से भरा रहा है। इस वर्ष पंडाल में 4000 कुर्सी लगाए गए थे, जो दर्शकों से भरा रहा। यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा, जहां स्कूली छात्रों ने छत्तीसगढ़ में मशहूर यूट्यूबर अमलेश नागेश का किरदार (भैरा कका) एवं पुष्पा 2 के अल्लू अर्जुन के काली माता के रोल में नजर आए जहां पुष्पा फिल्म के काली महाकाली गाने में महाकाली की वेशभूषा में तो क्लास 6 से हंसिका पटेल ग्रुप ने बरसों रे मेघा मेघा मे मनमोहक प्रस्तुति दी और इस तरह नन्हें बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

धार्मिक अनुष्ठान | **अमृतेश्वर महादेव मंदिर दर्शन करने कुरुद पहुंचे भाजपा के क्षेत्रीय संगठन व प्रदेश संगठन मंत्री**

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नासिक, बनारस, चित्रकूट से आए पंडितों का समागम

कुरुद/नवप्रदेश। कुरुद के विनायक सिटी में भारद्वाज मंदिर ट्रस्ट द्वारा निर्मित श्री अमृतेश्वर महादेव की भव्य मंदिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नासिक, बनारस, चित्रकूट से आए पंडितों द्वारा कराई जा रही विशेष पूजा में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पहुंच दर्शन लाभ लिए। विधायक अजय चन्द्राकर के साथ उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र में सुख, समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना की।

पार्टी के दोनों वरिष्ठ नेता बुधवार शाम कुरुद पहुंचे। उन्होंने मंदिर की भव्यता और खूबसूरती की तारीफ करते हुए लोककल्याण एवं धर्म संस्कृति के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए अजय चन्द्राकर की प्रशंसा की। इस बारे में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर का कहना है कि वरिष्ठ पार्टी नेता मंदिर दर्शन को आए थे। इस बीच किसी तरह की कोई राजनीतिक चर्चा नही हुई है। बाहरहाल बाद में चाय के बीच संगठन के दोनों नेताओं ने कुरुद क्षेत्र में सदस्यता अभियान में बेजोड़ कार्य करने के लिए विधायक एवं कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाई। इस दौरान कुरुद मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू सहित चारों मंडल अध्यक्ष को नये दायित्व के लिए बधाई देते हुए

अगामी चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर रविकांत चन्द्राकर, गौकरण साहू, भानु चन्द्राकर, सुरेश अग्रवाल, आनंद यदु आदि मौजूद थे।

गौरतलब हो कि छत्तीसगढ़ की विधानसभा में चल रही गरमा-गरम बहस एवं संगठन चुनाव की गहमागहमी के बीच मंदिर दर्शन के बहाने संगठन के दो बड़े महारथियों का कुरुद पहुचने की खबर से राजनीतक हल्के में एक नई चर्चा को जन्म दे दिया है।

ज्ञात हो कि शीतसत्र के पूर्व, विधायक चन्द्राकर दिल्ली में पार्टी एवं सरकार के आला मंत्रियों से मुलाकात कर लौटे हैं। वर्तमान प्रदेश सरकार के शुरुआती दौर में कुरुद विधायक के धुंआधार परफॉरमेंस ने कई मंत्रियों का जायका बिगाड़ दिया था। विष्णुदेव सरकार के प्रथम वर्ष के अंतिम सत्र में भी पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के द्वारा पूछे सवालों का वरिष्ठ मंत्री तक ठीक से जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी में साइकिल रैली और संगोष्ठी का आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश। सुशासन के एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल कार्यक्रम के तहत जिले में अनेक कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित कर प्रदेश सरकार के एक साल की उपलब्धियों की जानकारी लोगों को दी जा रही है। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों का सम्मान हुआ। इसी कड़ी में रविवार को स्थानीय बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में राष्ट्रीयसेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी एवं साइकिल रैली का आयोजन हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार पाठक ने बताया कि यह कार्यक्रम 9 दिसंबर से प्रारंभ होकर 20 दिसंबर तक आयोजित हो रहा है। संगोष्ठी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो आकांक्षा मरकाम ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में धमतरी जिले को अनेक प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। जल जीवन मिशन, फसल चक्र परिवर्तन जैसे अनेक क्षेत्रों में जिले के गांवों को राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं। एनसीसी केयर टेकर दिनेश्वर सलाम ने शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से वर्णन किया।

न्यूज गैलरी

बिजली वितरण कंपनियां राज्यों पर वित्तीय रूप से बोझ बनीं

नई दिल्ली। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न सुधार प्रयासों के बावजूद डिस्कॉम राज्यों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। हालात बदलने के लिए, आरबीआई ने उत्पादकता में सुधार, ट्रांसमिशन और वितरण घाटे को कम करने और बिजली आपूर्ति की वास्तविक लागत के साथ टैरिफ को एडजस्ट करने जैसे उपायों के महत्व पर जोर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) राज्यों के लिए वित्तीय रूप से भारी बोझ बनी हुई हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज्य डिस्कॉम का कुल संचित घाटा 2022-23 तक 6.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 2.4 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, ÷बिजली वितरण कंपनियाँ (डिस्कॉम) राज्यों पर वित्तीय रूप से बोझ बनी हुई हैं।÷ रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न सुधार प्रयासों के बावजूद डिस्कॉम राज्यों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। हालात बदलने के लिए, आरबीआई ने उत्पादकता में सुधार, ट्रांसमिशन और वितरण घाटे को कम करने और बिजली आपूर्ति की वास्तविक लागत के साथ टैरिफ को एडजस्ट करने जैसे उपायों के महत्व पर जोर दिया। आरबीआई की रिपोर्ट में पाया गया है कि राज्यों ने राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने में प्रगति की है। 2023-24 में, राज्यों का सकल राजकोषीय घाटा (GFD) सकल घरेलू उत्पाद के 2.91 प्रतिशत पर सीमित रहा, जो राजकोषीय उत्तरदायित्व विधान (FRL) की ओर से निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर था।

अमेजन फाउंडर जेफ 55 साल की गर्लफ्रेंड से शादी करेंगे

वॉशिंगटन। जेफ बेजोस (60) और लॉरेन सांचेज (55) ने 2019 में अपने-अपने पहले पार्टनर को तलाक दिया था। ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन के फाउंडर और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी जेफ बेजोस (60) अपनी गर्लफ्रेंड लॉरेन सांचेज (55) शादी कर रहे हैं। ये शादी कोलोराडो के एस्पेन में 28 दिसंबर को होगी। इस पर करीब 600 मिलियन डॉलर (करीब 5000 करोड़ रुपए) खर्च होंगे। डेलीमेल.कॉम ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि इस शादी के लिए केविन कॉस्टनर के 160 एकड़ के रेंच (VIP फैसेलिटी वाला फॉर्म) को वैन्यू के तौर पर चुना गया है। वहीं शादी से पहले का सेलिब्रेशन पॉश सुशी रेस्तरां मात्सुहिसा में होगा। इसे 26 और 27 दिसंबर के लिए रिजर्व कराया गया है।

टॉप-10 कंपनियों की मार्केट वैल्यू 4.95 लाख करोड़ घटी

नई दिल्ली। पिछले हफ्ते के कारोबार में देश की टॉप-10 कंपनियों का कंबाइन मार्केट कैपिटलाइजेशन 4.95 लाख करोड़ रुपए घटा है। इनमें TCS को पिछले हफ्ते सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इसका मार्केट कैप 1.10 लाख करोड़ से घटकर 15.08 लाख करोड़ रह गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 91 हजार करोड़ से घटकर 16.32 लाख करोड़ रह गया। HDFC बैंक का मार्केट कैप 76 हजार करोड़ घटकर से 13.54 लाख करोड़ पर आ गया है।

लाइफस्टाइल की सेल ऑफ द सीज़न में पाएं आकर्षक डिस्काउन्ट

रायपुर। नए ट्रैंड्ज़ के लिए भारत के अग्रणी फैशनडेस्टिनेशनल लाईफस्टाइल ने इस सीज़न के लिए अपनी सेल की घोषणाकर दी है। लाईफस्टाइल में खरीददारी करने वाले उपभोक्ता टॉप फैशनब्राण्ड्स के नए स्टाइल्स पर 50 फीसदी तक छूट का लाभ उठा सकते हैं। 'लीव नथिंग' के दृष्टिकोण के साथ लाईफस्टाइल की सेल उपभोक्ताओं कोफैशन के बोल्ड विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करती है, ताकि वे बिना कुछ पीछे छोड़े अपने अनूठे स्टाइल को अपना सकें। इस अवसर पर लाईफस्टाइल ने टीवी, डिजिटल और प्रिंट के लिए एक कैंपेन का लॉन्च भी किया हैं, जो दर्शाता है कि कोई भी व्यक्ति खरीददारी करने से अपने आपको रोक नहीं पाएगा। इस विज्ञापन में शॉपिंग रैक को फैशन-फॉरवर्ड ट्विस्टके साथ पेश किया गया है।

विभोर स्टील को मिला सबसे अधिक सब्सक्रिप्शन

आईपीओ से 327 कंपनियों ने जुटाए रिकॉर्ड 1.69 लाख करोड़

नई दिल्ली। प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ से 327 कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.69 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। वोडाफोन के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर के 18,000 करोड़ को जोड़ लें तो यह रकम 1.87 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। इसमें 90 आईपीओ से 1,59,66 करोड़ रुपये मुख्य प्लेटफॉर्म से जुटाए गए हैं। 237 कंपनियों ने एसएमई प्लेटफॉर्म के जरिये 9,192 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस साल भारतीय शेयर बाजार ने जहां रिकॉर्ड उच्च स्तर बनाया, वहीं दूसरी ओर प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ से 327 कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.69 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। वोडाफोन के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर के 18,000 करोड़ को जोड़ लें तो यह रकम 1.87 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। इसमें 90 आईपीओ से 1,59,66 करोड़ रुपये मुख्य प्लेटफॉर्म से जुटाए गए हैं। 237 कंपनियों ने एसएमई प्लेटफॉर्म के जरिये 9,192 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एक्सचेंजों के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर के अंत तक जो इश्यू आने वाले हैं, उनको मिलाकर कुल 26,024 करोड़ रुपये की रकम जुटाई जाएगी। नवंबर में 30,301 करोड़ और अक्टूबर में 38,701 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। इससे पहले 2023 में 58 कंपनियों ने 49,437 करोड़, 2022 में 40 कंपनियों ने 59,939 करोड़ और 2021 में 63 कंपनियों ने 1,19,882 करोड़ रुपये जुटाए थे। इस साल आईपीओ में विभोर स्टील को सबसे अधिक 324 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। मानबा फाइनेंस को 224 गुना, केआरएन हीट को 213 गुना, गाला प्रीसीजन को 201 गुना और यूनिकॉर्न ई-सोल्यूशन को 168 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है।विश्लेषकों का मानना है कि आईपीओ का बाजार अगले साल भी गुलजार रहेगा। 2025 में कई बड़ी कंपनियां बाजार में उतरने वाली हैं। इसमें जियो से लेकर स्नैपडील, एनएसडीएल, एचडीबी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, फ्लिपकार्ट, इंदिरा आईवीएफ, हीरो फिनकॉर्प तक शामिल हैं। कुल 89 कंपनियां बाजार में उतर सकती हैं। इसमें से 34 को सेबी की मंजूरी भी मिल चुकी है जो 41,000 करोड़ रुपये जुटाएंगी।2012 में एसएमई प्लेटफॉर्म लॉन्च होने के बाद सबसे अधिक रकम इसी साल जुटाई गई है। इस साल 9,192 करोड़ के अलावा 2023 में 182 कंपनियों ने 4,967 करोड़, 2022 में 109 कंपनियों ने 1,980 करोड़ और 2021 में 59 कंपनियों के जरिये 787 करोड़ रुपये की रकम जुटाई गई थी।

वित्त मंत्री ने बताया बैठक में क्या-क्या फैसले हुए

बीमा पर कर कटौती फिलहाल नहीं, जीन थेरेपी में छूट

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक के बाद कहा, जीएसटी काउंसिल ने फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर टैक्स रेट तय करने का फैसला टाल दिया है। दरअसल, रेट को सरल बनाने के लिए बनी मंत्री समूह (जीओएम) की रिपोर्ट अभी तक तैयार नहीं हुई है, इसलिए फैसला आगे बढ़ा दिया गया है। जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा,अगर आप पुराने वाहन खरीदने को इच्छुक हैं तो अब इस पर 18 फीसदी जीएसटी देना होगा। पहले यह दर 12 फीसदी थी। हालांकि, यह दर तब लागू होगी, जब किसी कंपनी से आप खरीद रहे हैं। अगर कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को बेच रहा है तो कोई टैक्स नहीं लगेगा। नई ईवी पर पहले की तरह पांच फीसदी जीएसटी की दर लागू रहेगी। इसी के साथ यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि लोन की शर्त नहीं मानने वाले ग्राहकों पर बैंक या वित्तीय संस्थान कोई जुर्माना लगाते हैं तो अब उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। जीवन व स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम, विमानन ईंधन और फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर टैक्स को कम करने का फैसला जनवरी की बैठक में होगा।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की शनिवार को जैसलमेर में 55वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, पौष्टिक चावल (फोर्टिफाइड राइस) पर जीएसटी दर को घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। देश से बाहर माल भेजने वाले सप्लायर्स के लिए मुआवजा उपकर की दर को कम किया गया है। यह इसलिए, ताकि निर्यातक की वर्किंग कैपिटल बढ़ सके। सीतारमण ने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों की ओर से आपूर्ति की जाने वाली काली मिर्च और किशमिश पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। दो हजार रुपये से कम के भुगतान पर पेमेंट एग्रीगेटर्स को जीएसटी से राहत मिलेगी, लेकिन यह राहत पेमेंट गेटवे और फिनटेक सेवाओं को नहीं मिलेगी। 50 फीसदी फ्लाई एश वाले एसीसी ब्लॉक्स पर 12 फीसदी जीएसटी लगेगा। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों पर इंटर स्टेट गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी आईजीएसटी की छूट को बढ़ा दिया गया है। परिषद ने क्विक कॉमर्स, ई-कॉमर्स और फूड डिलीवरी एप्स पर जीएसटी लगाने पर विस्तार से चर्चा की, लेकिन जीएसटी से जुड़ा कोई फैसला नहीं लिया। इसी तरह बीमा प्रीमियम के बारे में भी चर्चा हुई लेकिन फैसला नहीं हुआ। इस पर मंत्री समूह और बीमा नियामक इरडाई के साथ बातचीत के बाद फैसला लिया जाएगा। इरडाई को अपना प्रस्ताव परिषद को देना होगा। इस पर सभी राज्यों में सहमति नहीं बन पाई। जीन थेरेपी पर भी कोई टैक्स नहीं लगेगा। 148 वस्तुओं की दरों में बदलाव का सुझाव दिया गया था। इस पर भी फैसला टल गया है। इस सिफारिश को परिषद के समक्ष पेश नहीं किया गया।मंत्री समूह ने इसी महीने करीब 148 वस्तुओं पर कर दरों में फेरबदल करने पर व्यापक सहमति बनाई थी, जिसमें हानिकारक पेय पदार्थ और तंबाकू उत्पादों जैसी वस्तुओं पर वर्तमान 28 प्रतिशत की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक कर लगाना शामिल है।

केंद्र से अरुणाचल प्रदेश की मांग

बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के खिलाफ मिले वित्त पोषण

दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चाउना मीन ने राजस्थान में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में बजट पूर्व परामर्श बैठक में भाग लेते हुए, विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) जैसे संगठनों से बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के महत्व को रेखांकित किया।

अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चाउना मीन ने वित्तीय सहायता और तकनीकी विशेषज्ञता दोनों के लाभों का इस्तेमाल के लिए केंद्र से राज्य के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण तंत्र की मांग की है। चाउना मीन ने नेफा युग से राज्य की जीर्ण-शीर्ण अर्ध-स्थायी संरचनाओं को मजबूत आरसीसी भवनों से बदलने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला और इसके लिए एक विशेष वित्तीय पैकेज का प्रस्ताव दिया। राजस्थान के जैसलमेर में शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में बजट पूर्व परामर्श बैठक में भाग लेते हुए, चाउना मीन, जिनके पास वित्त विभाग भी है, ने विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) जैसे संगठनों से बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के महत्व को रेखांकित किया। चीन की आपत्तियों के कारण अरुणाचल प्रदेश इन संगठनों से धन प्राप्त करने में असमर्थ रहा है। वहीं केंद्र के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए, चाउना मीन ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता जैसी पहलों की सराहना की, जिससे अरुणाचल प्रदेश महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाने में सक्षम हुआ है। उन्होंने राज्य में विकास प्रक्रिया को और तेज करने के लिए एसएएससीआई (भाग-ढ) के तहत बढ़े हुए आवंटन का भी अनुरोध किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कार्बन सिंक राज्य होने के नाते अरुणाचल प्रदेश पर्यावरणीय स्थिरता में अपनी भूमिका के लिए प्रोत्साहन तंत्र की प्रतीक्षा कर रहा है। चाउना मीन ने राज्य के चुनौतीपूर्ण भूभाग से उत्पन्न वित्तीय चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया, जहां विकास की लागत अन्य क्षेत्रों की तुलना में 2.5 गुना अधिक है।

एयरटेल वाईफाई के साथ मनोरंजन का नया दौर: अब ज़ी-5 भी शामिल

गुरुग्राम। भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने ज़ी5, भारत के अग्रणी ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की घोषणा की है, अब एयरटेल के वाईफाई ग्राहकों को रोमांचक डिजिटल कंटेंट उपलब्ध होगा। 699 या उससे अधिक के प्लान्स पर सभी ग्राहकों को उनके एयरटेल वाईफाई प्लान के तहत ज़ी5 बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध होगा।

इस साझेदारी से ज़ी5 का एक्सक्लूसिव कंटेंट, जिसमें ओरिजिनल शोज़, चार्टबस्टर टाइटल्स, ओटीटी मूवीज़ और विभिन्न भाषाओं में सीरीज़, अब एयरटेल वाईफाई पर दर्शकों के लिए उपलब्ध होगा। इससे उपभोक्ताओं को डिजिटल कंटेंट की एक विस्तृत कैटलॉग मिलेगा। लोकप्रिय टाइटल्स जैसे कि सैम बहादुर, आरआरआर, सिर्फ एक बंदा काफी है, मनोरथंगल, विक्कटकवि, द क्रॉनिकल्स ऑफ अमरागीरी, अइंधाम वेधाम, ग्यारह ग्यारह और कई अन्य के साथ, एयरटेल वाईफाई ग्राहक अब 1.5 लाख+ घंटों के विशाल कंटेंट भंडार का आनंद ले सकते हैं। चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और ईवीपी कस्टमर एक्सपीरियंस - भारती एयरटेल अमित त्रिपाठी ने कहा, साझेदारी एयरटेल के डीएनए का हिस्सा है और ज़ी5 के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। हमारे उपभोक्ताओं को एक विश्वस्तरीय डिजिटल कंटेंट इकोसिस्टम देने के हमारे प्रयास में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। ज़ी5 की समृद्ध लाइब्रेरी हमारी कंटेंट पोर्टफोलियो को गहराई देती है और हमारे उपभोक्ताओं के अनुभव को और बेहतर बनाती है।

ऋण न चुका पाने की स्थिति से बाहर निकला देश, श्रीलंका के वित्त मंत्रालय का दावा

बिजनेस डेस्क। श्रीलंका के वित्त मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी महिंदा सिरिवर्धना ने कहा कि उनके देश ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से ऋण चूक से बाहर निकलने का एलान किया है, जो उनकी आर्थिक सुधार की प्रक्रिया में एक बड़ा कदम है। श्रीलंका ने शनिवार को दावा किया कि उसने ऋण चूक (डिफॉल्ट) से बाहर निकलने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। यह एलान तब किया गया है, जब फिच रेटिंग्स ने श्रीलंका की क्रेडिट रेटिंग को सीसीसी से बढ़ाकर सीसीसी प्लस कर दिया। इसका मतलब है कि द्वीप राष्ट्र ने कर्ज चुकाने की अपनी स्थिति में सुधार कर ली है और अब उसके ऋण चूक होने का खतरा नहीं है। द्वीप राष्ट्र के वित्त मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी महिंदा सिरिवर्धना ने कहा कि श्रीलंका ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से ऋण चूक से बाहर निकलने का एलान किया है, जो उनकी आर्थिक सुधार की प्रक्रिया में एक बड़ा कदम है। श्रीलंका ने 2022 में पहली बार आधिकारिक तौर पर ऋण चुकाने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद देश में आर्थिक संकट पैदा हुआ। भोजन, ईंधन और गैस की किल्लत हो गई थी। लोग सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने लगे थे। इन विरोध प्रदर्शनों के कारण तब के राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षे को देश छोड़ना पड़ा था। इसके बाद रानिल विक्रमसिंघ ने राष्ट्रपति का पद संभाला और अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मदद हासिल करने के लिए बातचीत शुरू की। मार्च 2023 में श्रीलंका को बेलआउट पैकेज मिला। सिरिवर्धना ने कहा, यह मानव निर्मित संकट था, यानी यह देश की नीतियों और गलत फैसलों के कारण हुआ था और इसे पहले सही समय पर आईएमएफ की मदद से टाला जा सकता था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि देश की आर्थिक स्थिति अब सुधर रही है। लेकिन लोग अभी भी संकट के असर को महसूस कर रहे हैं। श्रीलंका ने आईएमएफ से 2.9 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल किया था। आईएमएफ ने हाल ही में तीसरी बार समीक्षा की, जिसमें श्रीलंका सफल रहा। इसके अलावा श्रीलंका ने 14.2 अरब डॉलर का ऋण पुनर्गठन समझौता भी किया, जो आईएमएफ की शर्तों को पूरा करने के लिए जरूरी था।

खेल, मनोरंजन

भारत ने विमेंस अंडर-19 एशिया कप जीता, बांग्लादेश को 41 रन से हराया

स्पोर्ट्स डेस्क। भारत ने विमेंस अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीत लिया है। यह विमेंस अंडर-19 एशिया कप का पहला एडिशन है। टीम ने रविवार, 22 दिसंबर को कुआलालंपुर में बांग्लादेश अंडर-19 को 41 रन से हराया। बांग्लादेश की कप्तान सुमैया अख्तर ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया।

भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 117 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश का नियमित अंतराल पर विकेट गिरता रहा। टीम 18.3 ओवर में 76 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए को अर्धशतकीय पारी खेलनी वाली गोंगडी त्रिशा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। गोंगाडी त्रिशा ने 52 रन की पारी खेली भारत के लिए गोंगाडी त्रिशा ने 47 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली। 5 चौके और 2 छक्के जड़े। मिथिला विनोद ने 12 गेंदों पर 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 17 रन बनाए। इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। बांग्लादेश के लिए फरजाना इस्मिन 31 रन देकर 4 विकेट लिए। निशिता अख्तर निशी 23 रन देकर 2 विकेट लिए।आयुषी शुक्ला ने 3 विकेट लिए बांग्लादेश के लिए जुएरिया फिरदौस ने 30 गेंदों पर 22 और फहोमिडा चोया ने 24 गेंदों पर 18 रन बनाए। भारत की ओर से आयुषी शुक्ला 17 रन देकर 3 विकेट लिए। सोनम यादव ने 13 रन देकर 2 विकेट लिए। परुनिका सिसोदिया 12 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके वीजे जोशीता 11 रन देकर 1 विकेट लिए।

बॉक्सिंग-डे टेस्ट से पहले मेलबर्न में प्रैक्टिस सेशन के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बाएं पैर में चोट लग गई। उसके बाद वे बर्फ से सिकाई (आइस पैक) करते नजर आए। उन्होंने नेट पर बल्लेबाजी नहीं की। हालांकि, चोट गंभीर नहीं है। इस पर तेज गेंदबाज आकाश दीप ने कहा कि प्रैक्टिस सेशन में किसी न किसी खिलाड़ी को चोट लगती रहती है। रोहित की चोट गंभीर नहीं है। मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर 26 दिसंबर से बॉक्सिंग-डे टेस्ट खेला जाएगा। 5 मैचों की सीरीज अभी 1-1 से बराबर है।

अनमोल ने 35 बॉल में सेंचुरी लगाई

***लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने;**
***विजय हजारे ट्रॉफी में किया कारनामा**

स्पोर्ट्स डेस्क। पंजाब के बल्लेबाज अनमोलप्रीत सिंह ने शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगा दिया। अनमोलप्रीत लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।अनमोलप्रीत ने पूर्व भारतीय बल्लेबाज यूसुफ पठान का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2010 में महाराष्ट्र के खिलाफ बड़ौदा के लिए 40 गेंदों में शतक बनाया था। अनमोलप्रीत ने सिर्फ 45 गेंदों पर 12 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 115 रनों की तेज पारी खेली। लिस्ट-ए इतिहास की तीसरी सबसे तेज सेंचुरी अनमोलप्रीत का 35 गेंदों में शतक अब लिस्ट-ए इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक है। वे केवल ऑस्ट्रेलिया के जैक फ्रेजर मैकगर्क (29 बॉल में) और साउथ अफ्रीका के दिग्गज एबी डिविलियर्स (31 बॉल में) से पीछे हैं।पंजाब 9 विकेट से जीता पंजाब ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 165 रन के टारगेट को केवल 12.5 ओवर में हासिल कर लिया।

पंजाब ने अरुणाचल के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। अरुणाचल ने पंजाब को 165 रन का टारगेट दिया। पंजाब ने इसे एक विकेट खोकर हासिल कर लिया।श्रेयस अय्यर ने कर्नाटक के खिलाफ नाबाद 114 रन बनाए विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दिन एक अन्य मैच में मुंबई के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कर्नाटक के खिलाफ नाबाद शतक लगाया। उन्होंने सिर्फ 50 गेंद में अपना शतक पूरा किया। अय्यर ने मुंबई के लिए 55 बॉल पर नाबाद 114 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 10 चौके और 5 छक्के भी लगाए। श्रेयस की पारी के कारण मुंबई ने कर्नाटक के खिलाफ 50 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 382 रन बनाए।

न्यूज़ गैलरी

एकेश को डाक्टरेट की उपाधि

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव विकास खंड अंतर्गत ग्राम बोदेला तुमडीबोड निवासी एकेश कुमार साहू को देश के ख्याति प्राप्त गोबिंद वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड से डाक्टरेट की उपाधी दी गई है। उन्होने यह उपाधि मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी विषय मे प्राप्त की, जिनका शोध कार्य रिमोट सेंसिंग एवं जियोस्पेशल टेक्नीक्स के माध्यम से कृषि सूखे की आंकलन पर था। यह शोध कार्य प्रोफेसर अनिल कुमार, हेड आफ डिपार्टमेंट मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी के मार्गदर्शन मे पूर्ण किया। विदित हो कि एकेश कुमार साहू ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से एम टेक की शिक्षा प्राप्त की जिसे विश्वविद्यालय रजत पदक से अलंकृत किया गया था। एकेश कुमार साहू, जिला साहू संघ राजनांदगांव के पूर्व महामंत्री व डोंगरगाँव तहसील साहू संघ के संरक्षक अमरनाथ साहू के छोटे सुपुत्र है। इस उपलब्धि पर पारिवारिकजन, सामाजिकजन इष्ट मित्र व जनप्रतिनिधियो ने उन्हे बधाई व शुभकामनांए दी है।

सोना वर्मा बनीं मंडल अध्यक्ष

खरोरा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी व्दारा संगठन महापर्व का आयोजन कर मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की जा रही हैं। वहीं इस बार रायपुर ग्रामीण ज़िला अंतर्गत खरोरा मंडल का कमान महिला को सौंपा गया। यहॉ ज़िला पंचायत सदस्य एवं पुर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष सोना वर्मा को भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाया गया। सोना वर्मा पुर्व में संगठन के कई बड़ी ज़िम्मेदारी का निर्वाहन कर चुकीं हैं, वे विपक्ष में रहकर भी लगातार कांग्रेस सरकार के ख़िलाफ़ धरना प्रदर्शन में भाग लेती रहीं हैं। इसी के चलते सोना वर्मा को मंडल अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी सौंपा गया। भाजपा ज़िला अध्यक्ष श्याम नारंग व्दारा आज स्थानीय विश्रामगृह में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बैठक कर सोना वर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाने की जानकारी दी गईं। इस दौरान पुर्व विधायक देवजी भाई पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, पुर्व मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर, सूरज सोनी अरविंद ठाकुर, गुलाब टिकरिहा, निलाम्बुज चंद्राकर, दुलेश साहू, दुष्यंत साहू, विकास ठाकुर, दाऊ लाल वर्मा, तोरण ठाकुर, संतोष वर्मा, आत्मा राम, मनीष वर्मा, संतोष यादव, परस नायक, योगेश वर्मा, हिरा राम वर्मा, गैंदराम् वर्मा, सुन्दर वर्मा, दुलेश साहू, जनक यादव, संतोष वर्मा, मुरली वर्मा, खड़ा नंद वर्मा, लीलाधार वर्मा, सुन्दर वर्मा, विजय वर्मा, भूपेन्द्र सेन, सुमीत सेन, निहाल देवांगन, नोबेल देवांगन आदी लोग उपस्थित थे।

आरक्षक भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी आरोपियों को भेजा गया जेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी के लिखित आवेदन पर से थाना लालबाग में आरक्षक भर्ती संवर्ग मे अभ्यार्थीयों को मशीन में छेड़ख़ानी कर अंक में लाभ दिलाने की बात पर से अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 568/24 धारा 318(4),338,336(3),340(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी की सूचना वरिष्ठ अधिकारीयों को कराया गया। दौरान विवेचना के सीसीटीवी फुटेज, मोबाईल चैटिंग मेसेज एवं गवाहो के बयान पर से आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर आरोपी 01. पवन साहू 02. नुतेश्वरी धुर्वे 03. आरक्षक धर्मराज मरकाम 04. आरक्षक योगेश ध्रुर्वे 05. महिला आरक्षक पुष्पा चंद्रवंशी 06. महिला आरक्षक परिधि को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामले की विवेचना जारी है अन्य किसी के भी खिलाफ सबूत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पेट्रोल पंप में 15 लाख की हेराफेरी मैनेजर के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। देवपुरी स्थित एचपी पेट्रोल पंप में मैनेजर द्वारा 15 लाख रुपए की हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुलविंदर कौर भाठिया 63 वर्ष मेग्रेटो सिग्रेचर लाभांडी का रहने वाला है। प्रार्थी का देवपुरी में एचपी पेट्रोल पंप है। जहां आरोपी राजेन्द्र कुमार पटेल मैनेजर का काम करता है। आरोपी ने प्रार्थी के पेट्रोल पंप में काम करने के दौरान पेटीएम से प्राप्त राशि 15 लाख को आहरण करके धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दरभा ब्लॉक : कॉफी उत्पादन ने बदली तस्वीर और तकदीर

कलेक्टर ने कॉफी प्लांटेशन क्षेत्रों का किया निरीक्षण

जगदलपुर/ नवप्रदेश। कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे बस्तर जिला के विकासखंड दरभा अब बदल गया है. अब यहां कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया के सहयोग से हॉर्टिकल्चर कॉलेज कॉफी का उत्पादन करवा रहा है. जिससे यहां के लोगों को रोजगार भी मिल रहा है. साथ ही उनकी आय में बढ़ोतरी भी करा रहा है. इस बारे में बागवानी वैज्ञानिकों का कहना है कि 2017-18 में प्रयोग के रूप में यहां कॉफी अरेबिका की चार किस्मों के साथ कॉफी रोबस्टा की एक किस्म को 20 एकड़ में लगाया गया था। मनरेगा के कन्वर्जन से महिलाओं को प्लांटेशन के इस जगह से रोजगार के अवसर मिला। यह प्रयोग सफल हुआ, 2020 में इसकी कटाई के बाद इससे बने ब्रांड को बस्तर कॉफी नाम दिया गया। इस प्रयोग के सफल होने पर जिला प्रशासन द्वारा ब्लॉक के उरुगपाल-कांदानार, मुंडागढ़ और बास्तानार ब्लॉक में भी कॉफी का प्लांटेशन करवाया गया।

उद्यानिकी कालेज के वैज्ञानिक ने बताया कि जिला प्रशासन ने वन अधिकार मान्यता पत्र धारकों को लंबे समय तक आय का जरिया देने के लिए धान की खेती के अतिरिक्त अन्य फसल को अपनाने के लिए प्रेरित करने के दौरान दरभा विकासखंड के मौसम और वातावरण को ध्यान रखते हुए कॉफी की खेती को बढ़ावा दिया जाने हेतु पहल किया गया। उन्होंने बताया कि उद्यानिकी विभाग के पास विगत 30 वर्षों का क्लाइमेट की डाटा और टोपोग्राफी के आधार पर प्लांटेशन क्रॉप का कार्य योजना बनाई थी। कॉफी खेती के लिए तीन प्रमुख चीजों का ध्यान रखा जाता है जिसमें समुद्र तल से 650 मीटर से अधिक की ऊंचाई, मार्च अप्रैल में 20 एमएम बारिश और छाया की आवश्यकता होती है। दरभा क्षेत्र में समुद्र तल से आवश्यक ऊंचाई और मार्च अप्रैल में बारिश की आवश्यकता पूरी होने तथा छाया के लिए प्लांटेशन क्षेत्र में सिल्वरओक,आम, कटहल, मुनगा, चंद्रिका का पौधारोपण किया गया इसके अलावा पहले मौजूद महुआ के पेड़ों को रख गया। प्लांटेशन से इस क्षेत्र को नई पहचान मिली है कॉफी का उत्पादन भी होने लगा है जिसमें महिलाएं नवम्बर दिसंबर माह में फसल की तुडाई कर कॉफी बनाने की प्रारंभिक चरण को पूरा कर आगे की प्रोसेसिंग हेतु उद्यानिकी कालेज जगदलपुर भेजते है। जहां पर प्रोसेसिंग, रोस्टिंग, ग्राइडिंग कर पैकेजिंग किया जाता है।

लेट होगा अंडरब्रिज निर्माण, जमीन हाथ में नहीं और हो गया शिलान्यास

कोरबा/नवप्रदेश। शहर के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए स्वीकृत वाई शेप अंडरब्रिज निर्माण के लिए जमीन क्लियर न होने की वजह से अधर में लटक गई है। संजय नगर में बनने वाले अंडरब्रिज निर्माण का शिलान्यास हो चुका है। बता दें कि संजय नगर रेलवे अंडरब्रिज के निर्माण कार्य पर पुनः संशय के बादल छाए हुए हैं। संजय नगर सुनालिया रेलवे क्रॉसिंग पर वाय शेप अंडर ब्रिज निर्माण के लिए निविदा पुनः अधर में लटक गयी है। इसकी लागत 30 करोड़ 97 लाख रूपए हैं। परंतु बताया जा रहा हैं की 9 महीने में 90 प्रतिशत तक जमीन अभी तक क्लियर ही नहीं हो पाई है। रेलवे व सिंचाई विभाग की जमीन पर अतिक्रमण को हटाने के बाद ही निविदा की प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। जानकारी के अनुसार उक्त मार्ग पर 95 लोगों के दुकान और मकान प्रभावित हो रहे हैं। जिन्हे वैध एवं अवैध निर्माण के बावजूद सम्मानजनक मुआवजा राशि दिए जाने का कार्य जारी है। पॉवर हॉउस रोड में यातयात के दबाव को कम करने संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज बनाने के लिए पिछले 10 साल से योजना बन रही है। राज्य शासन ने इसे बजट में भी शामिल किया है। लेकिन मद नहीं मिलने से उक्त योजना अधूरी रह गई। प्रदेश में भाजपा की

सरकार बनने के बाद उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने पुनः अंडरब्रिज निर्माण कार्य हेतु पहल की। उसके बाद लगभग 9 महीने पहले कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने अंडरब्रिज के लिए प्रशासकीय मंजूरी का आदेश जारी किया। जिसकी लागत 30 करोड़ 97 लाख 89 हजार रुपए है। इसमें से 50 प्रतिशत राशि रेलवे देगी। 50 प्रतिशत राशि डीएमएफ से खर्च होगी। पीडब्ल्यूडी सेतु निगम इसके लिए तकनीकी मंनूरी भी ले चुकी है। लेकिन परेशानी का सबब रेलवे और सिंचाई विभाग की जमीन पर अतिक्रमण होना है। राज्य शासन ने बड़ी योजनाओं के लिए जब तक 90 प्रतिशत जमीन क्लियर नहीं होगी तब तक निविदा नहीं करने का नियम बनाया है।

कलेक्टर ने जमीन खाली कराने राजस्व, नगर निगम, रेलवे, सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम बनाई है।

65 साल पहले जमीन अधिग्रहित ,परंतु राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण नही

रेलवे ने रेलवे लाइन और सिंचाई विभाग ने नहर बनाने के लिए 65 साल पहले जमीन अधिग्रहित की थी। नहर के सेंटर से दोनों ओर 36-36 मीटर जमीन सिंचाई विभाग की है। लेकिन राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में विभाग के नाम पर नामांतरण ही नहीं हुआ। कई लोगों ने जमीन की खरीद-फरोख्त कर ली है।

3.33 करोड़ का बंट रहा है मुआवजा

अंडर ब्रिज निर्माण से 95 लोग प्रभावित हुए हैं। पहली बार अतिक्रमण कर बनाये गए मकानों का मुआवजा दिया जा रहा है। कुल 3 करोड़ 33 लाख रुपए का मुआवजा वितरण हो रहा है। इसके बाद ही लोग मकान को खाली कर रहे हैं।

निजी जमीन बताकर न्यायालय में दी चुनौती

अंडरब्रिज से प्रभावित स्थल की जमीन को चार लोगों ने अपना बताते हुए जिला न्यायालय में याचिका लगाई है। न्यायालय में मामला जाने से जमीन का मामला उलझ सकता है। इस जमीन को रेलवे अपना बता रही है। वर्ष 1965 में यहां पर 4.57 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई थी। उसके बाद अगर दोनों विभाग अतिक्रमण नहीं होने देते तो परेशानी नहीं होती।

90 फीसदी जमीन क्लियर होने के बाद होगा टेंडर- एसडीओ

सेतु निगम के एसडीओ एके जैन का कहना है कि नियमानुसार 90 फीसदी जमीन क्लियर होने के बाद ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगा। वर्तमान में संजय नगर में प्रस्तावित अंडरब्रिज निर्माण के लिए जमीन को राजस्व की टीम के द्वारा खाली कराया जा रहा है। जमीन क्लियर होते ही टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

खेतों में किसान जला रहे पैरा, फैल रहा प्रदूषण

नगरी/नवप्रदेश। नगरी आंचल में रवि फसल की तैयारी को लेकर किसानों के द्वारा अपने खेतों में लगातार पारा की बच्ची अवशेष को धान की ऊंचाई अपने क्षेत्र में कर दिया गया साथी वहां बच्चे अवशेष को आपके हवाले करती दिखाई दे रहे हैं जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर के द्वारा निर्देशित किया गया था कि परदन किया जाना है ।

इसके संबंध में विभागीय अधिकारी को भी निश्चित किया गया था मगर वही उचित कार्रवाई नहीं होने के चलते किसानों द्वारा अपने खेतों में बचे अवशेषों को आग के हवाले करती दिखाई दे रहे हैं साथी प्रदूषण फैलते दिखाई दे रहे हैं । नगरी सिहावा रोड में पर दिखाई जिसमे इन गांवो के मेन रोड नगरी साकरा उमरगाव घटुला खेतो पर दिखाई दे रहे हैं वही डोगरडूला फरसापानी राजपुर घोंटगांव गांव की ओर दिखाई दे रहे हैं छिपली गोरेगाव फरसिया बोडरा आसपास गांव के दिखाई दे रहा है बिरगुड़ी बेलर बॉसपानी जैतपुरी बरबाधा घुरावड़ गांव के आसपास दिखाई दे रहे हैं ।

विभागीय अधिकारी का उदासीनता के चलती किसानों के द्वारा आज की हवाले कर रहे हैं कृषि विभाग के अधिकारी को गांव गांव इसी जानकारी देने की फुर्सत ही नहीं है इसके चलती है किसानों द्वारा उचित कदम उठाए जा रहे हैं ।

अमित कटारिया को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने 2005 बैच के आईएएस मुकेश बंसल को सीएम सचिवालय में सचिव नियुक्त किया है। मुकेश बंसल वित्त सचिव और जीएडी सचिव हैं। सीएम सचिव के रुप में उन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मुकेश बंसल की नियुक्ति के साथ ही अब सीएम सचिवालय में चार सचिव हो गए हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद लंबे अरसे से प्रभार का इंतजार कर रहे 2004 बैच के आईएएस अमित कटारिया को स्वास्थ्य और स्वास्थ्य शिक्षा विभाग का सचिव बनाया गया है।

फिंगेश्वर की मंजूषा हरित बनी जिले की पहली महिला मंडल अध्यक्ष

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा ने लगातर दूसरे दिन आठ निर्वाचित मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की है। जिसमें राजिम विधानसभा अन्तर्गत दो और बिंद्रानवागढ़ विधानसभा अन्तर्गत छह मंडल के नाम शामिल है। शुक्रवार को निर्वाचन के बाद नवनियुक मंडल अध्यक्ष के नाम जारी किए गए है। इसमें फिंगेश्वर में मंजुषा हरित मंडल अध्यक्ष निर्वाचित हुई। वहीं खड़मा में पंकज निर्मलकर, बिंद्रानवागढ़ में धनराज विश्वकर्मा, मालवांचल में शिव शंकर जयसवाल, मैनपुर में संतोष यादव, गोहरापदर में भोजराम सिन्हा, कांडाडोंगर में नवीन मांझी, देवभोग में जगमोहन पटेल निर्वाचित मंडल अध्यक्ष बने है। यहां क्रमश फिंगेश्वर में रामकुमार साहू, मालवांचल में महेश यादव, बिंद्रानवागढ़ में कुंज बिहारी बेहरा, खड़मा में भागवत हरित, मैनपुर में डमरूधर पुजारी, कंडाडोंगर में संतोष उपाध्याय, गोहरापदर में रिखीराम यादव, देवभोग में अनिल चंद्राकर ने नाम की घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा। ज्ञात हो कि गुरूवार को राजिम विधानसभा अन्तर्गत चार मंडल गरियाबंद, छुरा, कोपरा और राजिम मंडल के लिए अध्यक्ष के नाम जारी किए गए थे। जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष को भाजपा संगठन की ओर से बधाई और शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि भाजपा में संगठन सर्वोपरि है। मंडल अध्यक्ष की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। आप सभी

पूर्ण निष्ठा से काम करेंगे। वही नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने पार्टी संगठन के रीति नीति के अनुसार अपने नवीन जिम्मेदारियों को पूरा करने का संकल्प लिया। पार्टी के मजबूती और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के आम जनता तक पहुंचने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, महामंत्री अनिल चंद्राकर, पुनीत राम सिन्हा, बलदेव सिंह हुदल, नपा अध्यक्ष गफ्फु मेमन, रिखीराम यादव, योगेश शर्मा, महेश यादव, भागवत हरित, आशीष शर्मा, कुंजबिहारी बेहरा, हलमन ध्रुवा, लुद्रक्ष साहू, गुरुनारायण तिवारी, दुलार सिन्हा, सुरेंद्र सोनटेके, धनंजय नेताम, चिरजीव देवांगन, अजय दीक्षित, अनुप भोसले, अजय रोहरा, सुरेन्द्र सोनटेके, प्यारेलाल सोनकर, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, नरोत्तम साहू, पित्तु देवांगन, पप्पु ठाकुर, प्रकाश सोनी, सुरज सिन्हा, यश मिश्रा, खेमसिंह बघेल, रवि चंद्राकर ने बधाई दी।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। मोन्टफोर्ट स्कूल के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक पूरनदास बारले 40 वर्ष ग्राम भेलवाडीह का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, मोन्टफोर्ट स्कूल के पास क्रेटा कार क्रमांक सीजी 10 बीएन 4433 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया।

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना का धर्म कांटा सही पाया गया : निरीक्षक

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव शक्कर कारखाना में किसानों ने धर्म कांटा तोलाई में छेड़छाड़ करने की शिकायत की गई थी। जिसके बाद शक्कर कारखाना के अधिकारियों ने नाप तोला विभाग के अधिकारियों को बुलाकर धर्म कांटा की जांच करवाई है जिसमे किसकी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं किये जाने की बात सामने आई है। दरअसल कुछ किसानों ने भोरमदेव शक्कर कारखाना के धर्म काटा में किसानों के गन्ना को कम तोल कर लिया जा रहा है। किसानों ने रात में कांटा की तोलाई खुद ही कर ली थी। इसके बाद किसानों की शिकायत पर

कारखाना के अधिकारियों ने नाप तोल विभाग को बुलाकर जांच करवाई जिसमे स्पष्ट हुआ कि धर्मकांटा में किसी प्रकार से छेड़छाड़ नहीं किया गया है। जबकि नापतौल विभाग द्वारा समय समय पर जांच करवाई जाती है और नापतौल विभाग द्वारा धर्मकांटा की जांच कर प्रमाण पत्र भी दिया जाता है।

सालेम इंग्लिश स्कूल का 55वां वार्षिक उत्सव मना

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित सालेम इंग्लिश स्कूल ने शनिवार, 21 दिसंबर को अपना 55वां वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया।

कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत दीप प्रज्वलन और प्रार्थना से हुई। छात्रों ने गीत, नृत्य, नाटिका सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस विशेष अवसर पर डायोसस ऑफ छत्तीसगढ़ की बिशप राइट रेव्ह. सुषमा कुमार, विधायक पुरंदर मिश्रा, डायोसस के सचिव नितिन लॉरेन्स, सीडीबीई के सचिव जयदीप रॉबिन्सन, और वरिष्ठ पत्रकार जॉन राजेश पॉल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

प्रधानाचार्या श्रीमती रूपिका लॉरेन्स के मार्गदर्शन में कुल 600 विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ हुई। इसके बाद छात्रों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को नृत्य के माध्यम से बेहद खूबसूरत अंदाज में प्रस्तुत किया। इसी क्रम में स्कूल के 100 छात्रों के समूह ने मधुर 'जीना इसी का नाम है' गीत को ऑर्केस्ट्रा के साथ प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता राजिक हुसैन और सुनील मालवीय ने संयुक्त रूप से किया।

समापन प्रधानाचार्या श्रीमती रूपिका लॉरेन्स के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर सालेम इंग्लिश स्कूल के सीजी बोर्ड प्रभारी प्राचार्य अखिलेश नंद ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बधाई दी।

कायाकल्प... *मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य योद्धाओं को किया सम्मानित, चिकित्सकीय संवर्ग के नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को बांटे नियुक्ति पत्र*

छत्तीसगढ़ में तेजी से हो रहा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार : सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में तेजी से स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मेडिकल कॉलेज रायपुर में आज कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम में स्वास्थ्य योद्धाओं, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया और चिकित्सकीय संवर्ग के नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कायाकल्प से सम्मानित संस्थाओं, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों और स्वास्थ्य योद्धाओं को अपनी शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जब प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ होगा तभी हम विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ हो रही हैं। उन्होंने प्रदेश में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब तक 11 लाख से अधिक लोगों के स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य अमले को बधाई दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि परिवेश की स्वच्छता के साथ ही अस्पताल की स्वच्छता भी बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत का संकल्प लिया था, उसमें अस्पताल की स्वच्छता को भी प्राथमिकता दी गई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सांसद रहने के रहने के दौरान मेरे दिल्ली स्थित निवास में इलाज के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहता था। एम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीज और उनके परिजन मेरे आवास में ही रुकते थे। तब मेरे घर की व्यवस्था देख श्रद्धेय स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव ने कहा था कि तुमने तो अपने घर को मिनी एम्स बना रखा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999